टी०। पूर्वके पदके अर्थकों पुष्ट करत हैं सानुराग नाम अनुराग सहितनिषेध विधि दो पदार्थहैं सेा रामनामको स्मरण करनेा सब विधिनको राजाहै तथा विस्मरण करनेा सब निषेधन्हको शिरताज नाम शिरको भूषण अर्थात् श्रेष्ठहै जगजाल जोजग समूह सेाई फणि नाम सर्प भयो रामनाम महामणि तुल्य तेहमणिके लैलियेतें फणि जो सर्प सेा जिये नाम क्या जीवेहै किन्तु नहीं इहां का कुहै चेत जीवेभी तेा व्याकुल बिहाल हेाकरि रहत है अर्थात् सामर्थ्य हीन

याको यह भाव भयो कि मस्तक की जो मणि ताके लेलिये तें सर्प नहीं जीवत सो किंचित् काल जीवे तौ प्रौरुष हीन रहतहै ताको सादृश्य ऐसो है कि भगवत् भक्तन बिषें दो मार्ग हैं एक प्रवृत्ति द्वितीय निवृत्ति सो महाबीरादि निवृत्ति मार्गनिष्ठ हैं तिनकों जगत् रूप सर्पके मस्तकमणि तुल्य श्रीराम नाम लेलिये ते संसाररूपी सर्प मृतक ह्वैगयो अर्थात् समूल संसार नष्टभयो अरु जनकादिक महात्मा प्रवृत्ति मार्गके आचार्य्य उनकों वा मणि के लेलिये तें वह सर्प जीवै परि व्याकुलहोकरि अर्थात् व्यवहार उनकों बन्धन नहीं करिसकत यह भाव है राम नाम कों कल्पवृक्ष सदृश कहे पर फलके देवे कों अधिक देखावतहैं अर्थात् कल्पवृक्ष चिवर्ग देत है मोक्षनहीं देसकत औ रामनाम रूप कल्पवृक्ष सामीप्यादि पंच प्रकार की मुक्ति देतहै यह आधिक्य है या बचन कों अगिले तुकते साक्षी देकर पुष्ट कियें राम नाम बिषें अनुराग समस्त परमार्थ के साधन कों सार भूत है चेत ऐसो कहो कि अनेक शास्त्र अनेक आचार्य्य हैं सबको तो यह सिद्धान्त नहीं देखिपरत तेहपर कहतहैं कि जेहकों रामनाम मों निष्ठा नहीं तेहकों मति छोड पर तुलसी ऐसे जीवन्ह कों तो यह लोकबिषें जीवनरूप तथा परलोकबिषें आधारनाम समस्त कल्याण कों अवलम्बी यही दो अक्षरहैं अर्थात् यह लोक बिषें हम ऐसे जीव जो कपूत उद्यम हीन खेती चाकरी व्यापारादि कछु करते नहीं केवल श्रीराम नामके अवलंब करि मैदा घीव चीनी मिलत है यह हेतुतें जीवन भयो तथा परलोक बिषें कल्याण करबे कों अवलंबहै तामों बेद शास्त्र पुराण तथा महात्मनकों बचन अरु हृदय प्रमाणहै यहां बेदादि कहतहैं यह पढ़दिये तेहतें प्रमाणकों अपेक्षा भयो सो प्रमाणके बचन श्रुति स्मृतिनहीं लिखिबेमों यहहेतुहै कि महात्मा जो गोसाईं सूर आदि कलिकालके जीवन्ह पर कृपाकरि बेद शास्त्र को रहस्य भाषा प्रबन्ध अति सुलभकरि जनाये ताकों अपने मन्द बुद्धितें बचनिका टीका लिखबे को आरम्भ किये तो भाषा ग्रन्थको अर्थ बचनिका टीकामो संस्कृत श्रुति स्मृति लिखनी अपनेकों अति असंगत बूझि परतहै यह हेतुते प्रमाण कहीं नहीं लिखे न लिखेंगे पर जाको प्रमाण देखबे की इच्छा होय सो सतसंग बिलास श्री

रामायण के सिद्धान्त को सन्दर्भ है वाकों देखि लेनो इहां ऐसो विचारहै कि गोसाईं सूर यहसब जो महात्मा सो वेद शास्त्र पुराण कों हृदय भाषा करि प्रतिपादन किये सो यह महान भक्तन की वाणी भगवत् रसिकन्हके विचारेतें वेदतुल्यहै प्रमाणको अपेक्षा नहीं राखत औ जो विमुख जीव हैं सो वेद को भी प्रमाण नहीं मानते भाषाको पूछे यह विनयपत्रिका ग्रन्थ समस्त सिद्धान्त को आकर है याके ऊपर प्रमाण जो कोऊ देखबे की इच्छा करे तो समस्त वेद शास्त्र पुराण यह प्रमाण सो पर्यवसान होयगे तथापि विशेष वाक्यन्ह को संग्रह श्रीमद्भागवत तत्वभास्करहै विनयपत्रिका विषैं जबनेपदके सिद्धान्तको प्रमाण देखबेकों चाहै सो वासो देखिले यह विचार के ग्रन्थके समाप्तिमो लिखते सो इहां राम नाम को सिद्धान्त निरूपण भयो तेहविषैं गोसाईं यहबचन लिखे कि श्रीरामनाम के प्रभाव कों वेदपुराण पण्डित तथा शिवजू कहत हैं यह प्रसङ्ग करि जो विचार अन्तमों लिखनो रह्यो सो यहांईं लिखे ॥ ६७ ॥

मू० । रामरामरामजोहजौलैतूनजपिहै। तौलौंतू कहूंजायतिहूंताप तपिहै। सुरसरितीरविनुनीरदुखपाइहै। सुरतरुतर तोहिदुख दारिदसताइहै। जागतबागतसुखसपनेनसोइहै। जनमजनम युगयुगजगरोइहै। छूटिबेकोयतनविशेषबांध्योजायगो। ह्वै है विषभोजनजोसुधासानिखायगो। तुलसीबिलोकतिहूं कालतो सेदीनको। रामनामछीकीगतिजैसेजलमीन को ॥ ६८ ॥

टी० । अब रामनाम त्यागकरि जाको अन्य साधनान्तर ते अपने कल्याणकी प्रतीतिहै ताको निषेध करत हैं कहूं जाय नाम स्वर्गऊ में जायपर दुःख नहीं छूटत अर्थात् स्वर्ग के अधिकारी जो इन्द्रादि देवता ताहूको रावणादिकरि नाना दुःख पौराणादि करि प्रसिद्ध हैं गङ्गाजीके तटसो जल व्यतिरेक दुःख पायबे का यह अभिप्राय है कि यह कालविषै ऐसे मनुष्यन्हको देखे हैं कि गङ्गाजी के तट विद्यमानहैं पियास लग्योहै जलनहीं पीवते काहू ने कहि दियो है कि नदीकेजलकरि रोगादि बिकारहोतहैं यहहेतु गङ्गाजीको जल त्याग करि कूपजल ढूंढ़तेहैं अर्थात् गङ्गाजीकेस्वरूपज्ञान व्यतिरेक किनारे पररहिकरि भी नहींपीवेहैंतथाकल्पवृक्षके निकटगयेहू स्वरूप जाने

व्यतिरेक दरिद्रता बन्यो रहतहै बागत नाम चलते अमृत को सन्यो भोजन तुल्य जो ज्ञानादिसाधन सो विष तुल्य नाम तेहकरि मरण होतहै अर्थात् जन्ममरण छूटवेके अर्थ ज्ञानादि शास्त्रप्रतिपादनकरे हैं सो कालके प्राबल्यकरि जीविकाके अर्थ संसाररूप होयहै इतने उक्तञ्हिकरियह जनायेकि रामनामावलंब व्यतिरेक जेतने सुखदाई साधनसो दुखदाई होतहैं ताकोयह अभिप्राय है कि कलिकालमो नामावलंब व्यतिरेक दूसरो साधनको अभाव महात्मा व्यासादिके सम्मतकरि निश्चयकियो है तेहनामको त्यागकरि अन्य साधनकरि सिद्धियह कालमोनहीं होतयह भावहै अनेक साधन सम्पत्तिकरि समर्थहैं सो यह सिद्धान्तको न स्वीकारकरैंतो मतिकरोपर हेतुलसीतोसें दीनजीवन्हिको तो श्रीरामनाम त्यागकरि दूसरीगतितीनो लोक तीनोकालमो नहींहै जैसे मछलीको जल ॥ ९८ ॥

मू०। सुमिरसनेहसोंतू नाम रामरायको । सम्बरनिसंबरकोसखा असहायको। भागहै अभागहूको गुणगुणहीनको। गाहकगरीबकोदयालदानिदीनको। कुलअकुलीनकोसुन्योहै वेदसाखि है। पागुरकौं हाथपांयआंधरेको आंखिहै। मांयबाप भूखेको अधार निराधारकों सेतुभवसागरकोहेतुसुखसारको। पतितपावनरामनामसोंन दूसरो। सुमिरिसुमुमिभयो तुलसी सो ऊसरो ॥ ९९ ॥

टी०। कैसोहै नाम कलेवाहीनको कलेवाहै अर्थात्यह लोकमो प्रसिद्धहै कि हजारों बैरागीहजारों कोसफिरतरहत हैं पर कोऊ खरच बांधिकरि नहीं जात केवल श्रीरामनामके शरणकरि भोजन की चिन्ताकरनोनहीं पड़े सुखपूर्वक मिलतहै तथा परमार्थ सम्बन्धकरि जेह जीवन्हिको बैकुण्ठादि गमनहैताहूको यही कलेवा है अर्थात् सुखपूर्वक पहुंचावने वालो है तथा असहायको सखाहै अर्थात् पुत्रादि जो सेवाकरने वाले ताको त्यागकरि भगवन्नाम के अवलम्ब करिजे बैठेहैं ताको सैकरों जीवशिष्यहोकरि सेवारूप सहायकरत हैं यह अर्थहै अभागेकोभागहै अर्थात् जीविकाके अर्थनानाव्यापार करतहैंतथापि अपनेस्त्री पुत्रादिको पालननहीं है सकत सोजोजीव श्रीरामनामके अवलम्बतें सर्वउपायको त्यागकरि निरुद्यम विचरत

हैं सेा सैकरों जीवन्हिको पालनकरतहैं अरुसमस्त जगतगुरुकीनाईं पूजनकरतहैं यह प्रत्यक्ष ऐसऊ मलीन कालमेा देखिपड़त है तथा गुणहीनको गुणहै अर्थात् गुणकरि आदरहेात है सेा नामावलम्बी को आदर परमेश्वर करतहै अन्यजीवन्हिकी कवनगिनती गरीबको गाहक अर्थात् जेहतें कोऊपरिश्रम अपनेा कल्याणकेअर्थनहै सकैतेह जीवको रामनाम ग्रहणकरतहै तथाजीवन्हिकों दयालदानी अर्थात् घेार साधनपरिश्रमतें सिद्धहेातहै यह परिश्रमहीन कृतार्थकरतहै अकुलीनको कुलहै यह वार्तासुन्यो है महात्मन्हके मुखकरि अरु वेद साक्षीहै अर्थात् युधिष्ठिरके यज्ञविषैं चैलेाक्यके महात्मा एकचभये रहे साक्षात् भगवानऊ अरपरहे परयावत् खपचनहीं आये तावत् पञ्चजन्यशंखनहीं बज्यौतथा दण्डकारण्यमेां अनेक ब्रह्मर्षिविद्यमान रहे पर श्रीरघुबर सेवरीके आश्रमपर गये तथापंगुको हाथपांव हैं अर्थात् पांवकरि चलनेाहेातहै सेा नामावलम्बकरि ब्रह्मलेाकपर्य्यन्त जाइबेकी गतिहेातिहै कोमदेाकोसकी कवनकहै तथाहाथकरि ग्रहणहेातहै सेा नामावलम्बतें अतिसामान्य जीवसेाऊ भगवतऐश्वर्य को ग्रहणकरतहैआंधरेकोआंखिहैअर्थात् आंखिमेंबड़ी तेजज्योतिहेाय तौबिगड़ादेाबिगड़ाकी वस्तुसूझेहै नामावलम्बीकोंतेाजगतकोपरमेश्वरका सत्यकस्वरूप सूझत है भूखेको मायबाप अर्थात् हेतु रहित कृपनऊको अवश्यपालनकरने वालेाहै निराधारको आधार अर्थात् सर्वसाधन हीनको मरणपर्य्यन्तजेा स्मरणहेायतौ परलोकके कल्याण को आधारहेातहै यासेा अजामिलकी कथा प्रसिद्ध है संसार समुद्र को बांधहै अर्थात् बांधके ऊपर लंगड़ालुञ्जासब निबहतहै तैसे सब जीवन्हिको नामपार करतहै सुखकोसार जेा पञ्चप्रकार की मुक्ति सामीप्यादि ताकोहेतु नामकारणहै निश्चयसिद्धान्तकरि कहतहैंकि अन्यसाधन ज्ञानादि पावनजीवको पावनकरतहै पर पतितजीवनके पावनकरिबेको नाम त्यागकरि दूसरेानहींतासेा प्रत्यक्षप्रमाण देखावतहैं कि ऊसर इक्षीतुल्य जेा तुलसी सेाऊ सुन्दर भूमिहेात भयेा कि जासेा रेंगनीनलगै तासेाकेधरि लगतिभई अर्थात् सबगुणहीन जेा तुलसीतेहविषैं ज्ञानभक्ति वैराग्यादि महान गुणकों उदयहेात भयेा यह भावहै ६८ ॥

मू०। भलीभलीभांतिहैजो मेरेकहेलागिहै। मनरामनामसोंसुभाव अनुरागिहै। रामनामको प्रभावजान जुड़ीआगि है। सहित सहायकलिकालभीरुभागिहै। रामरामनाम सोंबिराग योग जागिहै। बामबिधिभालहूनकर्मदागदागिहैं। रामनाममोद-कसनेहसुधापागिहै। पाइपरितोषतूनद्वारद्वारबागिहै। काम तरुरामनाम जोइजोइ मांगिहै। तुलसीदासस्वारथ परमारथ न खांगि है॥ १०॥

टी०। रेमन जौ मेरे कहेमो लागिहै नाम लगेगोतौ भलीभांति ते भलो होयगो अपने कहनेको जनावतहैं कि रामनामसोंस्वभाव पूर्वक अनुरागकर राम नामके प्रभावको जुड़ी आग जानु अर्थात् देखबेमो कथन मों कोऊ प्रकारको ताप नहीं देखिपरत परनिषाध रूपजो कलिकालसों अपने सहाय सहित डरिकरि भागतहै अर्थात् जो राम नामके आश्रयी जीवको ग्रहण करेतौ जरिजाय जैसे पाला सबको शीतल प्रतीति होत है परन्तु तृणादि को जलावत है तैसे नामप्रभावको शीतल है कलिकालमात्रको अग्नि रूप ह्वै करि जलावे है यद्वा जूड़ीनाम शीतकरि जो कम्प ताको जैसे आगि दूरकरतिहै तैसे जूड़ी सदृश कलिकालताको रामनामरूपी आगि नाश करतहै यह भावहै जो रामनामतें अनुराग होयतौ संसारतेंजोवैराग्यतथा योगादि जो साधनसो आपै लागिहै नाम प्रकाश होयगो टेढ़ो जो ब्रह्मासो ललाटके कर्मरूप दागतें न दागेंगे अर्थात् जेह जीवके भाग्य मो सुखनहीं पूर्वजन्म विषैं कोई शुभकर्म न कियोहै ताकों ब्रह्माटेढ़े हैं पर रामनामके अवलम्बको जो करे तौ टेढ़ो जो ब्रह्मासो दुख रूपि जो कर्मको दाग तेहतें नहिं दागि सकते अर्थात् यद्यपि नरकादि योग्य जन्मान्तरीय कर्महैं तथापि राम नामके शरण करि नरकादि क्लेशललाटमें नहींलिखते रामनाम रूपीमोदक नामलाड स्नेहरूपी घृततें पग्योजो तोकोमिलै अर्थात् प्रीतितें उच्चारणकरेतोतेहलाडू करि जो परितोषनाम संतुष्टताको पायकरिफेरतू दरवाजें दरवाजें पर न बागिहै नाम न फिरेगो अर्थात् रामनामके अवलम्ब सेभग-वतरूपके प्राप्तिकरि परमसंतुष्टकी प्राप्ति होतिहै तेहहेतु करि द्वार द्वार तुल्य जो नाना साधन अनेक उपासना ताकी वासनानिवृत्त

होति है लोकपरलोकके सुखदेवेको तो कल्पवृक्ष रूप रामनाम तेरे तें जो जो तू याचेगो सो तुलसीदास कहतहैं कि स्वारथजो अर्थधर्म काम और परमारथजो मोक्षसो न खागिहै नाम न घटैगो ॥ १० ॥

मू० । ऐसेऊ साहबकी सेवा सो होत चोरे। आपनी नबूझनकहै कोराड़ रोरे। सुनिमन अगमसुगम मायाबापसों। कृपासिंधु सहज सनेही आपसों। लोकवेदविदित बड़ोरघुनाथसों। सबदिनसब देशसबहीकेसाथसों। स्वामीसर्वज्ञसो चलैनचोरचारकी। प्रीति पहिचानयहरीतिदरबारकी। कायनकलेशकेशलेतमानिमनकी सुमिरेसकुचिरुचिजोगवतजानकी। रीझैवशहोतखीझैदेतनिज धामरे। फलतसकलफलकामतरुनामरे। बेचेखोटोदामनभिखौ न राखेकामरे। सोऊ तुलसीनिवाज्योऐसोराजारामरे ११ ॥

टी० । ऐसऊ खाविन्द के सेवा सों रेमन तू चोर होत है नाम बिलगहोतहै अपनीतौ तोकोंबूझनहीं न कहैको नाम और केकहे के माने नहीं अर्थात् जाको अपनो हितआप बूझिबेकीबुद्धिनहींसो और के कहेतें अपनेहितको आचरण करतहै सोतू और के कहेको भी न मानतहै तो तूराड़है नामनीचहै तथा रोर है नामक्रूर स्वभाव है यहराड़ रोरदोऊलोकोक्ति है कैसो खाविन्दसो जनावत हैं सुनिन्हके मनकोंअगम अर्थात् मनमो जोनआवैसो केवल प्रीतिकिये पिताभाता तुल्यसुगमहोतहै अर्थात् अयोध्याबासी ब्रजबासिन्ह कों अति सुलभ करि प्राप्तभये प्राप्तहोबेमों हेत कहत हैं कृपाके समुद्र स्वभावकरि जीवके सखासनेहि नाम स्नेह करने वाले आपसों नाम अपने ओरतें अर्थात् केहूकालमों जीवकों परमेश्वर भूलते नहीं गर्भ ऐसो निषेध स्थानतहूंऊ पालनकरत हैं यहहेतुते सहज सखा कहे पूर्वोक्तको पुष्टकरतहैं लोकवेदमों विदितहै कि रामजू तें बड़ोदूसरो नहीं सो सर्वदिन नाम भूतभविष्य वर्तमान सबदेश नाम स्वर्ग नरकादि काल नाम निमेषादि वर्षपर्यन्त सबहीके नाम कीटते ब्रह्मपर्यन्त परमेश्वर अपने ईश्वरता तथा कृपालुता करि साथ सो नाम संग नहीं छोड़त हैं सर्वज्ञ स्वामी सों चोरी नहीं चले है चारकी नाम दूतकी अर्थात् सामान्यजो बुद्धिमान राजा होत है तेहते दू-

तादि जौं राज्यके अधिकारी ताको कपट नहीं छिपे है और यह परमेश्वर रूप स्वामी सर्व काल मो बाह्य अन्तष्करण के द्रष्टा तेह प्रभुतेरिन्दगी कैसे छिपेगी यह विचार निःछल होकरि स्वामी को सेवन करु चेत पूछो कि कौन सेवा करों तेह को कहत हैं केवल प्रीतिकी पहिचान करनो यह दरबारकी रीति है ऐसो सन्देहमति करु कि चाकरी करने मों बड़ो क्लेश होतहै ऐसो मीरघुबर के चाकरी विषै शरीरके क्लेशको क्लेशऊ नहीं केवल मनकी मानि लेत हैं अर्थात् निष्कपट होकरि प्रीति पूर्वक सम्मुख होनो यतनोई चाकरीहै चेत यह पूछे कि चाकरी कहा मिलैगी तेह कों जनावत हैं कि स्वर्ण कियें तें संकोच युक्त होकरि जनके रुचि को जोगवत हैं अर्थात् केवल स्वर्ण माच चाकरी तें जो २ रुचि अर्थधर्म काम मोक्ष पर्यन्त सेा देतहैं इतनों देकरिभी संकोच करत हैं कि याके चाकरी के महत्वहम न दिये अब अति पूर्वता स्वामीको देखावतहैं कि जेह दासके ऊपर रीझे ताके वश होतहैं अर्थात् महावीर के ऊपर रीझे ताके आधीन भये और कहे कि हम तुमते छुटण नहीं अर्जुनादि के दासवत् व्यवहार कियें ऐसे अनेक प्रसङ्ग हैं तथा जेह जीव के ऊपर खीझे ताको निजधाम नाम मोक्ष देतहैं अर्थात् रावणादि को क्रोधकरि मारेपै मोक्षदिये जेह मोक्षकोअनेक साधनकरि मुनिसब बाञ्छाकरतहैं ऐसो दुर्लभ पदार्थ जाके क्रोध को फलहै ताके रीझि के फलको को कहिसके तथा नामजाकोकल्पवृक्षरूप सब फुलको फले है यहां सकलपद मोक्षको सूचितकरे है अर्थात् कल्पवृक्ष मोक्ष नहीं देसकत नामरूपी कल्पवृक्ष मोक्षऊ देतहै यह विशेषहै अब नाम को कृतार्थ करिबेमो प्रत्यक्ष प्रमाण देतहैं बेंचेते खोटोदाम न मिले अरु राखे कछू कामकी सिद्धिनहीं अर्थात् निरुद्यम मनुष्य को को।ऊनहीं पूछै तेा ऐसो तुलसी ताको नेवाज्यो नाम अपनो कियो ऐसे रामजू राजा हैं रेनीच सम्बोधन है रेमन यद्वारे जीव ऐसे स्वामी ते विमुख होनो उचित नहींहै यह भावहै ॥ ७१ ॥

मू०। मेरोभलोकियो रामआपनीभलाई। होतोसाईंद्रोहीपैसेवक हितसाईं। रामसेबड़ोहैकौनमोसों कौनछोटो रामसेखरो हैकौनमोसोंकौनखोटो। लोकक हैरामकोगुलामहौं।कहावों।

एतोबड़ोअपराधभवनमनबावों । पायमाथेचढ़ेतृणतुलसीजो
नीचो । बोरतनबारितादहिजानिआपुसींचो ॥ ७२ ॥

टी० । ऊपर नेवाज्यो कह्यो ताको पुष्टकरतहैं मेरोभलो रामजी कियो सेा अपने भलाई करिहौं तो स्वामी द्रोही अरु स्वामी को स्वभाव सर्वकाल सेवकको हितैहै अर्थात् ऐसे स्वामीते बिमुखहोनेा यही द्रोहहै तथा बिमुखको प्रेरणा करि अपने सन्मुख करनेा यही स्वामीको हित करनेा है खरो नाम दोषरहित समस्त बिश्वमेाको रामको गुलाम कहतहैं सेा जब मैं कहावत हूं तब कहतहैं इतने बड़े अपराधतेंभी स्वामी को मन इमतें बावौं नाम टेढ़ो न भयो अर्थात् जेहिके दासानुदासके दास कहायबेको अधिकार नहीं सेा साक्षात् स्वामीको दासकहावे यह बड़ो अपराधहै पै अपनी कृपालुताकरि स्वामी अपराधको भूलि कल्याण करतभये सेा कहत हैं कि सामान्य जेा कोऊ बड़े २ हैं सेाऊ अपने आश्रितके अपराधको क्षमाकरतहैं तेा श्रीरघुबर ऐसे स्वामीमें यह आश्चर्य नहींहै पाथ जेा जल ताके माथे पर तृण चढ़तहै जेा तृण अति नीचोहै अर्थात् जलतें तृण उत्पन्न होतहै तेा जेहिते अपनी उत्पत्ति तेहिके माथेपर चढ़नेा यह बड़ो अपराधहै तथापिबारिजेाजलसेा तेहतृणकोबेारत नाम डुबावतनहीं अपनेा जानिकरि अधिकसींचेहै तेाजड़न्हको यह गुण है त्रैलोक्यनाथ जेा श्रीरघुबर तेहके गुणको कोकहिसकै ७२ ॥

मू० । जागुजागुजीवजड़जोहैजगयामिनी । देहगेहनेहजानिजैसेघन दामिनी । सोवतसपनेसहैसंसृतिसन्तापरे । बूझ्योचाहेमृगबारि खायोजेवरिकोसांपरे । कहैवेदबुधतूतोबूझमनमाहिंरे । दोषदुख सपनेकेजागेहीपैजाहिंरे । तुलसीजागेतेजायतापतिछंतापरे । रामनामशुचिरुचिसहजसुभायरे ॥ ७३ ॥

टी० । रे जीव जड़ जागु २ इहां जीव को जड़ कहे सेा अपनेा कल्याण नहीं देखत है तेही हेतुतें जागु जागु दो बार निश्चय कर अर्थकहे जागिकरि कहाकरनेा सेा कहतहैं जेा हेनाम देख जगत् रूप रात्रिको अर्थात् जगत अंधेरीरात्रि सदृशहै वामेा जेा गाफिल भयौ तेा कामक्रोधादि जेा बटपार सेा मारिलेंगे बचेगेा नहींऐसेा बिचारकरि जागु अर्थात् जगतको पीठ दैकरि भगवान के सन्मुख

होउ यह भावहै जागवे को स्वरूप देखावत हैं देह गेह को जो नेह ताको मेघ विषैं जैसे बिजुली तैसे जान अर्थात् देहादि के नश्वर ताको जब निश्चय होय तब जानिये कि भयो पूर्व जगेके लक्षणको कहिकरि अब सो एक स्वरूपको देखावतहैं जो सोयो है सो संसृति नाम संसारके सन्ताप को सहत है कबन सन्ताप सो कहत हैं मृग तृष्णा के जलमो बूड़िमस्यो जेवरिके सांपने खाइलियो अर्थात् अविद्यारूप निद्रामो जो परयो सो झूठ जो मृगतृष्णाके जलसदृश संसार प्रवाह तामो डूबतहै इहांजन्म मरणकरि नानायोनि विषे भ्रमभय अर्थात् आत्मानित्य अविनाशीताको मरणको भयहोनो यहीजेवरि को सांपको खानोभयो बेदबुधनाम पण्डितकहतहैं तथा तुहूं अपने मनमो बूझुकि स्वप्नको दोष दुखजो पूर्वकहै सो जागेही तें जाइरे नाम नष्टहोतहै पूर्वजो जागबेको लक्षणकहे तैसेजो जागतहै ताको त्रयतापको जो तापसोजाय नामनष्टहोतहै तबरामनामविषैं शुचि नाम पवित्ररुचि सहज स्वभावकरि होतिहै यह अर्थहै ॥ ७३ ॥

मू०। जानकीशकीकृपाजगावतीसुजानजीव जागिजागिमूढ़तानुरागु श्रीहरे। करिविचारतजिविकारभजिउदाररामचन्द्रभद्रसिंधु दीनबंधुबेदवदतरे। मोहमयकुहूनिशाबिशालकालबिपुलव्याल सोयोखोयोसो अनूपरूपस्वप्नजूपरे। अबप्रभातप्रकटज्ञानभानुके प्रकाशबास नाशशोकमोहदोष निबिड़तमटरे। भागेसदमान चोरभोरजानियातुधान कामक्रोधलोभ क्षोभनिकरअपडरे। देखतरघुबरप्रतापबीतेसंतापपापतापचिबिधिप्रेमआपदूरहीं करे। श्रवणसुनि गिरागंभीरजागेअतिधीरवीरबरबिरागतोष सकलसन्तआदरे। तुलसिदासप्रभुकृपालनिरखिजीवजनबिहाल भंज्योभवजालपरममंगलाचरे॥ ७४ ॥

टी०। जानकीश जो श्रीरघुबर ताकी कृपासुजान जीवको जगावे है कि जागिकरि मूढ़ताजो अज्ञानरूप निद्रा ताको त्यागिकरि श्रीहरिविषैं अनुरागकरु बिचारतेविकारजोनानावासनाताकों त्यागिकरि उदारजो श्रीरघुबर भद्रनाम कल्याणके समुद्रदीन जीवबन्धुकेबंधु नाम हितकारी जाको बेदबदत नामकहतहैं रेमन ताको भजु मोह जो अज्ञान तनमय कुहू निशा नाम अमावस की राति भई राची

चारपहरकी होतिहै यह अज्ञानरूपी रात्रि विशाल नाम बड़ी है बहुत जौं कालनाम समय सोई बड़ा सर्पभयो तामेंजो सोयो भ्रम में पड़करि अपनो अनूपनाम आश्चर्य जो स्वरूपसत चैन्यनाम आनन्द लक्षणजाको ताको खोयो तेहिरात्रिके समाप्तभो प्रभातरूपजोज्ञान सोईसूर्य्यताको उदयहोनोसोई प्रकाशसहजतेहिकरि संसारसम्बन्धी जो नाना वासना सरोगनाम रोगसहित हुहां जेहवस्तु भो वासना भई ताके नहींमिलेतें जो क्लेशहोतहै सोईरोगभयो तथा मोह जो अज्ञान द्वेष जो अवरको हानिविचारनो सो सबनिबिड़नाम सघन तमनाम अन्धकार सो टरैनाम नाश भये तब मद जो बाहर प्रकट नाम जो गुप्त अभिमान सोई चोरभये भोरजानिकरि तथा यातुधान जो निशिचर तत्तुल्य कामक्रोध लोभ क्षोभ नाम मन की चञ्चलता ताको निकर जो समूह सो अपडरेनाम प्रभुता अपनी नहीं करि सकेहैं यहरीतितें रामजीके प्रतापके देखत सन्ताप जो संसारकरि क्लेश तथा पाप तेहिकरि जो त्रिविधि ताप दैहिक दैविक भौतिक देहिक ताको श्रीरघुबर चरणबिषैं जो प्रेम सोई आप नाम जल भयो सो पूर्वोक्त तापको दूरिकियो ऐसे प्रभाव युक्त जो पूर्वोक्त गंभीर बचन ताको श्रवणकरि अत्यन्त जो धीरवीर अर्थात् संसारके जीतनेवाले जो जीव सो जागतभये जागिकरि संसारके लश्कर जो काम क्रोधादि ताके जीतवेके अर्थ श्रेष्ठजो वैराग्य तोष जोसन्तोष सकलपद ते क्षमा करुणा विवेकादि सोई सुभटभये ताको सन्तजन जोगहैं सो आदरेंनाम सत्कारकरि राखतभये संसारके जीतिबेके अर्थयह रीतिकरि तुलसीदास कहतहैं कि प्रभुजो कृपाल सो जीव जनकों बिहाल देखिकरि संसारके जालकों भंज्योनाम तोड्यो परममङ्गल को आचरणकरतभये अर्थात् सन्मुख जीवन्हके दुखकोनाशकरिसुख देतभये यह अर्थहै ॥ ७४ ॥

मू० । खोटोखरोरावरेहोरावरेसोझूठो क्योंकहौंगोजानौ सबहिके मनकी । करमबचनहियेकहेनकपटकियेऐसेहठ जैसीगांठो पानीपरेसनकी।दूसरोभरोसोनाहिंबासना उपासनाकोबासव बिरञ्चिपुरनरसुनिगणकी । खारयकेसालीमेरेहाथी खानखो· वादेईकाहूतोनपीररघुबीर दीनजन की । साप सभा सवार

लबारभये देवदिव्यदुसह सासतिको जौ आगेही यातनको।
सांचेपरोपावोपानपञ्चनमेपनप्रमाण तुलसीचातक आश्रराम
श्यामघनको ॥ ७४ ॥

टी०। खोटो खरो तुमयेहू आपसेा झूठ कैसे कहूंगो झूठ नहिं कहवे मों हेतु कहते हैं कि अन्तर्यामी रूपते आप सबके मन की जानत हौ कर्म बचन हृदयते कपट छोड़िकरि ऐसे हठ मेरे जीमाहै कि जैसी पानी पड़ेतें सनको गिरह अर्थात् नहीं छूटत तैसेा मेरो हठहै अब तेहू हठको जनावत हैं दूसरो भरेासेा नाहिं नाहिंनाम दूसरो जेा साधन सेामेरो कल्याण न करैंगे बासनानाम स्वर्गादिकी प्राप्ति सेाऊनहीं तथा उपासना इन्द्रादि देवता सम्बन्धी ताहूकी इच्छा नहीं काहे न हिंसा करतहैं स्वारथके साथी नाम सेवारूप स्वारथ चाहत हैं मेरे नाम हमते हाथी श्वानको सेवादेई नाम लेनेादेनेा करनेवालेहैं अर्थात् भरि जन्म जब जनकी सेवा करें समस्त आयुर्बल रूप जेा हाथी लयकरि तब श्वान रूप जेा स्त्री पुत्र धनादि नश्वर विषय सेा देतहैं काहू को तेा हेरघुबीर दीनजनकी पीर नहीं अर्थात् तूआ देवेको जेासमर्थ ताके ऊपर प्रसन्नता असमर्थ जीव हम ऐसे पर छपा नहीं यह हेतुतें सबके आश को त्याग करि आपके शरणहौं चेत आप कहेा कि ऐसी निष्ठा तुम्हारीनहीं केवल बातबनावतहौ तेहपर कहतहैं सांपसभानाम सांपके दिव्यको सभासावर नाम सावर मंचजीते मंचित जेा सांप तेहदिव्यके सभा मेा हेदेव जौ हम लबार भये नाम हारे तब न सहबे योग सासती जेा पीड़ाई या तनकी नाम सब शरीरको सेा आपकरेा आगेनाम आपके आगेहै अर्थात् भगि न जायगेा सांचे परोनाम जेा दिव्य के सभामेा सांचेभये अर्थात् जीते तेा एकबीड़ा पानपाबो जेहतें पांचन नाम पंच लेाग जेा आपके भक्त तिनमेा मेरे प्रतिज्ञाको प्रमाणहेाय कवनको प्रतिज्ञा सेा कहत हैं कि तुलसी पपीहा के महश्रराम रूप जेा स्वाती को श्याम मेघ तेहते भक्तिरूप जलके प्राप्तिको आशकियो है यह अर्थहै ॥ ७५ ॥

मू०। रामकेगुलामनामरामबेालाराख्येारोम कामयहैनामहैहौंकव-
हूंकहतहौं। रोटीलुगानीकैराखेंआगेहूं काबेदभाखें भलेा ह्वैहै

तेरोतातेंआनन्दलहतहौं। बांध्योहोकर्मजड़गढ़गूढ़निगड़सुनत दुसहहोंतौसहतिहौं। आरतअनाथनाथकोशलपालकृपाल लोन्हींछीनदीनदेख्योंदुरितदहतहौं। बूझ्योजोंहींकह्योमैंहूं चेरोहौंतेरोबरोजूमेरोकोऊकहूं नाहिंचरणगहतहौं। मींजो गुरुपीठअपनाईगहिबाहबोलिसेवकसुखदसदाविरदबहतहौं। लोगकहेंपोचसोचनशोचसंकोचमेरे ब्याहनबरेखी जातिपांतिन चहतहौं। तुलसीअकाजकाजरामहीसे रीझेखीझे प्रीतिकी प्रतीतिमनमुदितरहतहौं॥ ७६॥

टी०। श्रीरघुवरके गुलामभये मेरो नाम रामबोलो ऐसो रामजू राख्यो सेाऊ नवीन किंकर होत है तब वाको काम सुपुर्द होत है सेा मेरो इहै काम भयो कि द्वै नाम द्वैअक्षरको जोनाम यहा दोऊ स्वरूप श्रीजानकीजू श्री रघुवरजूको नामहो नाम हमकबहूं कहत हौं अर्थात् चाकरीकी सुलभता देखावतहैं कि कबहूं कबहूं नाम मात्र कहनो एतनी ये चाकरीहै यहा प्रार्थना करतहैं कि हेरघुवर अपने गुलाम कै मेरो नाम राम बोला राखेा चेत पूछौ कि कवन उद्यम करोगे तोमैं दूसरो कामको नहीं हौं इहै काम मोकों देव कि तुम्हारो नाम द्वैअक्षरको कबहूं कबहूं कहत हौं नाम कहत रहूंगो एहअर्थ बिषै राख्यो पाठको राखेा कियो तथा राम राम संबोधन दो बार आदरके अर्थ है अब चाकरीके फलकहतहैं रोटी शब्द वस्त्रमात्रको करिभोजन ग्रहणहै लुगाशब्दतें वस्त्रमात्रको ग्रहण भयो अर्थात् इच्छा पूर्वक भोजन नीके राखेनाम नीकी प्रकारतें देत हैं एहतें यहलोकको प्रयोजन सिद्धभयो अब परलोकको सुचिताई जनावतहैं कि आगेहूं को नाम परलोकको बेद कहत हैं कि तेरो भलेा ह्वैहै अर्थात् बेद ऐसो गवाही परलोकके कल्याण को बिश्वास देतहैं तातें आनन्दकों प्राप्तहेातहौं अर्थात् भगवत् सेवाकरि लोक परलोक दोऊको निर्वाह सुख पूर्वक होतहै यह विचारि जीवको सेवक होनेके अर्थ यत्नकरनेा अवश्य चहिये यह उपदेशहै रामजके किंकर भयेके पहिलेको स्वरूप कहतहैं शुभअशुभ कर्म जोजड़ ताने हमको बांध्यो गर्व जेा देहादि अभिमान सेाई गूढ़ नाम छूटेलाय क नहीं निगड़नाम बेड़ी तेहकरि जेह बन्धनको पीड़ा सुनतमात्र

दुसह सांसतिकौं हम सहतहैं यह दशा विषैं हम पुकारे हैआरत अनाथन्ह के नाथ हे कोशलपाल कृपाल चाप करो यह मेरी आरतबानी सुनिकरि तेहु बन्धनतें लीन्हों छोरि नाम छोरि लेत भये अत्यन्तदीनदशा तथा दुरितजोपाप तेहते हमकेजलते। देख्योबूझ्यौ नाम मेरी दुर्दशा देखि पूछतभये कि तेरो कौन प्रयोजन है ज्यौंहीं नाम जबस्वामी ऐसेपूछ्यौ तबमैंहूं कहतभयौं कि रावरो चेरोनाम नौकरहूंहै चेतयकहो कि जोबिकैहै सोकाहूकेबेचेते तेहपरकहत हैं कि मेरोकोऊ कहूंनहींहै अर्थात् अवलंबरहित अनाथहौं ताते आपके चरण को गहत हौं भीजे। गुरुपीठ नाम गुरुरूप जो स्वामी सोमेरी पीठिठोकै अपनोकरि बोलि नाम बोलायबांह पकड़े तबतें सेवकन्ह कों सुखदेने वाको सर्व्वदा विरद जो बाना बहत हों नाम धारण करतहौं अर्थात् रामजूको बानाभक्तनको सुखदाईहै सोबाना भगवत् नामतथा तिलकादि हमग्रहण करतभये यहा गुरु पीठनाम बड़ी जो पीठताकों मीजोनाम ठोको तथा बोलिनाम बोलायबांह पकड़ि अपनोकरो काहे कि सेवकके सुखदेवेकों बाना बहतहोनाम धारण करतहौ यह प्रार्थनाहै गुलाम होनो नीचको काम है यह संदेहको छोड़ावतहैं लोग मोकों पोच नामशुद्र कहेंगे सो मोकों सोच तथा संकोच नहींहै काहे कि व्याह करनो नहीं तथा बरेषी नाम अगुआई अर्थात् व्याह करावनो सोऊनहीं अरु जाति पांति नहीं चाहतहौं। तब जगत्के निंदाकरबे को कौन चिन्ताकेवल अपनो अकाज श्रीरघुवर के खीझेतें तथा रीझेते सुकाज यही जो प्रीतिकी प्रतीति मनविषैं तेहतें आनन्द रहतहैं। यह अर्थहै यह पदके विषै प्रथम तुकमें तथामी जो गुरुपीठ याहूतुक विषैं श्रीरामजूके प्रत्यक्षतःकरि अपनी कृतार्थता कहे तहां ऐसो संदेहभयो कि ऊपरभी साधन अवस्था विषै अपने प्रार्थना किये तथा आगेहू वाही प्रकार विनय करत जातहैं मध्यमें यह पद विषैं सिद्धावस्था को सब रूप भगवानको ग्रहण करनो कह्यो तहां पूर्वा पर के विचारेतें असंगत होतहै तेहदूषण को छोड़ावे के अर्थ यहा करि देऊ तुकको अर्थ साधना अवस्था को स्वरूप प्रार्थना करि ग्रन्थन कों लगाये औ चेत पहिले अर्थको प्रमाण करैं तौ यह समाधान है कि सिद्धावस्थाको

मनोराज्य करतहै काहे कि मनोराज्यको अवरुद्ध पद कहेंगे यह हेतुतें पहिलेउ अर्थमें दूषण नहीं अथवा विनयपत्रिका विषैं एक एकपद जोहै वाकीमें अभिप्राय परि समाप्त होत है पूर्वापर के संगति को यह ग्रन्थविषै संदेह नहीहै यह अर्थहै पूर्वोक्त जो सब गुण कहे मो विचारकरि तुलसी तुम्हारो किंकरभयो इतनी प्रार्थनाहै कि न्यारो कै नाम उक्तमदासन्हितें पृथक्करि जहांगरीब गुलामन्हिकी गिन्ती होय तहां मैंहूं गिनेजाउं अर्थात् मेरो अधिकार नीचन्हके योग्य है अपने मेलमों रखवे कों सब इच्छा करत हैं ॥ १६ ॥

मू० । जानकिजीवन जगतजीवन जगतहित जगदीश रघुनाथराजीव लोचनराम । शरदविधुवदन सुखशील श्रीसदनसहज सुन्दरतन शोभाअगनितकाम । जगसुपिता सुमातु सुगुरुसहित सुमीत-सबको दाहिनोदीनबंधु काहुकोनबाम । आरतिहरण शरणद अतुलितदानि प्रणतपालकृपालपतितपावननाम । सकलविश्व-बंदित सकल सुरसेवित आगमनिगमकहै रावरेई गुणग्राम । हहै जानिकै तुलसी तिहारोजन भयो न्यारोकै गनिबो जहां गनेगरीबगुलाम ॥ ११ ॥

टी० । यह पदमें शब्दार्थ स्पष्टहै ॥ ११ ॥

मू० । देवदीनकोदयाल दानिदूसरोनकोई । जाहिदीनता कहौंहौं दीनदेखौंमोई । मुनिसुरनरनागअसुरसाहबतौघनेरे । पैतौलौं जौलौंरावरेन नेकुनयनफेरे । त्रिभुवनतिहुंकाल विदितबदतवेदचारी । आदिअन्तमध्यराम साहबीतिहारी । तोहिमांगि मांगनो नमांगनोकहायो । मुनिसुधाव शीलसुयश याचकजन आयो । पाहनपशुबिटपविहगअपनेकरिलीन्हें । महाराजदशरथकेरङ्करावकीन्हें । तूगरीबकोनिवाजहौंगरीबतेरो । बारक कहियेकृपालतुलसीदासमेरो ॥ १८ ॥

टी० । हे दीनजीवको दयालदानी दूसरो कोऊनहींहै चेतकहो कि यह तुमकैसे जानेतेहौंपर कहेहैं कि मैं अपनी दीनताको बज्रत-न्हतें सुनायो जेहते अपने दीनता छूटवे की प्रार्थना किये ताहू को दीन देखभये अर्थात् स्वतंत्र ऐश्वर्य काहूको नहींदेवतादि अपने २ घरमो रहब नाम खाविन्द तो बज्रतहैं पैतौलौं उनकी साहबी है

जौलौं आपनेकुनाम किंचित् अपने नेचन्हकौ नहीं फेरतहौ अर्थात् यावत्कृपा कटाक्षहै तावत् इन्द्रादिको ऐश्वर्य है भौंहके टेढ़े भये कोऊ ऐश्वर्यमान नहींहै एकरस केवल आपैकी चाहनीहै सेा वेद सब कहिरहेहैं अबअपने याचनेमों हेतुकहत हैं कि जो याचकआप कोयाचे सेा फेर याचकन कहावे अर्थात् पूर्ण कामहौ सेा अपनेा गुण देतहै यही शील स्वभाव तथा सुयश सुनिकरि यहजन याचने को आयेाहै कौनै२ दीनको अयाचीकिये सेा कहतहैं पाहन जेा अहल्यापशु जेा बानरभालु बिटप नाम यमलार्जुन यहा जेह २ वृक्ष कोऊपर दृष्टिपड़ी सेा सब कल्पवृक्ष रूपहेात भये विहंगनाम जटायु जेा गृद्ध है ऐसे अनेकन्ह कौ आप अपने करि लियेहै महाराज दशरथके पुत्र जेह २ को अपनेा कियेा सेा २ रङ्कजोदरिद्री ताको राजा करिदिये सेा ऐसे आपैहौ अब आपनी प्रार्थना कहत हौं कि आपको बाना ग़रीब नेवाज है और मैं ग़रीब हौं तुम्हारेा दरबारके सेा चतुर्वर्गादि जो ऐश्वर्य ताको नहीं चाहतहै श्रीमुखतें एकबार आपकहिदेव कि तुलसी मेरेाहै यह गोसाईंकी चतुराईहै कि प्रत्यक्षमेा कछुनहीं याचेपर जबस्वामी अपनेा कहैतबकौन गुण कौन ऐश्वर्य तेहको न हेातहै यह अर्थ है ॥ ७८ ॥

मू० । देवदयालदीनहौं तूदानिहौं भिखारी। हौंप्रसिद्धपातकी तू पापपुंजहारी॥ नाथतूअनाथको अनाथ कौनमेासों। मेासमान आरतनहिंआरतहरतेासों। ब्रह्मतूहौंजीवहौंतूठाकुरहौंचेरो। तातमातगुरुसखातूसबबिधिहितमेरो। तेाहिमेाहिनातेामनेकमानियेजेाभावै। ज्यौंज्यौंतुलसीकृपालचरणशरणपावै ॥ ७९ ॥

टी० । आपदयाल मैंदीनदृष्टांतैं लैकरि सखा पर्य्यन्त यह बारह नाताकहे यहके ऊपरकहतहैं कि अबकेतनो कहैं सब प्रकार करि आपमेरे हितहेा जाको एक संबंध हेातहै सेा तेहको देख दुखी नहीं हेाने पावतयह सामान्यमनुष्यन्हकी रीतिहै आपत्रैलोक्यनाथ ताको कहा कहनो हम अपने जीते पूर्वोक्त सर्व संबंध कोमानत हैं परआपको जो भावेसेा एक कोऊ मानिलेव जेहतेहि प्रकार करिहे कृपाल तुलसी चरणके शरणको पावे यह प्रयोजन है ॥ ७९ ॥

मू० । देवऔरकाहिमांगियेकोमांगिबोनिवारे। अभिमतदातारकौन

दुखदरिद्रदारे। धर्मधामरामकामकोटिरूपरूरो। साहबसब विधिसुजानप्रानखड्गसूरो। सुसमयदिनद्वयनिशानसबद्वारबाजै। कसमयदशरथकेदानितैंगरीबनिवाजै। सेवानिर्गुणविहीनदीनतासुनाये। जेजेतैंनिहालकिये फूलेफिरतपाये। तुलसिदासयाच करुचिरजानिदानदीजै। रामचन्द्रचंदतूंचकोरमोहिंकीजै ८०

टी०। चेतकहौ औरतें मांगो सेा नहीं काहे कि जो मांगबे को निवारै नामदूर करैतथा वांछित कर्थकौं देखदरिद्रता कोंदारेनाम नाश करै ताहीसों मांगनो चतुर याचक को चाहिये सेा आप को छोड़ि और कौन है तेा जब दूसरो कोऊ नहीं तबहम केहतें मांगें आपकैसे हौधर्मको गृहकोटिन्ह कामतें रूपहैरोनाम अति सुन्दर जाकोतथा सबविधितें सबके साहब हौसुजान नाम हृदयके ज्ञाता हौदानरूप जोखड्गतामेा सूरहौ अर्थात् सूरजोहैं सेातरवार चलाबने मेा अति अह्लाद पावत हैं तैसे आप आनन्द तेंदानदेत हौ यह भावहै चेत कहेा कि और भी दानी बहुत हैं तेहपर कहत हैं कि सुसमयनाम सुन्दरसमयमेा अर्थात् जब भाग्यकी उदय है तेह करि पूर्ण ऐश्वर्य बन्योहै तब दोदिननिशाननाम नगारासबके दरवाजेपर बजतहैं औकुसमय के विषें दशरथ के पुचहेदानि आप ग़रीबन्ह को निवाजतहेा अर्थात् पिता के आज्ञा करि अयोध्या ऐसी राजधानी त्याग करि बनप्राप्त भयौ ऐसक समयमेा प्राणतें अधिक प्रिया जो जानकी महाराणी तबकोहरण भयो ऐसी जोविपत्तिकी समय ताहू मेा विभीषण सुग्रीव ऐसेदीन को इहलोक परलोक के ऐश्वर्य करि पूर्णकरत भये सेवातें तरक सर्व गुणहीन जो अपनी दीनता सुनाये सुनिकरि जेह तेहको आप निहाल किये सेा आपके कृपादान को पाय करि फूले फिरतनाम पूरण अभिलाष होकरि आनन्द विषै मगनहैं अर्थात् सेवरी अहल्याने कौनसेवाकरी तथावानर भालुमेा कौनगुणहै परवेद शास्त्र तेह सबको आपके अनुग्रह के संबंध करि कृतार्थरूप कहतहैं एकांगी प्रीति याचतहैं अक्षरार्थ स्पष्टहै ॥ ८० ॥

मू०। दीनबंधुदुखसिंधुकृपाकरकारुणीकरघुराई। सुनहुं नाथमनजर तहिंबिधिजरकरतफिरतबौराई। कबहुं योगरतभोगनिरतमठ हठबियोगवशहोई। कबहुं मोहवशद्रोहकरतबहुंकबहुं दया

अतिसोई। कबहुंदीनमतिहीनरंकरत कबहुंभूपअभिमानी। कबहुंमूढ़पंडितबिडम्बरतकबहुंधर्म्मरतज्ञानी। कबहुंदेखजग धनमयरिपुमयकबहुंनारिभयमासे। संसृतिसन्निपातदारुण दुखबिनुहरिकृपाननासे। संयमजपतपनेमधर्मब्रतबहुभेषजसमुदाई। तुलसीदासभवरोगरामपदप्रेमहीनतनहिंजाई॥ ८१॥

टी०। ऊपरके तुकमेा सब संबेाधनहै हेनाथ आप सुनो त्रिविधि जेा अध्यात्म अधिभूत अधिदैव को जेा ताप सोईभयो चिदाभक ज्वर तेह करि मन मेरोजलत है तेा जब अतिज्वर को ताप होतहै तब अनर्थक बचन बेालतहै तैसे मेरोमन नाना प्रकारकी बौराईकरत है पूर्वजेा बौराई कहै ताको देखावतहैं कबहुंजब मृत्युकारण होत है तबयोग विषैं तत्पर होतहै तथा जब अति अज्ञान को आवरण भयोतब परमेश्वर करअपनीमृत्यु देाऊ भूल्यो शरीरको अचल बुझि भेाग मेा तत्पर होतहै कबहुं शठ मन हठात्कारतें वियेागकेबश होत है अर्थात् स्त्री पुत्रादि अपने रुचि अनुसार न चले कुछकलह किये तबयह विचारभयेा कि यहदुखरूपहै इनको छेाड़नेाई उचित है कबहुंमेाह बशहेाकरि द्रोहबुद्धितन्हतें करतहै अर्थात् देह पुत्रादि विषैं ममताकी अधिकी होतिहै तब औरन्हके द्रोहतें द्रव्यादि उपार्जन करि पालन खालन करतहै सेाईमन कबहुं अतिदया करतहै अर्थात् भाग्याधीन जबकबहीं सत्सङ्गको प्राप्तभये तब सज्जनन्हके सुखतेहिंसा को दोषसुनि जीवविषै दयाकरनेा यहभाव होतहै कबहुं दीनहोत है अर्थात् कोई प्रियबस्तुको नाशभयेा अथवा रोगादि ग्रसित भयेा तब दीनता ग्रहण करतहै मतिहीन नामजबकोऊ पदार्थ विषै अति लेाभहोतहै तब अपने स्वार्थ बश मतिभ्रष्ट होतहै एकतर नामकोई कार्य्य प्रारम्भकिये वाको सिद्धि अपने पौरुष ऐश्वर्य करि न भयेातब औरन्हते दरिद्रीके भावको ग्रहणकरि प्रार्थना करतहै कबहुंअभिमानी राजा होतहै अर्थात् जेहकालमेा कोऊगर्ज न रह्यो तबऐसेा चित्तहोतहै कि हमऐसेादूसरो कोऊनहीं कबहुंमूढ़नाम जबकोऊ निषेधमेा अतिरूप भयो तब कोऊ को बुझाये। बूझत नहीं कबहुं पण्डित होतहै अर्थात् आपसावकाश मेा रहै तब औरन्हको बुझावतहै बिडंबरत नाम कबहुं प्रतिष्ठकी रुचिभई तब जगतके देखाइबे

कौं विशेष आडंबर करनलगे तथा कबहुं स्वर्गभोगकीकामनाभई तो धर्ममेा तत्परभये ज्ञानीनाम कबहुं काहूके सुखतें आत्माको स्वरूप सुनिपाये तो हमहीं ब्रह्म हैं ऐसेा कहन लगे तथा कबहुं द्रव्य मेां अति लेाभ भयो तो समस्त जगत धनमय देखे काहूते अति विरोध भयो ते सचुमय विश्वको देखतभयो कबहुं अति कामदेवके आधीन भयेतो समस्तजगतस्त्रीमय भासतभयो यहपूर्वोक्त संसृतिनाम संसार रूप सन्निपात जेा मारकरोग अति कठिन तेहते उत्पन्न जो दुख ताको हरिकृपा बिन यह जीवनहीं नाशकरि सकैहै चेत यहकहेा कि एकरोगको औषधि अनेक होतहैं तैसे याहू रोगको संयमादि बहुत औषधि को समूहहै पर तुलसीदासके विचारतें श्रीरघुवरके चरण कमल के प्रेम बितरेक भवरोग नहीं जात है अर्थात् अन्य जो संयमादि साधन तेहकरि संसाररूप रोग कम होतहै पर निर्मूल नहीं जात जरते नाश करबेको केवल भगवत् अनुराग मुख्य औषधि है यह अर्थहै ॥ ८१ ॥

मू० । मोहजनितमललागबिबिधिबिधिकोटिजंयतनजाई। जन्मजन्म अभ्यासनिरतचितअधिकअधिकलपटाई। नयनमलिनपरनारिनिरखिमनमलिनविषयसंगलागे। हृदयमलिनबासनामानमदजीवसहजसुखत्यागे। परनिन्दासुनिश्रवणमलिनभयेबचनदोषपरगाये। सबप्रकारमलभारलागनिजनाथचरणबिसराये। तुलसिदासबतदानज्ञानतपशुद्धहेतुश्रुतिगावै। रामचरणअनुरागनीरबिनुमलअतिनाशनपावै ॥ ८२ ॥

टी० । पूर्णपद बिषैं संसार रूप रोगकों भगवत् अनुराग मुख्य औषधिकहे तेहरोगको प्रबलता देखावतहैं मोहतें उत्पन्न जेा मल बिबिध प्रकार करि लग्यो है अर्थात् जीव को मलिन कियेा है सेा रामानुराग व्यतिरेक और कोटिन यत्नकरि नहीं जात तेहिरोगके प्रबलतामेा हेतु कहतहैं कि जन्मजन्मको जेा अभ्यास तेहकरि निषेधबिषें तत्पर जेाचित्त तेहमेा अधिकअधिक बिषया सक्तिरूप जेा मलसेा लपटि रह्योहै अबजैाने अभ्यासकरि मल होतहै सेा देखावत हैं नाना संसारी बासना तथा अभिमान अरुमद करि हृदय मलिन भयो जीवसहज सुखके त्यागकियेतें अर्थात् स्वाभाविक जेा सुखरूप

अपनो स्वरूप ताकेभूलेतें जीवमलीनभयो यहसब प्रकार कोमलको भारनाम समूह जीवकोंलग्यो सेा अपनेस्वामीके चरणकमल विस्मरण कियेतें अर्थात् जीवके मलीन होवेको हेतु अनेक पूर्वकहे पर सुख हेतु भगवन्त विमुखता है संसाररूप रोगकों देखायकरि पूर्व पदमें जो रामानुराग रूप औषधि मुख्यअन्य साधनगौन सिद्धान्त कियेवाहीकों पुष्टकियो शब्दार्थ स्पष्टहै ॥ ८२ ॥

मू० । कछुह्वैनआइगयौजन्मजाय। अतिदुर्लभतनुपाइकपटतजि भजेन राममनवचनकायालरिकाईबीती अचेतचितचंचलता चौगुनी चायजौबनज्वरयुवतीकुपत्यकरिभयोचिदोषभरिमदनवायामध्य वयसधनहेतुगंवाईक्षुधीबनिजनानाउपायारामविमुखसुखलह्यो। नसपनेहुंनिसिबासरतयौतिहुंताय। सेयेनहिंसीतापतिसेवक साधुसुमतिभलि भक्तिभाय। सुनेनपुलकितनकहे नसुदितमन कियेजेचरितरघुबंशराय। अघौचतमणिबिनुभुअंगज्यौंबिकल अंगदलेजराघाय। सिरधुनिधुनिपछतातमींजिकरकोऊनमीत हितदुसहदाय। जिन्हलगिनिजपरलोकबिगास्यौतेलजातहेा तठाढ़ठांय। तुलसीअजहुंसुमिरिरघुनाथहि तस्यौगयंदजाके एकनाय ॥ ८३ ॥

टी० । यहपद विषैं अपने द्वाराअन्य विमुख जीवन्हको स्वरूपकहि उपदेशकरत हैं कछू ह्वै न आइ जन्मजाय नाम व्यर्थ गयो चेत यह कहेा कि नाना प्रकारको भेाग बिलास किये व्यर्थ कैसे कहत हौ तेह पर कहत हैं कि मनुष्यको शरीर अति तुर्लभ पाय करि कपट जो नाना कामना ताको त्यागकरि मन बच काय करि रामजू को नहिं भजे अर्थात् स्त्री पुत्रादि विषय सूकर कूकर योनि सेाभी प्राप्त होत है मनुष्य शरीरको दुर्लभता केवल भगवत भजनके अर्थ है यह भाव है केह कर्तव्यता तें जन्म व्यर्थ भयो तेह को देखावत हैं बाल्य अज्ञान करि गयो कुमार किशोर को पाय करि चित्तविषैं चंचलता की चौगुनी चाव भई और अवस्था के अपेक्षातें चौगुनी कहैं यौवन ज्वर रूपताभेा स्त्री भेाग रूप कुपथ्यकरि त्रिदोष भयो नाम कफपित्त वायु तीनोंके प्राबल्यकरि त्रिदोष ज्वर होतहै सो इहां राजस सामग्रीको भागतामसी जो मदिरा जुवा बेश्यादि सात्विकी स्वर्ग को

भोगयही त्रिगुणमई वासना त्रिदोष तुल्यहै त्रिदोषभयेपर वायु होत है सेा कामदेव रूप वायुकरि भरिनाम पूर्ण होत भयो अर्थात् जब वायु होतहै तौ भलोबुरो बोलबेको बिचारनहीं रहततैसे इहांकौन कार्य करना कौन न करना यह बिचारते भ्रष्टभयो युवावस्था कहि अब आगेकों स्वरूप कहतहैं मध्यवयस नाम दृढ़त्वयुवा के मध्य को जो वय क्रम सोधनके अर्थ गंवायो छषी जो खेतीवनिज नाम क्रयविक्रय करनेा यह नाना उपाय करि मध्य अवस्था गयौ बाल्यते ले करिके मध्य अवस्था पर्यन्त सुखकेवास्ते नानाकर्म किये पर श्रीरामजूतें बिसुखहोय केाऊ कर्मकरि सुख स्वप्नऊमेा न पायौ राचिदिवसतिहूं ताप नाम अध्यात्मादि जो त्रयताप तेहतें तयो नाम जलतरह्यौ जो करबेकों चहिये सेा नकियौ श्रीरघुवरको तथातिनके सेवक जो साधु सुन्दरमति जिनकी तिनको भली भक्ति भाव करि नहीं सेवन किये तथा जीवन्ह के कल्याणार्थ श्रीरामजू नानाचरित किये ताकोपुलकांकित होकरि न सुने औ न आनन्द मनकरि कहे सब गेाचकरि है मणि वितरेक जैसे भुअंगनाम सर्प अर्थात् कुमारतें मध्य अवस्था पर्यन्त शरीरमेा पौरुष रहेहै तेह पौरुषरूप मणिको व्यर्थ व्यापार मेा समात करि अवसरा जो दृढ़त्व सेा घाय नाम अपने प्रहारकरि दलेनाम पीसतिहै तेहकरि अंग सब बिकलभये अब माथको पीटि हाथको मलिकरि पश्चात्ताप करतहै यह दुसह दाहनाम नहिं सहबेयेाग्यजो दृढ़त्वरूपडाढ़ालग्यो तबकोऊमित्रहितकारी नहींहोत जेहकेअर्थअपने परलोककोबिगास्योतेसबठांव नामनिकटठाढ़होत लजात हैंअर्थात् जेहस्त्रीपुत्रके अर्थजन्मकों खेायेसेा दृढ़त्व अवस्था मेा बातनहींपूछत यह रीतितें दुर्लभ जो जन्मताकों खेायकरि क्लेश के समुद्रमेा पड्यो जेा जीव ताकों तुलसी कहतहैं कि अबहूं श्रीरघुवर कों स्मरणकरु चेत यह कहे कि मेरेा आयुर्बल नष्ट भयो अब स्मरण कियेते कहा होयगेा तेहपर कहतहैं कि गजेन्द्रजाके एकबारनाय जोनाम सेा कहिकरि क्लेशतें पार भयेा ऐसेा बिचार करि जितनी आयुर्बल रहि गई है तितनी करि भगवत् भजन करनेा तेह करि अवश्य कल्याण होतहै यह सर्व सम्मत है ॥ ८३ ॥

मू० । तौतूपछितैहैमनमींजिहाथ । भयेाहैसुगमतेाकेाअमरअगमतनु

सुखसाधनहरिबिमुखहठथा जैसेघृत फलहतहितमथेपाथ। यहविचारितजिकुपथसंगति चलिसुपन्थ मिलिभलेसाथ। देखुरामसेवकसुनिकीरतिरटहिं नामकरिगा नगाथ।हृदयआनुधनुवाणपाणिप्रभुलसेसुनिपट कटिकसेभाथ। तुलसीदासपरिहरिप्रपञ्चसबनाउरामपदकमलमाथ। जनिडर पहिते।सेअनेकखलअपनायेजानकीनाथ ॥ ८४ ॥

टी०। पर्व उपदेश किये ताको न माने तेहप्रति कहतहैं अकाज नामव्यर्थ चेत ऐसे। कहे। कि हम सुखके निमित्त अन्यसाधन करेंगे तेहप्रति कहतहैं भगवत् बिमुखकों सुखको अर्थ जो साधन सो व्यर्थ है जैसे घीके वास्ते जो जलकों मथे तौ परिश्रम फल होत है यह विचारकरि कुपथनाम वेदशास्त्रजाको निषेध कहतहैं कुसंगतिनाम भगवत् बिमुखको संग ताको त्याग करि सुपथ जो बेद मार्ग तामेा भलेसाथ जो साधु संगतिनते मिल करि चलु अर्थात् सर्व इन्द्रिहकों कुमारगते सुमारग विषैं चलावने। यहभावहै इन्द्रिय सब निर्विषय नहीं रहि सकतिहैं यह हेतुतें विषय देकरिसंसार निवृत्तिकरतहै यह तुलसीमें नेच करण जिह्वा हृदय शब्दकरि मन बुद्धि चित्त इतने इन्द्रिन्हको विषै दिये शरीर विषैं मस्तक श्रेष्ठ है ताहू को कर्तव्यता कहत हैं कि समस्त प्रपञ्चको त्यागकरि रामजू के चरणकमल विषैं माथको नमितकरु अर्थात्नानाविषयभोगके अर्थ दीनहोकरिअनेक विषयी जीवन्ह के आगेनमितहोतहैसे। त्यागकरि रघुबरकों प्रणाम करु चेत यह कहेकिभरिजन्म नानाप्रपञ्चकिये अबयह कर्तव्यता तें कहा होयगोतेहपरतुलसीदासकहत हैं कि अपनीपूर्वकरनी विचार करि मतिडरतोसेअनेकखलन्हको स्वामी अपनो कियेहै अर्थात् छल त्यागकरि जबहींशरणहोय तबहीं कृतार्थ होतहै ॥ ८४ ॥

मू०। मनमाधवकोनेकुनिहारहि। सुनुगठसदारंकके धनज्योंछणछण प्रभुहिसंभारहि। शोभाशीलज्ञानगुणमन्दिरसुन्दरपरमउदा-रहि। रंजनसन्तअखिलअघगंजन भंजनविषयबिकारहि। जौं विनयोगयज्ञव्रतसंयमगयोचहहिभवपारहि। तौजनितुलसि दासनिशिवासरहरिपदकमलबिसारहि ॥ ८५ ॥

टी०। रे मन तोकों उचितनो ऐसेहै कि दरिद्री जैसे अपने धन

को नहिं भूलतहै तैसे प्रभुको संभारहि नाम स्मरणकरु जो ऐसो न बनेतो रेमठ नेकनाम किञ्चित् तौ भगवान को देखुजौने विषय के निमित्त अन्यजातहै सो कौन विषय कौनगुण ऐश्वर्य भगवान में नहींहै सोई सब गुणदेखायेजौ योगादि साधनके क्लेशरहित संसार निवृत्तिकी इच्छाहोय तौ तुलसीदास कहतहैं कि भगवानको अहर्निशि मतिभूल ॥ ८५ ॥

मू०। इहैकह्यौसुतबेदबहूं। श्रीरघुबीरचरण चिन्तनतजिनाहिनठौर कहूं। जाकेचरणबिरंचिसेइनितसिधिपाई शंकरहूं। शुकसनकादिमुक्तबिचरततेउभजनकरतअजहूं। यद्यपिपरमचपलश्री संततथिरन रहतिकतहूं। हरिपदपंकजपाइ अचलभइकर्म वचनमनहूं। करुणासिंधुभक्तचिन्तामणिसेवाभासेवतहूं। और सकलसुरअसुरईश सबखायेउरगछहूं। सुरुचिकह्यौसोइसत्य तातअतिपरुषवचनजबहूं। तुलसिदासरघुनाथ बिमुख नहिं मिटैबिपतिकबहूं टरैं ॥

टी०। अपने सिद्धान्तमेा प्रमाणदेतहैं स्वायंभुवमनु के पुत्र उत्तानपाद ताकी दोउ स्त्री सुरुचि सुनीति सुरुचिके उत्तम पुत्रसुनीतिके ध्रुवजूसेा राजाको ममता छोटीसी जो। सुरुचि तापर विशेषरह्यौ एक समय सुरुचि के साथ बैठे उत्तमको गोदमेा लियेरहे ध्रुवजू के पांच वर्षकी अवस्थाखेलतेऊये राजाके निकटआयकरि सिंहासनपरजावे को चाहे राजा न बोलायो तेहसमयमेा सुरुचि बोलतिभईकि तुम बालक अज्ञानहौ राजसिंहासनके ऊपर चढ़िबे की इच्छाहोय तो तपस्यातें भगवानको आराधनकरि मेरेगर्भते उत्पन्नहोउ तबराज्य पद मिलेगो यह वचन सुनिकरि यद्यपि अवस्था छोटीरही तथापि क्षत्रीको बालकनहीं सहिसकै रोवते२सुनीतिजो अपनी माता तेह के निकटआये और बालकन्हके सुखतें वृत्तान्तसुनिकरि सुनीति बोलतभई सेा वचन सब पूर्व गोसाईं कहिआये अक्षरार्थ स्पष्ट है यह कहतभई कि हे पुत्रकरुणाके समुद्र भक्तन्हके चिन्तामणिरूप जाके सेवाहूं करते जीवको शोभाहोतहै अर्थात् सेवाधर्मनीचहै पर भगवान की सेवा बड़ाई देतिहै चेत बालक हौ अज्ञानते ऐसी जाकी बुद्धिहोय कि और कोऊकी सेवाकरें तो शीघ्र प्रसन्नहोय सेा नहीं

काहे कि और जो सकल देवता असुर जो ईश कहावत हैं सो सब को उरग छह्न नाम छः जो सर्प ताने खायलियो अर्थात् षट्ऊर्मी शोक मोहक्षुधा पिपासा जरामरण यही छवों सर्परूप तेहतेको ऊ सुर असुर बच्यो नहीं तो आपै जो दुःखरूपहैं सो तुमको सुखी कैसे करैंगे यह भाव है यह हेतुतें उत्तमपद प्राप्ति के अर्थ भगवान को आराधन करबे को सुरुचि जो मेरी सौति वाने कह्यो सोई बात सत्यहै जबहूं नाम यद्यपि अति परुषनाम अतिकठोर बचन कह्यो तथापि रामजूतें बिमुख जीवको विपत्तिकाहू प्रकारते नहीं छूटत यह सर्व सम्मतहै यह तुलसीदासजू अपने मनको उपदेशकिये सोई सब जीवोंको बूझनो चाहिये यह अर्थ है॥ ८६॥

मू०। रे मन मूढ़ सिखावन मेरो। हरिपद बिमुख काहू न लह्यो सुख यह समुझ सबेरो। बिछुरे ससि रबि मन नयन हते पावत दुख बहुतेरो। भ्रमत अमित निसि दिवस गगन महँ तहँ रिपु राहु बड़ेरो। यद्यपि अति पुनीत सुरसरिता तिहुँ पुर सुयश घनेरो। तजे चरण अजहूँ न मिटत नित बहिबो ताहू केरो। छुटै न बिपति भजे बिनु रघुपति श्रुति सन्देहु निबेरो। तुलसिदास सब आस छाँड़ि करि होहु राम कर चेरो ८७।

टी०। भगवत् बिमुखीको सुखनहीं यह पूर्वपदमो कह्यो वाहीको फेर पुष्टकरतहैं रे मूढ़मन मेरीशिक्षा को सुनु भगवत्पदबिमुख भये काहू ने सुख न पायो है यह सबेरो समुझु श्रेयठ अर्थात् यावत् मनुष्य शरीर है तावत् सबेरा है यद्यावत् पौरुष शरीर विषे है तावत्सबेरोहै समुझलेपहिलेतुकभो यहकह्यो कि भगवत्पद बिमुख भयेकाहूने सुख न पायोसो देखावतहैंसाक्षात्जगत्के कारणजोसूर्य भगवानके नेत्रतें तथा चन्द्रमा मनते पृथक्भये सो बहुतदुख पावतहैं कौनदुख सो कहत हैं भ्रमण करत अमित होत हैं रात्रि दिवस आकाशविषैं ताहूपर राहु ऐसोबड़ो शत्रुबन्यो है अर्थात् जगत के कारणरूप जोचन्द्र तैसोसूर्य सोऊ भगवानतें पृथक्भये घूमत फिरत हैं तथा शत्रुतें त्रिसितहैं अन्य जोतुच्छजीव बिमुखहोय ताकेलेखको को कहिसकेहै यहभावहै जगतके पावन करनेवाली जो गंगा सोऊ चरणके त्यागकियतें स्थिरताकेसुखको छोड़िकरि बहोफिरतहैं तुच्छ

जीव विमुख होकरि संसार प्रवाहमें बहै यामेंकहा कहनो वेदको हृदय प्रमाण देकरि सिद्धान्तकों दृढ़करतहैं अक्षरार्थ स्पष्टहै ॥ ८७ ॥

मू०। कबहुंमनबिश्रामनमान्यौ। निसिदिनभ्रमतबिसारिसहजसुख जहंतहंइन्द्रिन्ह तान्यौ। यद्यपि विषयसंगसहै दुखदुखविषम जालअरुझान्यौ। तदपि न तजतमूढ़ ममताबस जानतहूं नहिं जान्यो। जन्मअनेककियेनानाविधिकर्मकीचचितसान्यौ। होइ नबिमलबिवेकनीरबिनुवेदपुराणबखान्यौ। निजहितनाथपिता गुरुहरिसोंकरषिहृदयनहिंआन्यौ। तुलसिदास कष्टषाजाय सरखनतहिजन्मसिरान्यौ ॥ ८८ ॥

टी०। जीवके सुखनहीं प्राप्तहोनेमें हेतुकहत हैं कबहुं तो यामन विश्राम न मान्यौ काहे नहींमान्यौ तामेंहेतु कहतहैं सहज सुख जो स्वरूपानन्द ताकों बिसरण करि रात्रिदिवस विषय बासनामें भ्रमतहै ताहूमें हेतुकहतहैं जहांतहां इन्द्रिन्हने तान्यौ है अर्थात् जौने जौनेको विषय तौने तौने विषयमें तेहितेहि इन्द्रिन्हके साथ खींच्यौ फिरत जैसेनटको बन्दर यद्यपि विषय सम्बन्धकरि नाना दुःख भोगकरतहै विषमजो जाल विषयरूप तामें अरुझान्यौ नाम बझि करितेहको जानिकरिभी नहीं जान्यौ नामनहीं छोड़तहै तेहनहीं छोड़बेमेंहेतुजेहतेंवामेंअतिममता बसमूढ़भयोहैतेहममताहै। बेकों हेतुकहतहैं अनेकजन्ममें कियेजो नाना विधानके कर्मसोई भयो कान्दो तेहविषें चित्त सनिगयो है अर्थात् फलके अर्थ कर्मकियेतेह फलके वासनारूप ह्वै रह्योहै इहां हेतुरूपभावहै मनकेविश्राम नहीं मानेते जीवको संसार में मन इन्द्रिन के आधीन होकरि चंचल भयो नानादुखको अनुभव कियेहूं नहीं छोड़ै सो ममताबसतेह ममता होबेमें कर्मके फलकी जोबासना सोई हेतुभयो यह क्रम है यहदुःखतें छूटेकैसे ताकोउपाय कहतहैं निर्मलजल बितरेकाकान्दो नहीं धोयेजात सो इहां बिमल जो बिवेक नाम परमेश्वर सत्य अन्यत् मिथ्या सोई जलरूप तेहकरि कर्म बासनारूप कीच छूटतहै यह वेदपुराणको सम्मतहै तेह बिवेक के नाशहोबेमें हेतु कहत हैं अपनोहित स्वामीपितागुरु ऐसोजो हरिताकों हर्षकरि हृदयबिषें नलेआयेतौ तुलसीदास कहतहैं कि संसारको क्लेश कैसे जायतामें

दृष्टान्तदेतहैं पिपासाके दूरकरबेको सरोवर खोदनेलगे सो खोदतेर जन्मसमाप्त भयो जलमिल्यौ नहीं तो पिपासा कसे अर्थात् कूआं के खोदबे समान विषयसंपादनके अर्थ नानायत्न तेहकरि सुखहोयगो यही बासना जलतुल्यभई सो जैसे मरुस्थलमें कूआं खोदनेलगे तहां जलहै नहीं तौ कैसे मिलैतैसे विषयमेा सुखहै नहींतौ विषयके प्रयासकरि सुखकैसे मिलैसो जबविवेकको उदयतब विषयादि विषय मिथ्या ज्ञानहोयसो विवेक परमेश्वर बिमुखभयेते नष्टहोत है फेर भाग्यकरि जबजीव भगवत् सन्मुखहोय साधु गुरुके अनुग्रहकरि तब विवेकहोय तेहकरि बिषयादि बासनाको त्यागकरु भगवत्भजनमें निष्ठायहु क्रमतें संसार दुःखको नाशहोतहै यह अर्थहै ॥ ८८ ॥

मू० । मेरोमनहरिहठनतजै । निशिदिननाथदेउं सीखबहुविधिकरत सुभावनिजै । ज्यौं युवतीअनुभवतिप्रसव अतिदारुणदुखउपजै । ह्वैअनुकूलबिसारिशूलसठ पुनिखलपतिहिभजै । लोकुपच्यमंत गृहपशुज्यौंजहंतहंसिरपद चानबजै । तदपिअधमबिचरततेहि मारगकबहुंनमूढ़लजै । हौं हारयोकरियत्नबिबिधिबिधिअति प्रबलअजैतुलसिदासबसहोइतबहिजबप्रेरकप्रभुबरजै॥ ८९ ॥

टी० । मनकी वृत्तिसंसारतेनहीं फिरेहैतेहपर कहतहैंकि हे हरि सुभावनिजै बामविषयजो अनुरागसोई है निज स्वभावजाको ताहीको करतहै सिखावन हम बहुतप्रकारसे कियेपर तेहहठकोछोड़त नहीं नहीं छोड़बे मेा दृष्टान्तदेत हैं कि जैसे स्त्री प्रसव नाम बालकके उत्पत्ति काल को अतिजो दुःख ताको अनुभव करति है तथा पिभोग सुखके लोभकरि तेहशूलको बिसारण करिशठ नाम अज्ञ अनुकूलनाम सन्मुख ह्वै करिफेरिखल जो बिषयोत्पत्ति ताकोभजैनाम सेवन करति है अर्थात् मरणान्त कलेश जानिकरि भीसंभोग करेहै तैसे मेरोमन पर द्रव्य पर स्त्री बिषें बासना कर्त्ताको दृष्टान्त देतहै गृह पशुनाम कूकर पदत्रान नामजूता हमसब उपायकरि थकेपर अतिशय प्रबलहै अजयनाम हमतेजीतिबे योग्यनहीं यह हेतुतें तुलसीदास कहत हैं कि प्रेरक जोआप प्रभुसो जबयाको बरजैं तबमेरे बसहोय दूसरो उपाय नहीं देखामी ॥ ८९ ॥

मू० । ऐसीमूढ़तायामनकी। परिहरिरामभक्तिसुरसरिताआस करत

ओसकणकी। धूमसमूह निरखि चातक ज्यौं तृषित जानि मति घनकी। नहिं तहँ शीतलता नवारि पुनि हानि होति लोचनकी। ज्यौं गच काँच बिलोकि सेन जड़ छाँह आपने तनकी। टूटत अति आतुर अहार बस छति बिसारि आननकी॥ कहँलौं कहौं कुचाल कृपानिधि जानत हौ गति जनकी। तुलसिदास प्रभु हरहु दुसह दुख करहु लाज निज पनकी॥ ९०॥

टी०। फेर मनकी गतिकों देखावत हैं कैसी मूढ़ता है कि रामजीकी भक्तिरूप जो गंगा ताको त्यागकरि ओसजोसीत ताके कणको आश करत है इहां ओसकण सदृश भक्तितें अन्य साधन को ग्रहण दृष्टान्तदैकरि मूढ़ताको जनावते हैं धूमके समूहको देखिकरि मिपासित जो पपीहा तेह धूमको मेघकी प्रतीतिमति बिषैं जानि करि दृष्टि देतहै परतहां शीतलता तथा जल नहींहै केवल धूमविषै दृष्टि दियेते नेत्रकी हानिहोतिहै अर्थात् लाभकछू होतनहीं अपनीदृष्टि मन्द होतिहै तैसेभगवत् भक्तिव्यतिरेक अन्य साधनविषैं प्रयासकरि व्यर्थ आयुर्वलको नाश होतहै दूसरो दृष्टान्त देतहैं गच काँच नाम शीशाको पुत्तीतामें सेनजो बालजड़ नामअज्ञ अपने शरीरकीछाया देखि अहारकेबस अतिआतुर ह्वैकरि टूटत नाम औरपक्षी जानिपकड़िबेकोदौडतहै अपनेमुखकी छतिनाम घावबिसारि अर्थात् शीशा के गचमें पक्षीहैनहीं केवल अपने प्रतिबिम्ब पक्षीजानि वामें चोंच चंचुआघातायेतें ताकों टूटनोफलहै तैसे बिषयादि मो सुखकी प्रतीति करि नाना प्रयासकियेते परिश्रम मात्रफल मिलतहै वामें सुखतीन कालनहीं मिले कहांते दोहदृष्टान्त करिमन के मूढ़ताको देश माच जनाये आगे कहतहैंकि याके कुचालको कहांतककहैं हे कृपानिधि तेह मनकृत यह जनकी जो दुर्गति सो आपजानत हो तुलसीदास प्रार्थना करतहै हे प्रभु अपनीजो पणनामप्रतिज्ञा अधमोद्धारनादि ताकी लाजकरि यह मन कृत दुःसहदुःखको हरणकरो॥ ९०॥

मू०। नाचत हौं निशिदिवस मस्यौ। तबहीतेनभयो हरि थिर जबतेजीव नामधस्यौ। बहु वासना विविधिकञ्चुक भूषणलोभादिभस्यौ। चर अरु अचर गगन जलथलमें कौनखांगनकस्यौ। देवदनुजमुनि नागमनुजनहिंयाचतको उडवस्यौ। मेरोदुसह दरिद्र दोषदुख

काहूतेनरह्यौ एकेनयनपदपाणिसुमतिबलसंगसकलबिछुरयौ।
अबरघुनाथशरणआयोजनभवभयविकलडरयौ। जेहिगुणतेबस
होउंरीझिकरिसेामोहिं सबबिसरयौ। तुलसिदासनिजभवन
द्वारप्रभुदीजैरहनपरयौ ॥ ९१ ॥

टी०। नाचतहौं नाम नानायोनि संबन्धकरि बारबार जो जन्म यहि नाचको नाचते रात्रिदिवस मरतहौं जो यहजन्म मरणरूपनाच जीवको सर्वकालिकहोय तौ छूटनेके अर्थ यत्नकरनो व्यर्थहोय यह निमित्त जीवके संसार क्लेशको अवधिकहतहैं तबतेंयह जीव स्थिर न भयो हेहरि जबतें जीव ऐसो नामधरयौ अर्थात् तुम्हारे स्वरूपविषैं प्राप्तरह्यौ तबविभागुरह्यौ नहीं कैसे जीवकहलावे अबमायाके आवरणकरि शरीर संबन्धतें आपकेस्वरूपतें पृथक् जीवत्वको अभिमानी भयो तेह हेतु नानानाच नाचतहै यहभावहै अब नाचको स्पष्टकरि देखावतहैं जोनाचेहैसेा लोभके अर्थ तैसे यह जीव बहुतजो वासना विविधि प्रकारको कञ्चुक नाम वस्त्रअरु भूषणादि के लोभतें भस्यौ चरजों चलनेवाले जीवअवरजो जड़तेह योनिन्हको प्रपञ्चकरिआकाशगलयत्न जो पृथ्वीतासेा कौन२स्वांग न कस्यौअर्थात् नानायोनिविषैं जन्म सेाई अनेक वासना के वसहेाकर असंख्य स्वांगरूप नाच नाच्यौ जैसे नाचनेवालेा याचेहै तैसे देवादि हमारे याचबे ते कोऊ नहीं उबर्यौ नामबच्यौ तेहयाचबेतें कहा सिद्धिलगी तेहपर कहत हैं कि मेरो दुःसहजो दरिद्रको दोषकरि दुखकाहूने न हरणकियो अर्थात् विषय प्राप्ततेा सब योनिविषैं होतहैपर जेहतें याचकताछूटे ऐसादान काहूने न दियोअब अपनी पौरुष हीनता देखावत हैं नेत्र हाथ पांवके सुन्दर बुद्धि कोजेा बलसेा नष्ट ह्वै गयो सकलेा संगबिछुरयौ अर्थात् इन्द्रिन्हकोजेा प्रबलतासेा गई अबहे रघुवर यह जन संसार भयके व्याकुलतातें डरकरि आपकेशरणको आयौ चेत अब कोऊ चाकरी हमतें चाहेातेा जेहगुणन्ह करि रीझि खुशहेात हैा सेा मेाकोसब भूल्यौ हैअर्थात् सर्वप्रकारके निकम्मो हैं केवल अपनेगुण दीनबंधुतादि विचारि करि तुलसीदास कों अपने ड्यौढ़ीके दरवाजे पर पड़ोरहनेदेव हे प्रभु ॥ ९१ ॥

मू०। माधोजूमेासमसठनकोऊ। यद्यपिमीनपतंगहीन मतिमोहिं

नहींपूजेऐ॰ज। रुधिररूपआहारयश्चतुंहपावकलोहनआन्यो। देखतविपतिविषयनतजतहोतातेंअधिकअयान्यो। महामोहसरिताअपारमहंमन्तफिरतबह्यौ। श्रीहरिचरणकमलनौकातजिफिरि२फेनगह्यौ। अस्थिपुरातनछुधितश्वानअतिज्योंभरिसुखपकस्यौ। निजतालुगतरुधिरपानकरिमनसन्तोषधस्यौ परमकठिनभवव्याघ्रग्रसतहीघसितभयोअतिभारी। चाहतअभयभेकशरणागतखगपतिनाथबिसारी। जलचरद्वन्द्वालअंतरगतहोतसिमिटिएकपासा। एकहिएकखातलालचवमनहिंदेखतनिजनासा। मेरेअघअवगुनअनेकयुगगणतपारनहिंपावै। तुलसीदासपतितपावनप्रभुयहभरोमजियआवै॥ ९२॥

टी०। स्पष्टहै पतङ्ग जो सकल विषयभोग जो रुचिररूप ताके वश मछली आहार के वश अग्निरूप लोहाको नहीं जानि शरीर दियो सो मैं मनुष्य शरीरके संबन्ध करि विषय भोगमें विपति को देखि करि न त्यागकरतहौं सोइहेतुतें मीनादि जो मन्दजीव वाहूतें अधिक अज्ञानहौं अज्ञानरूपीनदी जो अपार तामेंबहे फिरतहौं पारहोवे को अवलंब जो श्रीहरिचरण कमल रूपनावताको त्यागकरि फेरि फेनको पकड़तहौं अर्थात् सुख उपाय त्यागकरि फेनरूप जो अन्यनानासाधन ताको आश्रय करतहौं विषय भोगके तुच्छता विषैदृष्टान्त देतहैं पुराने हाड़को अतिभुखा कुत्ता जैसे भरिमुख पकड़े सो हाड़ लाग्यो जो मुखमें तेहकरि चल्यो जोअपने तालूते प्राप्तरुधिर ताको पानकरि मनविषैंसन्तोष कस्यो। अर्थात् मूखे हाड़में रुधिरको अभाव है अपने मुखको रुधिर सो हाड़तें प्राप्त मानि करि श्वान सन्तोष करत भयो तैसेमूखे हाड़तुल्य जो इन्द्रियनको विषयरूप रसगन्धादि तामेंसुख तीनोंकालमें नहींहै आत्मा जो आनन्द रूपसो अपनेस्वरूपको आनन्दतेह को विषयादि विषैं अध्यारोप करि अज्ञान बश विषैमें सुखबुद्धि करत भयो अर्थात् सूकर सदृश मैं मन्दबुद्धिहौं हे भगवान् दूसरी अज्ञता देखावतहैं कि संसार रूप सर्प परम कठिन ग्रासेग्रास कियो तेहकरि भारी चकितभयोहौं तेहते अभयमिलुका जो शरणागतकरि चाहतहौं खगपति जोगरुड़ ताके स्वामी जोआप ताको विस्मरणकरि अर्थात् जो आपकेशरण होय तोजैसे गरुड़ सर्पको

नाशकरैहै तैसे आपको शरणसंसारनिवृत्ति करैहै सोऐसोमेरीमन्दता जो आपको मुक्तिकरि भिक्षुकारूप जो नाना विषय भोग ताहीके अवलंबकरि संसाररूपसर्पते अभयचाहतहौं अर्थात् भिक्षुकाको सर्प खाजातेहै तैसेसंसार प्रवाह मेा भोगकरि विघ्नेको नाश होतहै तौ जौ आपै नाशभयो सेा औरको अभय कैसे करैगो यह भाव है यद्वा संसार रूपसर्पने भेकरूप जो हमताको ग्रासकरिलियेा वाकेमुखमेा पड़करि अभयचाहतहौं परगरुड़ नाथजेा आप ताके शरणागत को विस्मरणकरि यह अन्वय है मछली को समूह जालके अन्तर्गत नाम सिमिटिकरि एकपासानाम इकट्ठो होतहै तहांऊं एकजो बड़ी सेा एक छोटीको खायहै लालचके वश अपनेा नाश नहीं देखेहै अर्थात् कालकेमुखमेा आ पड़े है ताकोभूलि अनेक द्रोह बुद्धिते औरन्ह को हानिकरि अपनोजीविका जानतहौं इतनी अज्ञानता अपनोजनाये समस्तमेरेपापको अनेकयुग पर्यन्तगिनते२ सरखती नहींपारपावैगी तद्यपिहेप्रभु आपकोपतित पावनादि जोबानायह विचारि तुलसी दासको अपने कल्याणहोवेमेा भरोस जियविषे आवतहै ॥ ९२ ॥

मू०। जौनिजमनपरिहरैविकारा। तौकतहैतजनितसंसृतिदुखसंशयशेाकअपारा। अचुमिचमध्यस्तीनियेमनहिंकीन्हबरिआई। त्यागबगहबउपेक्षनीयअहिहाटकटगकीनांई। असनबसनमयबस्तुबिबिधिबिधिभ्रमनिमहरहजैसे। स्वर्गनर्कचरअचरलेाकबहुबसतमध्यमनतैसे। बिटपमध्यपुचिकासूचमहंकंचुकबिनहिंबनाये। मनमहतपालीननानातनप्रकटतअवसरपाये रघु-

पतिभक्तिवारिछालितचितबिनु प्रयासनहिंसूझै । तुलसिदास कहचिदबिलासजगबूझतबूझतबूझै ॥ १२४ ॥

टी० । संसार तें बंधन अरु मुक्त होतो दोऊ को हेतु मन है सो देखावतहैं कि जो अपनो मन विकार नाम संकल्प विकल्परूप चांचल्य छोड़े तो द्वैत जो देहादि विषै सत्य बुद्धि तेहतें उत्पन्न संसृत जो संसार रूप दुःख तथा संशय जो निश्चैको अभाव शोकनाम मेरो मरण होयगो नरक पड़ेंगे यह सब जो अपार दुःख सो कत नाम कहांहै अर्थात् मनके स्थिरभये द्वैत बुद्धिये नहीं होतहै द्वैतको कार्य जो संसाररूप दुःख सो कहांतें होय मनको कर्तव्यताको देखावतहैं शत्रु जो अपकार करे मित्रनाम उपकारी मध्यस्थ जाको दोऊ भाव नहीं यह तीनों को बरि आई नाम हठ करि मन कियो है तहां शत्रु को त्याग मित्र को ग्रहण तथा मध्यस्थ जो उपेक्षणीय नाम न त्याग न ग्रहण जैसे सर्पकात्याग सोनाका ग्रहण तृणको उपेक्षानाम उदासीनता अर्थात् मनके वेगमो यह भाव त्याग ग्रहणादि होतहै जौं मन स्थिर एक जगहिरकरि हजारन्ह द्रव्य मिलत है तेहकरि जो वस्तु चाहे सो मिले तैसें स्वर्ग जड़ चेतन लोक ब्रह्मत नाम ब्रह्म लोकादि सब मनके मध्यमो बसत हैं अर्थात् जैसी वासना करत है तैसी तैसी कर्म मो प्रवृत्ति होत है तेह तेह कर्मकरि स्वर्गादि की प्राप्ति होतिहै पूर्व सिद्धान्तके पुष्ट करबे को तीसरो दृष्टान्त देत हैं चेत ऐसो संदेह होय कि एकमनतें अनेकपदार्थ कैसे भये तेहपर कहत हैं कि जैसे वृक्षके मध्य मो अनेक पुतली तथा सूत मो कांचुक नाम वस्त्र बिहीन बनायेनाम बनायेके पहलेभीहै काहे कि वामो न होय तौ आयो कहां तें तैसे नाना प्रकार को शरीर मनके विषय लोन रहतहै औसर पाय प्रकट होतहै अर्थात् जब जैसो काल जब जौने गुणको उदय तबतें सोई देवतिर्यगादि शरीर जीव को यह मन बनाय देतहै यह पूर्वोक्त बिचार कैसे जानिपरै तेहपर कहतहैं कि श्रीरघुबर की भक्तिरूपी जलकरि छालित नाम धोयो जाय जब चित्त अर्थात् वासना रूपी मलदूर होय तब बिना परिश्रम सूझे है तुलसी दास कहतहैं कि चैतन्यको विलास जो जगत् बूझत२ बूझे है इहां तीन बार बूझत पद दिये ताकों यह अभिप्राय है कि प्रथम

शरीरको मिथ्या बूझि तब पिण्ड ब्रह्माण्ड के एक रचनाकरि समस्त ब्रह्माण्ड को मिथ्या बूझे पश्चात् मनके संकल्प विकल्प करि जो नाना वासना ताको त्यागकरि निष्काम एकरस निष्ठामो स्थितरहि मनके स्वरूपकौं नाश कियो तब बूझ्यौ यह अर्थ है यद्वा प्रथम चित्तनाम चैतन्य रूप जीव सो विनाश रहित है अर्थात् अपनो स्वरूप जैसोहै तसो बूझे तेहके पश्चात् विलास रूप जगत् नाम माया अर्थात् जगत् को विलास सोई माया है यह रीतितें माया को स्वरूप बूझे तदनन्तर परमेश्वरको बूझे अर्थात् अपनो अरु मायाको स्वरूप बूझिकरि तब परमेश्वरको बूझे परमेश्वरके बूझेतें आप जो जीवरूप तथा जगत् विलास रूप जो माया सो मिटकरि केवल परमेश्वर रहि गये तब जाने जो हम बूझे यद्वा वेद कर्मकाण्ड उपासना काण्ड ज्ञानकाण्ड यह त्रिकाण्ड प्रतिपादन करत हैं तेहके निमित्त तीन सामग्री हैं स्थूल शरीर तेहमो पर्यवसान कर्मेन्द्री को है दूसरो लिंग शरीर सनात्मक तामो ज्ञानेन्द्री तथा मन बुद्धि चित्त अहंकार अन्तःकरण को पर्यवसान है अरु तीसरो चैतन्य जीवात्मा तहां वेद को हृदय ऐसो बूझे कि स्थूलशरीरते वेदविहित कर्मकरनो अन्तष्करण रूप जो लिङ्ग शरीर ज्ञानेन्द्री सहित तेहतें श्रवण कीर्त्तनादि भक्तिरूप उपासना करनो चैतन्य सोजीवात्मा सो परमेश्वरतें अपनेको अभेदज्ञान करे तब जाने जो हम बूझें यह भाव है १२४ ॥

मू०। मैंकेहिकहौंबिपति अतिभारी। श्रीरघुबीर धीर हितकारी।
मनहृदयभवनप्रभुतोरा। तहंबसेआइबज्रचोरा। अति कठिन करहिंबरजोरा। मानहिंनहिंविनयनिहोरा। तम मोहलोभ अहंकारा। मदक्रोधबोधरिपुमारा। अतिकरहिंउपद्रवनाथा। मर्दहिंमोहिंजानिअनाथा। मैंएकअमित बटपारा। कोउसुनै नमोरपुकारा। भागेजनहिंनाथउबारा। रघुनायककरजु संभारा। कहतुलसिदासमुनरामा।लूटहिंतसकरतवधामा १२५॥

टी० पर्वकल्याणको विचारकहिकरि अवखामीतें प्रार्थना करत हैं हे श्रीरघुबीर हे धीर हेहितकारी मैं अपनी भारीविपत्ति दूसरे केहतें कहों अब विपत्तिकौं जनावत हैं कि मेरो हृदयहै प्रभुवर तुम्हारोहै तेहविषय बज्रतचोर आयबसेहैं सो अतिकठिनहैं बरजोरा

नाम जबरदस्ती करतहैं अर्थात् चोर गाफ़िलीमेा चोरीकरतहैं यह चोर सब अपनीप्रबलताकरि जागेपरभी ज्ञान वैराग्यादि ऐश्वर्य को लूटतहैं चेतकहे।किजे।जबरहैं तौप्रार्थनाकरि अपनेकोबचाओ सेाहे प्रभुयहसब मेरेविनय निहोरा कोनहींमानतहैं अर्थात् सत्यानहोंय तेा विनयकियेतेंमानैं यह अतिक्रूरस्वभाव मेाकों असमर्थ असहाय जानि लुटतहैं इहां विनयनिहोरा दीऊपदियेसेा वचनकरिनम्र होनेा विनयहै हाथ जोड़नेा पैर पड़नेा यह निहोरा है सब चोरन्ह को नामकहि जनावतहैं तमनाम अविद्याकोआवरण वेाधरिपुनाम अज्ञान मेाहादिको अर्थ पीछे लिखआये हैं यही सबचोर अतिउपद्रव करतहैं नाम नानादुख देतहैं अनाथजानि मेाकों मर्दनकरत हैं चेत कहे। कि अबरन्हतें कहौ तौ हेप्रभु हम एकबटपार बसत कोऊ मेरेपुकारकों सुनत नहीं अर्थात् बटपारन्ह को प्रबल जानि सब डरतहैं कि जौं हममहायकरैं और यहदीनजीव को छोड़हम हीं कौं लूटनेलगें तेा बड़ीअनर्थहोय चेतकहे।कि भागिकरि अपने कौं बचाओ सेा हे स्वामी भागेहू उबार नहीं अर्थात् जौने देशमों जाऊं तहां एसंगही रहतहैं यहविचारकरि हे रघुनायक सम्हार करेा नाम सहायकरेा चेतकहे।कि तुमअतिकातरभये तेहतेंबार२ पुकारतहौ सेा नहीं तुलसीदास कहत हैं कि सुनेा हे श्री रामजू तस्करनाम चोर सब तुम्हारेा गृहलूटतहैं अर्थात् सर्वभूत की हृदय तुम्हारेा मन्दिरहै आप वामों टिकतहौ चेतकहेा कि घरमेरेलूटा जातहै तुम बार२ काहेकों पुकारतहौ सेा सुनेा मेाकों यहअपार चिन्ता होतिहै कि तुम्हारेाअपयश जगतविषैं न होय अर्थात् जगत यह कहेगेा कि त्रैलेाकनाथ जेा श्रीरामजू ताकेाभक्त चोरन्हनेलूट लियेा पर रामजूतें कछु प्रभुता नहीं आई यह बड़ेा दुर्यश होयगेा तेह चिन्तातें बार२ पुकार करतहौं सेवककेा धर्महै कि स्वामीकेा अयश न होय ऐसेा कार्य करे सेा मेरी भक्ति आपतें जनावनेमाचहै जैसी रुचिहेाय सेाकरेा यह अर्थ ॥ १२५ ॥

मू०। चिन्तायहमोहिंअपार। अपयशनहिंहेायतुम्हार। मनमेरेमानहिंनिपमेरी। जौंनिजभक्तिचहहिं हरिकेरी। सरआनहिंप्रभु छतहितजेते। सेवहिंतजेअपनपौचेते। दुखसुखअरुअपमान

बड़ाई। सबसमलेखहिंबिपतिबिहाई। अनुअठकालग्रसितएक देही। जनितेहिलागिबिदूषहिंकेही। तुलसिदासबिनुश्रमगति आये। मिलहिंनरामकपटतजिगाये॥ १२६॥

टी०। संसारतें बन्धनतथा मुक्तिदेाऊ को हेतुमन है तेह मनको उपदेश करत हैं रेमन मेरे शिक्षाको मानिले जोहरिकी भक्तिचाहे है अर्थात् जो परमेश्वरके प्राप्तहेावेकीरुचि हेायतो मेरेकहेकोमान और जोसंसार प्रवाहमेा बहवेकी प्रसन्नताहै तौ जो करहै सेा करु अब शिक्षा कहतहैं हृदय बिषैं प्रभुके कियं हित जितने सेा आनहिं नाम लै आउ अर्थात् मनुष्य शरीर दिये गर्भ मेा पालन किये अरु नामदिये ऐसे अनन्त उपकार परमेश्वरकेहैं ताकेां स्मरणकरिशरण हेाऊतग्न हेाने उचितनहीं तथातिनकी सेवनकरु जो अपनपौनाम अपने स्वरूप कौं चेते है अर्थात् भगवत् भक्तन्ह की सेवा करु जेहके संगकरि भगवान मिलतहैं साधु संगकरि कौनगुण हेातहै सेा देखावतहैं दुखसुखादिकौं समकरि देखु तब बिपत्ति बिहाई नामछूटेगी अर्थातकोई प्रियवस्तुके प्राप्तभये जोआनंदमानेगेा तौकालकेवेगकरि प्रारब्धके प्रबलतातें ताकेनाशभये रेावनेा पड़ेगोतथा काहूके बड़ाई किये पैंजौ हर्ष हेायगेा तेासब जीवकी एक बुद्धि नहीं अनेक जगह अपमानऊ हेायगेा तहां २ शरीरान्त क्लेशतुल्यविषाद करनेापड़ेगेा यह बिचारकरिदेाऊमेासमबुद्धिनाम जबशरीरादि मिथ्यातौ तेहि शरीराभिमान करि जोदुख सुखादि सेाकब सत्य हेायगेा सत्चित् आनंद स्वरूप जेा मैं तेहतें संसाररूप जो विषम बुद्धि ताकौं संबंध तीनों काल मेा नहीं है यह बिचारतें समबुद्धि करनो तेहबुद्धि तें बिपत्तिकेा नाशहेात है पहिले जितनी कर्तव्यता सुखकी ताकोफल रूप जो समता सेाकहे अब निषेध मेा जों सुख्य सेा कहतहैं सुनरे अठकाल करि ग्रसितहै यहदेही नाम जीवतहीं यद्यपि जीवकेानाश नहीं तथापि यावत् शरीरादि बिषैं अहंबुद्धि है तावत् आविर्भाव तिरोभावरूप जोजन्ममरण सेा जीवकौं अवश्य हेातहै यह हेतुकरि देही कौंकाल ग्रसित कहे तेा आपे कालके मुखमें पस्यौ है तेहके निमित्त केहीनाम कोऊ जीवकौं जनि दुखदे नाम कायिक शरीर क्षत पीड़ावाचिक कठोर बचनादिकरि जेा दुख मानसिक और की

हानि विचारनेा यहतीनि प्रकारकी हिंसा त्याग करु अर्थात् समताकौं ग्रहण करि हिंसाको त्याग करे तेा जीवन मुक्तहै फेर दूसरी कर्तव्यता केा प्रयोजन नहीं है यहभाव है तुलसीदास कहत हैं कि रेमन ऐसी मति आये बिना कपट लयलाये नाम समता कौंग्रहण हिंसाके त्याग बिन जितनेा साधन करे है सेा कपट करि लयलावनेा नाम चित्त लगावनेा है तेहतें श्री रघुवर नहीं मिलते यह अर्थ है ॥ १२६ ॥

मू० । मैंजानीहरिपदरतिनाहीं । सपनेहुंनहिंबिरागमनमाहीं । जे रघुबीरचरणअनुरागे । तिन्हसबभेागरोगसमत्यागे । कामभुजंग डसतजबजाही । बिषयनिंबकटुलगतननाही । असमंजसअस हृदयबिचारी । बढ़तसेाचनितनूतनभारी । अबकबरामकृपा दुखजाई । तुलसिदासनहिंआनउपाई ॥ १२७ ॥

टी० । अबभगवत् अनुरागहीनको लक्षण अपने द्वारकरि देखावत हैं मैंने जानी कि मेाकौं भगवत् चरण मेां प्रीति नहीं है चेत करेा किसेवामूजापाठ सब करतहौ प्रीति क्यौं नहीं है तेह पर कहतहैं कि स्वप्नहुं मेा मन बिषै बैराग्य नहीं देखते अर्थात् जब संसार तें बैराग्य नहीं तेा भगवत् अनुराग की प्रतीति कैसे होय काहे कि जौं मन दो होयतेा एक संसार मेा लगे एक परमेश्वर मेा लगेसेा हैं नहीं मन एक तेा एक ओर कहूं लगेा यह भावहै बैराग्यके पुष्टता निमित्त अब दूसरेा लक्षण दिखावतहैं कि जेाश्रीरघुबीरचरण अनुरागी होतहैं ते सब संसारी भेागको रोग तुल्य दुखदाई बूझि त्याग करतहैं फेर वाही भेागको अपनेमें दृढ़करतहैं कामना रूपी सर्पजब जाकौं डसत नाम काटत है तब बिषै रूपी नीब ताकौं कटु नहीं लगत अर्थात् सांपके काटे परबिषके चढ़ें तें निंबादि जेाकटुआवस्तु सेासुखमेा दियेते तीत नहीं लगत तैसे कामना रूप बिषके व्याप्तभयेतें संसारी जो इन्द्री संबंधी बिषय सेा दुखदाई नहीं जानि परत ऐसेा असमंजस हृदय बिषैं बिचार करिनित नवीनभारीसेाच बढ़तहै अर्थात् बिषै मेा अपनी रुचि देखत हौं यहहेतु करि आपतें बिमुख ताकी प्रतीत होति है तेहतें सेाच बढ़त है मन के प्रबलता करि अपने कर्तव्यता तें अपने कल्याण की प्रतीत नहीं जब कब श्री

राम कृपा करि तुलसीदास को दुख जायगो आनउपाय नहीं यह निश्चय है ॥ १२७ ।

मू० । सुमिरुरसनेइसहितसीतापति।रामचरणतजिनहिंनआनगति।
जपतपतीरथयोगसमाधी । कलिमतिविकलनकछुनिरुपाधी।
करतहुसुकृतनपापसिराहीं। रक्तबीजजिमिबाढ़तजाहीं। हरणिएकअघअसुरजालिका। तुलसिदासप्रभुकृपाकालिका१२८॥

टी० । अपने ओर तें यथाशक्ति जीवको परमेश्वर को भजनकरनो चाहिये भगवत्कृपा तौ बड़े भाग्यतें होतिहै शब्दार्थ सुलभहै अन्यसाधनजपादि औरे युगमें जीवको कृतार्थ कियेपर कलिविषै मति की व्याकुलता करि दूसरो कछूउपाय उपाधि रहितसिद्धनहीं होत केवल श्रीराम भजनकरि जीवको कल्याणहै चेतकरो कि पुण्यकरि पापको निवृत्ति होयगी सोनहीं पुण्यकरतहू पाप न सिराही नाम समाप्तनहीं होतयामों दृष्टान्त देतहैं कि रक्तबीज समानबढ़तजातहै अर्थात् रक्तबीज राक्षसरह्यो सोवरदानके प्रभावकरि जब मारोजाय तब वाके शरीरतें जै बूंद रक्त पृथ्वी मो गिरे तेतनो रक्तबीज नवीन उत्पन्न होजांय तैसे पुण्य करि पीछे को कियो पापनाश भयो आगे दुगुनो कियो तो समाप्त कैसे होय यहभाव है जैसे समस्त असुरके जालिकानाम समूहताकौं एकओकालिका हरण नाम नाशकरति भई तैसें तुलसीदासके पापरूपजो असुरसमूह ताकौं प्रभुकीकृपारूप कालिका जो नाशकरे तौनाश होययह निश्चयहै ॥ १२८ ॥

मू० । रुचिररसनातूंरामरामरामकहोनिरटत।सुमिरतसुखसुकृतबढ़त
अघअमंगलघटत । बिनुश्रमकलिकलुषजालकटुकरालकटत ।
दिनकरकेउदयजैसेतिमिरतोमफटत । योगयागजपविरागतप
सुतीर्थअटत । बांधिबेकौंभवगयंदरेनुकीरजुवटत । परिहरिसुर
मणिसुनाम गुंजालखि खटत । लालचलघु तेरोलखि तुलसी
तोहिहटत ॥ १२९ ॥

टी० । उपदेश करत हैं रसनाहू नाम जिह्वातें राम नाम जपेतें कहा होयगो तेहअपेक्षामो फल कहे तथा राम नाम के प्रभाव को दृष्टान्त देकर दृढ़करत हैं तिमिर तोम नाम अन्धकार को समूहसुन्दर तीर्थमो अटतनाम फिरत संसार रूप हाथीके बांधबेकौं धूली

की जेवरी वटतनाम वरतहैं अर्थात् जो साधन सो कलिकालके प्रभावकरि संसारके छोड़ाइबेमो धूलीकी जेवरी सदृश मिथ्या ह्वै गये रेसन सुन्दर राम नाम रूप चिन्तामणि छोड़ करि गुंजा जो करिअनी ताकों देखिकरि लटकनाम लोभ करतहै अर्थात् वांछित फल देवेकौं जैसे चिन्तामणि तैसे संसार के छोड़ाइवे कों तथा परमेश्वर पदप्राप्त करवेकौं नामहै विशेषतें कलिकाल विषैताकों छोड़ि घुंघुची सदृश जो अन्यसाधन तेहिविषै लोभकरतहै यहलघुनाम तुच्छताल्च तेरो देखिकरि तुलसीतोकों हटतनाम हटावतहै अर्थात् अन्यसाधन की आशाछोड़ि रामनाम विषयप्रीतिकरु यह शिक्षाकरतहैं १२९॥

मू०। रामरामरामरामरामराम जपत। मंगलमुदउदितहोतकलिमलछलछपत। कुञ्जकलहेफलरसालबबुरबीजबपत। हारहिं जनिजन्मजाइ गालगूलगपत। कालकर्मगुण सुभावसबके शीश तपत। रामनामसहिमाकीचरचोचलैंचपत। साधनबिनुसिद्धि सकलबिकलोगलपत। कलियुगबरबनिज विपुल नाम नगर खपत। नामसोंप्रतीति प्रीति हृदयसुधिरथपंत। पावन किय रावणरिपुतुलसिङ्ग सेवपत॥ १३०॥

टी०। पूर्वोक्त उपदेशकौं दृढ़करत हैं छपत नाम दूर होत रेसन कछुतो बबूरके बीजकौं बपतनाम बोवत रसाल जो आम ताके फल कौ कों पावे है अर्थात् आमके वृक्ष सदृश राम नाम ताको फलरूप भगवत् प्राप्ति अन्य साधन यह कालमो बबूर के बीज तुल्य है ऐसो विचार करि जन्मकौं जाप नाम व्यर्थ जनि हारहि नाम मति खोवै गालगूल नाम गालमारि गुलकरनो गपत नाम गपमारते यहलोकोक्ति है अर्थात् व्यर्थ बातीकरि दुर्लभ मनुष्य जन्मको नाशमति करु कालादि जो सो सबके नाम ब्रह्मादि कीट पर्य्यन्तके सायेकौ तपत नाम ताप करतहै अर्थात् आधीनकरि दुख देत है पर राम नाम के महिमा की चरचाचलें चपतनाम दवतहै अर्थात् राम नाम के आश्रयीको दुखनहीं जैसकत साधनविना सकलसिद्धिके निमित्त विकल होकरि सबलोग खपत नाम पाइतहैं अर्थात कलिकाल विषय निर्विघ्न साधन होत नहीं तो सिद्धि कैसे मिलेअरु नामको प्रभावऐसो है कि कलियुगको कर्तव्यता जो नानाविधि निषेध सोई श्रेष्ठबनिज

नाम सौदा विपुल नाम बजत भयो मेा नाम रूप नगर विषय खपत नाम बिकिजातहै अर्थात् बड़े शहरमेा भलाबुरा सबबस्तु बिकिजात है तैसें नामावलंबकरि कलिकालऊ समाप्त होतहै याकौं यह भाव भयो कि सौदा जब बिकैहै तब बेचनेवालेकौं फलहोतहै जैसें कलिकालमेा जन्म जाको सोई व्यापारी भयौ ताकौं कलियुग की कर्तव्यतारूप जोसौदा सेा नामरूप नगरविषें बिकतहै भगवत् पदप्राप्तिरूप फल बेचनेवाले कों मिलतहै अति उत्तम फलकी प्राप्ति भईयही हेतुतें कलिकालऊकौं श्रेष्ठ बनिजरूप कहे यह अर्थहै प्रत्यक्ष प्रमाण देतहैं कि नामसेां प्रीतिप्रतीति हृदयके विषै सुन्दर स्थिरकै स्थापित करत जेा तुलसी ऐसे अपतनाम अपबिचअर्थात् अशुद्धपापरूपताहू कों रावण रिपु जौ श्रीरामजू सेा पबिचकिये ॥ १३० ॥

मू० । पावनप्रेमरामचरणकमलजन्मलाऊपर्म । रामनामलेतहोतसुलभसकलधर्म । योगमखविवेकबिरतिवेद विदितकर्म । करिबे कहंकहंकठोरसुनतमधुरनर्म । तुलसीसुनिजानिबूझिमूलहिं जनिभर्म । तेहप्रभुकोतू छोड़िजाहिसबहीकीशर्म ॥ १३१ ॥

टी० । रघुबर चरण कमल विषे पावन नाम पबिच अर्थात् निःकाम जेा प्रेम सेाईजन्मग्रहण करबेकेा परमलाभ है तथा रामनाम के ग्रहण करते सकल जेा धर्मसेा सुलभ होतहै अर्थात् यह जीवके कल्याण कों यह दोनों उपाय मुख्य हैं रामनाम जपनेा अरु चरण कमल विषे अन्तष्करण तें प्रीति करनेा सर्व साधनतें श्रेष्ठ जनायबे के अर्थ परमपद दिये अर्थात् अन्य साधनतें ऐश्वर्य्यादि की प्राप्ती सामान्य लाभ है और रामानुराग तथा नामावलम्ब यह मनुष्य जन्मकेा परम लाभ है नाम जेहके ऊपर दूसरो लाभ नहीं जेहतें रामजू बस होतहैं तथा नाम ग्रहण कियेतें सकल धर्म सुलभ होत है यह कहै ताकेा यह अभिप्रायहै कि सर्व धर्म कर्मकेा फल परमेश्वरहैं सेा नामावलम्ब कियेतें प्राप्त होतहैं चेत यहपूछे कि और सब साधन कैसेहैं तेा सुनेा योग यज्ञ बिबेक वैराग्य अवरऊ जो बेद विषे बिदित कर्महैं सेा करिबे केा कटुनाम कड़ुआ अर्थात् दुखदाई कठोर नाम बड़े प्रयास अरु बड़ो ऐश्वर्य अन्य अनेक सहायकरि सिद्ध होत हैं सुनबे मेा मधुर नाम स्वर्गकेा ऐश्वर्यादि फल होयगेा

नरम नाम कोमल अर्थात् मीठे फल अरु योग यज्ञ सुनबे मेा दो २ अक्षर अति कोमलपर कर्तव्यता अति कठिन तेहतें विपर्यय श्रीराम नाम सुनतऊ कोमल अरु कर्तव्यता अति सुलभ तथा सर्व साधन के फलको दाता तुलसी कहत हैं कि पूर्वोक्त उपदेश को सुनि जानि बूझिकरि भरममेा जनि भूल अर्थात् अनेक मार्ग ताको अनन्त फल शास्त्र कहत हैं तेह विषे लोभी मति हेा तेह प्रभु को तू शरण हेा जाको सबही को नाम ब्रह्मा ते कीट पर्यन्त के निर्बाहको धर्म नाम लाजहै अर्थात् जेह परमेश्वरके निबाहेतें सब निबहत हैं तथा सब को ऐश्वर्यादि जेहके कटाक्षकरि होत है कटाक्षके फिरे नाश होत है ताके शरण होनेा उचितहै ॥ १३१ ॥

मू०। रामसेप्रीतमकीप्रीतिरहितजोवनायजियत । जेहिसुखमानि लेतसुखसेासमुझकियत । जहंतहंजेहियोनिजन्ममहिपतालबियत । तहंतहंतूविषयसुखहिचहतलहतनियत । कतबिमोहलख्योफल्योगगनमगनसियत । तुलसीप्रभुसुशरणगाहक्योंनसुधापियत ॥ १३२ ॥

टी०। राम ऐसे प्रीतम के प्रीतिते जो रहित भयो तौ सेा जीव जाय नाम व्यर्थ जियतहै चेतकहे कि नाना विषय भेाग करत हौं व्यर्थ कैसें तेहपर कहतहैं कि जेह सुखको तैं सुख मानि लेत है सेा सुखको समुझ तेा नियत नाम क्याहै अर्थात् कछु वस्तु नहीं विषय सुखको तुच्छ देखायतहैं जहां २ जेह योनि विषे जन्म पृथ्वी पाताल बियत नाम आकाश मेां तहां २ तू जौन विषय सुखको चाहत है सेा लहत नाम मिलेहै नियत नाम निश्चयकरि अर्थात् जेह सुखको तू सुख मान्योहै सेा सूकर कूकरादि जेा नर्क योनि ताहूमेा मिलत है कतनाम काहे बिमेाह जेा अज्ञान तेहकरि लख्यो नाम लुब्ध हेा करि यहा लखिकरि नाम यकिकरि अर्थात् जगतृष्णामेा जल ढूढ़े ते परिश्रम में फल है फल्यो जेा आकाश ताको मगन नाम आनन्द होकरि सियतहै अर्थात् विषयको अवलम्ब करि सुख प्राप्ति की वासना अति मूर्खता है जैसे आकाश फल्यो नहीं तैसे तीनों काल मेां विषय कछु वस्तुहै नहीं तथा जैसे आकाशके सीवने की वासना तैसे विषयतें सुखकी चाहना यह समता है सेा तुलसी कहत हैं कि रे

मूर्खमन ऐसी गड़ता क्योंकरेहै प्रभुको सुयश गायकरि अमृत क्योंनहीं पीवै अर्थात् अमृतके पानकरि अमर होतहै तैसे यशरूप अमृत जन्म मरणकी निवृत्ति करैहै ताको गानरूप पानकरु यहभावहै ॥ १३२ ॥

मू० । तोसेहैं फिरिफिरि हितप्रियपुनीतसत्यबचनकहत । सुनिमन गुनिसमुझिक्योंनसुगमसुमगगहत । छोटोबड़ोखोटोखरोजग जेजहांरहत । अपनेअपनेकोभलोकहूसोकोजोनचहत । विधि हरिहरलघुकीटअवधिसुख सुखीदुखदहत । पशुलौंपशुपालईश बांधतछोरतनहत । विषयसुदनिकारभारगिरकोकांधेज्यौंबहत । यौंकीन्हियजानिमानिगठतूमासतिसहत । पायोकेहि हितविचारुहरिगुनगारिमहत । तुलसीतकुताहिशरणजातेसबलहत ॥ १३३ ॥

टी० । रे जीव तोकौं क्रम फेर २ हित अरु प्रियनाम जामें दुख नहीं पुनीत नाम सर्व दोष रहित तथा सत्य बचन कहतहौं सुनि करि मनमें गुनि समुझि करि काहे नहीं सुगम सुन्दर मार्ग कौं ग्रहण करत है ईश्वराधीन सबहै सो हेतु दैकरि जनावत हैं छोटो जो पशु पक्ष्यादि बड़ो जो ब्रह्मादि खोटो जो पाप कर्त्ता खरो जो पुण्यकर्त्ता जगत् विषैं जो जहां रहतनाम स्थितहै सो अपनेको नाम अपनो आश्रयी जो परिवार सम्बन्धी ताको अरु अपनो भलो कछु तोसों को जो न चाहत है अर्थात् सुखकौं तथा अपने हित वर्ग के भले कौं सब इच्छा करत हैं पर बड़े ब्रह्मा पर्यन्त तथा लघुता की अवधि कीट सों सब सुखतें सुखी होत हैं दुखतें जलत हैं अर्थात् एकरस सुख काहूको नहीं रहत यद्यपि दुखको इच्छा नहीं करत तथापि काल पाय जैसे सुख आवत है तैसें दुखऊ भोग होतहै यह हेतुतें कोऊ खतंच नहीहै पशुकौंनाम पशुको जैसें पशुपालनाम ताको स्वामी बांधतहै छोरतहै नहतनाम हरविषें नाधतहै तैसें ईशनाम ईश्वर ब्रह्मातें कीटपर्यन्त जीवकों जगतरूप क्रीड़ाके अर्थ विसुखन्हकों बांधतहै सन्मुखकों छोरतहै तथाजाको जो अधिकार तवने व्यापार में लगावतहै यहभावहै पूर्व सबकों परतंच कहि अब संसार सुख को तुच्छ कहतहैं कि विषय भोगकरि सुदनाम जो आनन्द सो निहारुनाम देख कैसोहै कि जैसेंशिरको भारनाम बोझाकांधेके ऊपर

बहतनाम धारण किये अर्थात् सिरके ऊपर जो बोझा लेतहै ताको सिरजब अतिदुखतहै तबबोझाकौं कांधे परधरतहै तेहितें किञ्चित् सावकाश पायसुखहोतहै अर्थात् बोझागयो नहीं हेरफेरकरि किञ्चित् सुखकीप्रतीतभईतैसें जाही इन्द्रिन्हकरि दुखभोग्यो ताकीकरि विषयभोगके प्राप्तिभये किञ्चित् तुच्छसुखकी प्रतीतहोतिहै जैसेकांधे को बोझासिरपर फेरसिरको बोझाकांधेपर आवेगो तैसेंदुखके आगे सुख सुखके आगे दुख एइन छूटैगो यौंही जियनो जाति मानिनाम प्रतीतिकरि रैगठ तूसासतिनाम कलेश सहतहै विचार कस हरिण वारिजो मृगतृष्णा ताकों महतनाम मथनकरत घृत केहनेपाया है अर्थात् सत्यजो जलताहूके मथनकरि घी नहीं मिलैहै मृगतृष्णा मेा तो सर्वथा जलहै नहीं ताके मथनकरि कब घी मिलैगो तैसें विषय मृगतृष्णा तुल्य सर्वदाझूठहै ताको भोगरूप जो मथनतेहतें सुखरूप घृत तीनकाल मिलनेवालो नहीं केवल अज्ञान करि मृगतृष्णा रूप विषयतें सुखहोवेकी प्रतीतहै यहहेतु तुलसीकहतहै कि ताकेशरण को तकुनामदेखु जातेंनाम जेह परमेश्वर तें सब लहतनाम सबको सबप्राप्तहोतहै अर्थात् ब्रह्मातें कीटपर्यन्त सबको अपनेा२ अधिकार तथा ऐश्वर्य मिलतहै तेहस्वामीके शरणव्यतिरेक जीव को तीनकाल सुखनहीं यह सर्वसिद्धान्त है ॥ १३३ ॥

मू० । तातेंहौंबारबारदेवद्वारपरिपुकारकरत। आरतिगतदीनताकहे प्रभुसंकटहरत। लोकपालमोकबिकलरावणडरहरत। कासुनि सकुचेहुपालनरशरीरधरत। कौशिकमुनितीयजनकमोचअनलभरत। साधनकेहिप्रीतलभयेसोनमसुझिपरत। केवटखगशबरिसहजचरणकमलनरत। सन्मुखतोहिहोतनाथकुतमसुफलफलत। बंधुवैरकपिबिभीषणगुरगलानिगरत। सेवाकेहिरीझिरामकियेसरिसभरत। सेवकभयोपवनपूतसाहिबअनुहरत। ताकोलियेरामनामसबकोसुढरढरत। जानेबिनुरामरीतिपचि २ जगमरत। परिहरिछलशरणगयेतुलसिजसेतरत ॥ १३४ ॥

टी० । जोकोऊ बिनैयकरतहै ताकोएकबार दोबारकहनोउचित हैसेामैं यहहेतुतें बारबार हेदेवआपके दरवाजेपर परिकरि पुकार करतहौं कि नतजोनमितभयेा ताको आरतिनाम पीड़ाभरदीनता

तथा नानासंकटको हे माचतें सुन्दर प्रभुजो आपसेा हरतहै। अर्थात् केवलप्रणाम माचकियेतें सेवाव्यतिरेक समस्त क्लेश दूरकरत हौ यह स्वभावतथा ऐश्वर्य दूसरेको नहीं यह हेतुतें यद्यपि आप नहीं सुनते तथापि बारबार प्रार्थना करतहौं। विनय माचतें काको दुखछोड़ाये सेा प्रमाणदैकरि कहतहैं लोकपाल जो इन्द्रादि सेा शोकतें व्याकुल हेाकरि रावणके डरतेंडरतेभये अपनो कलेशसुनाये सेा सुनि करि हे कृपालमनुष्य शरीर धारणकर ताको आपसकुचे किन्तुनहीं काकु है अर्थात् ईश्वर सर्वब्रह्माण्डको स्वामीपिता ताकोराजपुत्र होनोयह अतिहीनताहै तथापि देवतन्हके दुखछोड़ायबे के अर्थआप स्वीकार करतभये अबदूसरो प्रमाण देखावत हैं कौशिक जो विश्वामित्र ताड़का मारीचादि करि अस सुनितोय जो अहल्या सेापाप अरुशाप करि तथा जनकजू धन्वाके नहीं टूटबेतें शोचरूपी अग्निकरि जलत रहेसेा केह साधनतें शीतलभये यहनहींसमुझिपरत अर्थात् विश्वामित्र अयोध्या मों आनि करि अपनेा दुख जनाये अहल्या कहबेकों भी शक्ति न रही केवल दृष्टिके सन्मुख पड़ी तथा जनकजूते समागम भयो इतने माच साधन करि यह सबके दुखकौं आप छोड़ाये तीसरेा प्रमाण देखावत हैं केवट जो निषाद खग जो जटायु तथा शबरी सहज नाम स्वभाव करि चरण कमल विषैं रत नाम तत्पर नहींरहे अर्थात् जो स्वाभाविक प्रीति होती तेा आपके दरशन कों पर्वञ्ज करते सेा आपजब कृपाकरि तिन्हके स्थानकोंगये तब सन्मुख तुम्हारे होते हेनाथ कुतर नाम बबूर के वृक्ष सदृश कांटा रूप दुखदाई सेा सुन्दर फल नाम आम आदि उत्तम फलकौं फलत भये अर्थात् जाके संगकरि अन्यजीव पापरूपहेाय सेाई अब आपके सन्मुखता माच साधन करि औरनि कौं पवित्र करत है अपने यशकरि अब चौथी प्रमाणदेत हैं भाई जेा रावण अरुबालि ताके बैर करि सुग्रीव अरुविभीषण शुरनाम बड़ी जेा गलानि तेहतें गलतरहे सेा केहसेवातें हे रघुवर आपरीझिकरि भरतजू सदृशकिये अर्थात् सेवा पीछें किये पहिलेही यावत् कछू सेवानहीं तबहीं भरतजू समान मिलिकरि आदर देतभये चेतयह पूछो कि सब सेवकमेरे ऐसेाईहैं अथवा कोऊ लायकभी हैं तेहपर कहतहैं साहेब नाम निषाद जेा

आपताके अनुहरतनाम अनुहारि अर्थात् योग्य सेवक तो महावीर भये तौ ताकौं यह महिमा है कि जैसें रामनाम लिये तैसे ताहूको नामलिये सबजीवन्हको सुढरढरत नाम मांग्यौ दांवपरत है अर्थात् आपके समान ऐश्वर्य जनिकरि जगत पूजन करणकरतहै चेतकहो कि सबतेंश्रेष्ठ अरुक्षपाल हमहीहैं तौ अनेक जीव अनेक स्वामी कौं क्यों सेवतहैं तेहपर कहतहैं कि श्रीरघुवरकी रीतिजाने व्यतिरेक पचिपचि नाम नानासाधनरूप कलेशकरि मरतहैं सोकेवल मूर्खता वस प्रत्यक्ष प्रमाण सबतें प्रबल है सो छलकौं छोड़िकरि रामजू के शरणगये तुलसीहू ऐसे पापरूपजीव संसारतें तरतहैं ऐसोविचारि श्रीरघुवर शरण होनो जीवके सौभाग्यको अवधि है ॥ १३४ ॥

मू० । रामसनेही सौंतैंनसनेहकियौ । अगमजोअमरनिहूं सेातनतेा-
हिदियौ । दियौसुकुलजन्म शरीर सुन्दरहेतु जोफलचारिको ।
जोपाइपंडितपरमपदपावतपुरारिमुरारिको । यहभरतखण्ड
समप्रसुरसरिथलभलोसंगतिभली । तेरीकुमतिकायरकलपबल्ली
चहतिहैविषफलफली । अजहूंसमुझिचित्तदैसुनौ परमारथ ।
हैहितसोजगहूंजाहितैंस्वारथ । स्वारथहिप्रियस्वारथ सोकातै
कीनबेदबखानई । देखुखलअहिखेलपरिहरिसोप्रभुहिपहिचा-
नई । पितुमातुगुरु स्वामीअपनपौ तियतनयसेवकसखा । प्रिय
लगतजाकेप्रेमसौबिनुहेतुहितुनहिंतैलखा । दूरिनसेा हितूहेरु
हियैंहीहै । छलहि छांड़ि सुमिरेछोह कियेछीहै । कियेछोह
छायाकमलकरकीभक्तपरभजतेहिभजै । जगदीशजीवनजीवको
जोसाजसबसबकेसजै । हरिहिहरितासविधिहिविधिता शिव-
हिशिवताजेहिदई । सोहजानकी पति मधुरमूरति मोदमय
मंगलमई । ठाकुर अतिहिं बड़ोशील सरलसुठि । ध्यानअगम
शिवहूभेद्योकेवटउठि । भरिअंकभेंट्योसजलनयनसनेह सिथिल
शरीरसेा । सुरसिद्धमुनिकविकहतकोउन प्रेमप्रियरघुबीरसेा ।
खगशबरिनिशिचरभालुकपि कियेआपुतै बन्दितबड़े । तापर
तिन्हकिसेवासुमिरिजियजातजनुसकुचनिबड़े । स्वामीकोसुभाव
कह्योसेा जबउर आनिहैं । सोचसकल मिटिहैंराम भलो मन
मानिहैं । भलोमानिहैंरघुनाथ जोरिजो हाथमाथो नाइ हैं ।

ततकालतुलसीदासजे वनजन्मकोफलपाइहै। जपिनाम करहिं प्रणामकरहिंगुणग्रामरामहिंधरिहिये विचरहिंअवनीश चरणसरोजमनमधुकर किये ॥ १३५ ॥

टी०। राम ऐसे स्वामी तिनतें स्नेहनहीं कियो तौ बड़ी हानि है सनेही करवेमें हेतु कहतहैं कि देवतन्हि को जो दुर्लभ सो शरीर तोकोदियो अर्थात् मनुष्य शरीर भगवत् स्वरूप प्राप्तिको अधिकारी सो तोको अति कृपा करि दैतभये तेह स्वामीतें विमुख होनो न चाहिये जो शरीर अर्थ धर्म काम मोक्ष चारोंको हेतुहै अरुजाकों पायकरि पण्डित जोविवेकी सोपरमपद शिवविष्णु के स्वरूपपावतहैं अर्थात्शिव उपासक शिवकेस्वरूपको विष्णु उपासक विष्णु शरीरको प्राप्त होतहैं ऐसो तोहि दुर्लभ शरीर मिल्यो तथा यहां भरतखण्ड कर्मभूमिजहांको कियोकर्म सर्वत्र भोगहोत है ताहूपर निकट जो गङ्गाजी मिलीतौ यत्नभलोनाम स्थानभरतखण्ड ऐसोउत्तम अरु संग-तिगङ्गाजीकी भली अर्थात् साधनकर्ता मनुष्य शरीर यथा स्थानअति उत्तम अरुसंगति यज्ञतभलो तबहूं तेरीजो दुर्बुद्धि सोकायर नामरे कादर अर्थात् कल्याणसाधनतें विमुखकल्पवल्लीनामकल्पवृक्षकीलता तुल्यजो शरीरसंगतिस्थान सोविषको फलफलवेको चाहतिहै अर्थात् नेहविषय अमृतसदृश मधुरमोक्षरूप फललगनेचाहिये तेहिविषय विषतुल्य संसारको जन्ममरण रूपफल लग्यो चाहतहै यहबड़ीहानि है चेतकहै। कि जन्म तै व्यर्थ व्यतीत भयो अब कहाकरें तेह पर कहतहैं कि अजहूं नाम जेतनी आयुर्बल रहगई है तेतनी करि चितदै समुझिकर परमार्थकी बातसुनो सोबातकहत हैं हे हित सोनाम परलोक को हितसोहै अरुजगहूं नाम जगत के विषय भी जेहिके कटाक्ष तें स्वारथ नाम ऐश्वर्यादि की प्राप्ति होति है सो रामजूहैं चेतकहो कि हमको परलोक प्रिय नहीं तौ जौ स्वारथै प्रियहै तौ सोस्वारथ कातेंनाम केहतेंमिलैगो कवनकौं उदारता तौ वेद बखान करतहै अर्थात् स्वार्थरूप जो नाना भोग सोऊ रामजू के कटाक्षवितरेक नहींमिलत देखुनाम विचारकरु रेखल अहिखेलनाम सांपतें तू खेलेहै अर्थात् सांपते खेलेहै ताकोंसमयपाय सोसांपअवश्य काटैगो तैसेसांपरूप जो संसारसम्बन्धी नानाविषय सोतोकौ काटि

देगो अर्थात् सांपके काटेतें मृत्युहोतहै तैसे दुर्लभ जो मनुष्य शरीर सो व्यर्थनष्टहैजायगो ऐसोबूझि तेरखेलकौं छोड़करि सोप्रभु जोथी रघुवर ताकौंपहिचानु जेहतें पितादि जो सम्बन्धी अपनपौनाम अपनो जोहृदय सोप्रियलगतहै जाके प्रेमकरि अर्थात् चैतन्य सत्तपरमेश्वरका अंसहै तेहिकरि सबविषैं प्रियतामईहै सोस्वामी बिनुहेतु नाम पूजा सेवारहित हितकारी हैं ताकौं तू नहिंलखानाम नहीं पहिचानत यहबड़ी मूर्खताहै चेतपूछे कि सोस्वामीकहांहै सोकहत हैं कि सो हितू दूरिनहींहै हेरुनाम बिचारदृष्टितें देखुतबहियेही है नाम हृदयमों विद्यमानहै अर्थात् चैतन्यरूप जीव जोतैं ताकोप्रेमकअन्तर्यामीरूपकरिटिकोहै चेतकहे हृदयमेंहै तो कृपाकाहेंनहीं करते तेपर कहतहैं कि छल जो विषय कामना ताकों त्यागकरि जो स्मरणकरै तौ छोड़कियेहीनाम कृपाकियेही जानकृपाको स्वरूप जनावतहैं छोड़करि हस्तकमलकी छाया भक्तकेऊपर कियेरहतहैं भजतहिनाम सोभजनकरतहै ताकोसोऊस्वामी भजेनामभजनकरत हैं अर्थात् अपनो करिलेतहैं तेहस्वामीको अन ऐश्वर्य जनावतहैं जगतको ईश्वर तथा जेतनेजीव ताके जीवनरूप सबके नाम ब्रह्माआदि कीटपर्यन्तके सबसाजनाम यथायोग्य ऐश्वर्य रूअधिकारकोंसजैनाम सजतहैं हरिकों हरितानाम ब्रह्माण्डकी पालन शक्ति ब्रह्माकों विधातानाम उत्पत्तिशक्ति शिवकों शिवतानामसंहारशक्तिजेउनेदईहै ताकों दिखावतहैं सोई जानकीपति मधुरमूरति नाम राजकुमार स्वरूप सोहृदय नाम आनन्दमूर्त्ति मङ्गलमई नाम उत्सवस्वरूप इहां यह सन्देहहोतहै कि विष्णुकेभी ऐश्वर्यकेदाता श्रीरामजूकों कहेतो विष्णुतें भिन्नहोतहै ताकों यह साधनहै कि ब्रह्माण्ड २ प्रतिएक २ ब्रह्मा रुद्र अरु गुणावतार विष्णु रहतहैं तेहसबके कारण महाविष्णु श्रीमन्नारायण हैं सो महाविष्णु श्री रामरूप भये हैं यह हेतुकरि ब्रह्माण्ड २ प्रति जो गुणावतार विष्णु तेहके कारण श्रीरघुवर को कहत हैं याको प्रमाण जो देख्योचाहै सो सत्सङ्ग विलास विषैं देखे अत्यन्त दुर्लभ होकरि सुलभहोनो यह महानगुणहै सोकहतहैं कि ठाकुर अतिही बड़ोनाम ब्रह्मादिके स्वामीपर शील सुठिनामअत्यन्त मृदु रहनाम कोमल काहे कि शिवादिकके ध्यानकरि अगम नाम का

ठिन अर्थात् जेहके स्वरूपके हृदयमो लैआवने के हेतु सतासीहजार बरिसकी एक समाधि शिवजूकीलगी ऐसी तो दुर्लभता कि सोई केवटतें उठिकरि भेंट्योनाम मिलतभये यह सुलभता की अवधि है तेहकेवटते मिलते जलयुक्त नेत्रनेहतें शिथिल शरीर भयो सो देखिकरि देवादि सब कहतभये कि प्रेम प्रिय रघुवर समान कोऊ नहीं है अर्थात् भगवानके अवतारऊ अनेकहैं पर प्रेमतें बसहोनो यहअधिकता श्रीरघुबरमेंहै अन्यमेंनहीं तेहप्रेम परबसताको देखावत हैं कि जटायू शबरी विभीषण असंख्य भालु बानर तेहसबकौं अपनेतें अधिक बन्दनीय जगतविषै करतभये अर्थात् पहिलेमहावीरादिको स्मरण पूजनादिभक्त सब करतहैं एतनी बड़ाई दियेहू साहू परतिनकी सेवाको स्मरणकरि जियविषैं जैसे सकुचनिगड़ेनाम नमित भयेजातहैं अर्थात् ऐसीसेवा यहसब मेरीकियेहमकछु प्रतिउपकार न करिसके यह संकोचहै जेह रघुबरको जोवप्रतिकहतहैंकिखामीको स्वभाव जो पूर्व कह्यौ सो जब तू अपने हृदयमो लै आवैगो तब सकल शोच मिटिजायगो अरु रामजू आपहैं मनमो भलोमानिहैं रे जीव तोकों अधिक परिश्रमऊ करनोनहींहै हाथजोरि माथको जो तू नमितकरैगो अर्थात् निःछल होकर प्रणाममात्र कियेतें तत्काल नाम याहीजन्मविषैं तुलसीदास कहतहैं कि जीवन जोआयुबल अरु मनुष्यको जो जन्म ताको फलपाइहैनाम सुफल होयगो यह पूर्वोक्त को विचार करि जिह्वतेंनाम अरु गुणसमूहकऊ मस्तकतें प्रणामकरु हृदयमो स्वरूप धारण करु यही रीति करि अवनि जो पृथ्वी तामो विचरहिनाम सुखपूर्वक फिरो पर अवनीश जो महाराज श्रीरामजू ताके चरण कमल विषे अपने मनको भ्रमर करिकै तैं जीवन मुक्ति है यह अर्थ है ॥ १३५ ॥

मू० । शिवजबतेहरितेविलगान्यो । तबतें देहगेहनिजजान्यो । माया बसस्वरूपबिसरायो । तेहिभ्रमतेदारुणदुखपायो । पायोजोदारुणदुसहदुखसुखलेससपनेहुंनहिंमिल्यो । भवशूलशोकअनेकजेहितेहिपंथतूहठिहठिचल्यौ । बहुयोनिजन्मजराविपत्तिमतिमन्दहरिजान्योनहीं । श्रीरामबिनुविश्रामसूढ़बिचारलखिपायोकहीं । आनन्दसिंधुमध्यतवबासा । बिनुजानेकतुमरसि

पियासा । मृगभ्रमवारिसत्यजियजानी । तहंतूमगनभयोसुखमा
नी । तहंमगनमज्जसिपानकरिचयकाल जलनाहींजहां । निज
सहजअनुभवरूपतूखलभुलिअवआयोतहां । निर्मलनिरंजननि-
र्विकारहदार सुखतेंपरिपूर्ण्या । निष्कालराज विहायन्टपइव
अंधकारगृहपस्यो । तैंनिजकर्मडोरिदृढ़कीन्ही । अपनेकरनि
गांठिगहिदीन्ही । तातेपरवसपस्योअभागे । ताफलगर्भबासदु-
खआगे । आगेअनेकसमूहसंहतछदरगतजान्योसोऊ । शिरहेठ
ऊपरचरणसंकटबासनहिं पूछैकोऊ । योगितपुरीषतनो मूत्र
मलश्लेष्मिकहैमांसरुधिरसोवही । कोमलशरीरगंभीरवेदनीव्रधुनि
धुनिरोवहा । तूनिजकर्मजालमहंघेरा । श्रीहरिसंगतज्यौनहिं
तेरा । बहुविधिप्रतिपालनप्रभुकीन्हों । परमकृपालज्ञान तेहि
दीन्हों । तोहिदियेज्ञानविवेकजन्मअनेककीतवसुधिभई । तेहि
दैवकीहैंधरणजाकीविषममायागुणमई । जेहिकियेजीवनि-
कायवसरसहीनदिनदिनअतिनई । सोकरोबेगिसंभारश्रीपति
विपतिमहंजिनमतिमई । पुनिबहुविधगलानिजियमानी । अब
जगजायभजौंचक्रपानी । ऐसहिंकरिविचारिचुपसाधी । प्रसव
पवनप्रेरेउअपराधी । प्रेस्योजो परमप्रचण्ड मारुतकष्टनानाते
सह्यो । सोज्ञानध्यानविरागअनुभव जातनापावकदह्यो । अति
खेदव्याकुलअल्पबलक्षिणएकवेलिनआवई । तबतीव्रकष्टन जान
कोउसबलोगहर्षितगावई । बालदसाजेतेदुखपाये । अतिअनीम
नहिंजाहिंगनाये । क्षुधाव्याधिबाधाभईभारी । बेदननहिंजानै
महतारी । जननीनजानेपीरसोकेहिहेतुशिशुरोदनकरै । सोइ
करैबिबिधिउपायजातेंअधिकतुवछातीजरै । कौमारसैसबअरु
किशोरअपारअघकोकहिसकै । पितरेकतोहिनिर्दयमहाखल
आनकाऊकोसहिसकै । यौवनयुवतिसंगरंगरात्यौ । तबतूमहा
मोहमदमात्यौ । तातेंत्यागिधर्ममर्य्यादा । बिसरेतबसबप्रथमबि-
षादा । बिसरे बिषादनिकाय संकटसमुझिनहिंफाटत हियो ।
फिरिगर्भगतआवर्तसंहतचक्रजेहिसोइसोइकियो । कृमिभक्ष
विटपरिणामतनतेहिलागिजगवैरीभयो । परदार परधन द्रोह
परसंसारबाढ़ैनितनयो । देखतहीआईबिरुधाई । जोतैंअपनेजं

नाहिंबुलाई। ताकेगुणकछुकहेनजाहीं। सोअबप्रकटदेखुजगमाहीं। सोप्रगटतनजर्जरजरावसव्याधि शूलसतावई। शिरकम्पदृष्टीघ्राणप्रतिकृतवचनकाऊनभावई। गृहपालहूंतेअतिनिरादरखानपाननपावई। ऐसऊदसावैराग्यनहिंतृष्णातरंगबढ़ावई। कहिकोसकैमहाभवतेरे। जन्मएककेकछुयगनेरे। खानिसारिसन्ततअवगाहीं। अनऊनकरविचारमनमाहीं। अजऊंबिचारविकारतजिभजुरामनसुखदायकं। भवसिन्धुदुस्तरजलरघंभजुचक्रवरसुरनायकं। बिनुहेतुकरुणाकरउदारअपारमायातारणं। कैवल्यपतिजगपतिरमापतिप्राणपतिहितकारणं। रघुपतिभक्तिसुलभसुखकारी। सोचयतापशोकभयहारी। बिनुसतसंगभक्तिनहिंहोई। तेतबमिलैद्रवैजबसोई। जबद्रवैदीनदयालराघवसाधुसंगतिपाइयौ। जेहदरसपरसमागमादिकपापराशिनसाइयौ। जिन्हकेमिलेदुखसुखसमानअमानतादिकगुणभये। मदमोहकोभविषादक्रोधसुबोधतेसहजहिगये। सेवतसाधुद्वैतभयभागे। श्रीरघुबीरचरणलयलागे। देहजनितविकारसबत्यागे। तबफिरिनिजसरूपअनुरागे। अनुरागसोनिजरूपजोजगतेंबिलक्षनदेखिये संतोषसमशीतलसदादमद्वैषबमाननलेखिये। निरमलनिरामयएकरसतेहिहर्षशोकनव्यापई। त्रयलोकपावनसोसदाजाकीदसाऐसीभई। जोतेहिपंथचलैमनलाई। तौहरिकाहेनहोहिंसहाई जोमारगश्रुतिसाधुदेखावैं। तेहिपदचलतसबैसुखपावैं। पावहिंसदासुखहरिकृपासंसारआसातजिरहै। सपनेहुंनहींदुखद्वैतदरसन बातकोटिकोकहै। द्विजदेवगुरुहरिसंतबिनुसंसारपार न पावई। यहजानि तुलसीदासहरणरमापतिगावई॥ १३६॥

टी०। अब जीवको जेहिप्रकार तें संसारबन्धनभयौ है सो देखावत हैं यह जीव जबते भगवान ते बिलग भयौ अर्थात् भगवान के स्वरूपसो यावत् प्रारब्धो तावत् भगवानते भिन्न करि जीव ऐसो नाम नरह्यौ जब अविद्याके आवरनकरि पृथक् भयो तब जीव नाम भयौ तबतें देहकों अपनोगेह जान्यौ तेह देहबिषैं अभिनिवेस करि माया के बसह्वै अपनो स्वरूप जोसत्चित आनन्द सोबिसरणकियो

तेहि भ्रम तें दारुणदुख जन्म मरण रूप पावत है जेहि स्वरूप के भूलतें सुखको लेश स्वप्नऊ मेा नहीं मिल्यो तथा संसार सम्बन्धी शूल नाम गर्भ वास करि नाना दुख अरु शोक नाम स्त्री पुत्रादि के नाश भये कलेशजैाने मार्गमेा चलतें मिलत है ताहीमेा हठकरिकरि चलै है ताको फल वज्रतयोनि विषैं जन्म अरु दृढ़त्वकी विपत्ति भोगकरत है यह मतिमन्द हरिकौं नहींजान्यो अब जीवतें पूछत हैं कि रे मूढ़यो रामबिना विचारकरि देखु तेा कहीं तैने सुखपायो आनन्दसमुद्र के मध्यमेा तेरोनिवासहै तू बिनुजाने क्यौं पियासतें मरतहै अर्थात् आनन्दको समुद्ररूप परमेश्वर तेहते तू भिन्ननहीं है केवल अज्ञानकरि क्यौं दुखभोगकरत है तेहि दुख भेागकरबेमेा हेतु देत हैं मृगतृष्णाके जलरूप जेा इन्द्रिन्हके विषैं ताहीकेां सत्यजानिकरि सुखमानिबामेा मगनभयो अर्थात् सत्य आनन्दके स्वरूपकेां भुलकरि मृगतृष्णाके जल केां सत्यमानत है यह मूढ़ताकी अवधि है तेहि विषेरूप मृगतृष्णाके जलविषैं मग्नहेाकरि स्नान पानकरै है इहां विषय केा ध्यानकरनेा सेाई स्नानहै तेहि विषयके प्राप्तिकरि जेा सुख सेाई पीबनातुल्य जहां तीनेां कालमेा जलनहीं अर्थात् सुखनहीं अपनेा सहज अनुभव रूप भूलिकरि देखत तू अब तहां आयो अर्थात् सच्चित आनन्द स्वरूप अपना विस्मरणकरि देहरूप अपनेकेां मानतभयो सेा तेरोरूप कैसेा है निर्मलनाम विषयबासना रहित निरञ्जननाम अविद्यारूपमाया रहित निर्विकारनाम शरीरकेा जेा विकार अस्तिजायते वर्द्धते विपरिणमते अपक्षीयते नश्यति यह सबकरिरहित उदार सुखनामजेा सुखके लेशऊप्राप्तिभये फेर दूसरेासुखनहीं जानिपरत सेातें निष्काजनाम व्यर्थ स्वरूपानन्द रूपराज छेाड़िकरि राजाकेानाईं स्वप्नमेंकारागृहनाम बन्दीखानामेा पस्यो अर्थात् शरीराभिमान हेातभयो तेहबन्धनकेा देखावतहैं तू अपने अनेकजन्मकेा कियोजेा कर्मताहीकेा दृढ़डोरी करतभयो अपनेहाथन्हते नाम अज्ञानतें तेहडोरीकेा ग्रहणकरि गांठिदेतभयो इहां अहङ्कर्त्ता जेा बुद्धि सेाई ग्रहणकरनेा अरु यहकर्मतें यहफल भेागकरेंगे यह जेा बासना सेाई गांठिदृढ़तेहतें रे अभागे तैं परबस पस्योनाम संसाररूप बन्धनभयो जेा बांधोजात है ताको दुखहेातहै सेा तेहबन्धनको फलगर्भबासरूप दुखआगेहेायगेा

रक्तआदि जो मल अरु नानाप्रकारके कीड़ा सोई कर्दमनामकान्दो तेहतें आवृत नाम खपटिकरि सोवत है सो माताको भोजन कियो अनेक जो कटुवस्तु वाहीकरि वेदननाम पीड़ायहरीति गर्भके क्लेशको देखाये अन्यग्रन्थमें कहैं तहँ भगवत् कृपालुता देखावतहैं तेहगर्भमें जीवको ज्ञान विवेकदिये तब अनेकजन्मकी सुधिआई तेहतें ऐसी बुद्धि उत्पन्न भई कि तेह परमेश्वर हमशरणहैं जाको यह त्रिगुणमाया गुणमईनाम त्रिगुणरूपा जाने जीव समूहको अपनेवसकरि दिनदिन प्रति रसहीननाम सुखहीन करयोहै आपसर्वदा अतिनईनाम प्रवलहै जेहकी ऐसीमाया अरु ऐसीविपत्तिसों जेहने मतिदईहै सो श्रीपति शोघसंभारैनाम यह क्लेशतें त्राणकरैं पूर्वगर्भके दुखको कहिकरि अबजन्मके क्लेशको दिखावतहै प्रसवनाम उत्पत्ति कालको जोवायु सो प्रेरणाकरतभयो दुखदाई यहहेतु अपराधी कह्योतेह जन्मकालको जो नानाकष्ट सो सहतभयो तेहकेवेगतें गर्भसों भयो जो ज्ञान अरु भगवत्ध्यान संसारतें वैराग्य अपनेस्वरूपको अनुभवसो जातनानाम जन्मकालको दुखरूप जो अग्नितासो जलिगयो अगिले दोय तुककरि जन्मकालके दुःखको देखावतहैं अब बाल्यअवस्थाके दुखको जनावतहैं अतिअनीश नाम असमर्थ अर्थात् अत्यन्त पैरुषहीन अवस्था विविध उपायनाम सुखके वास्ते जलतेहतें अधिकदुख यहप्रकारसे रुदनाम पांचवर्षपर्यन्त बाल्यअवस्थाके दुखको भोगकरि दसवर्षपर्यन्त कुमार अवस्था तेहके ऊपर षोड़शवर्षपर्यन्त किशोर तेहदोऊअवस्थाविषैं अति चञ्चलविचार हीनताकरि अनन्तपाप जोतू करतभयो सो कोकरि सकैहै युवाअवस्थाको अधमता वर्णनकरतहैं जीवतें कहतहैं किगर्भ विषैं जबज्ञानभयो तब अनेकजन्मको संकट जो स्मरणभयो रह्यो सो बिसर्यो रेमूर्ख अबसो समुझिकरिके तेरो हृदयनहीं फाटतहै फेरि गर्भविषै प्राप्त अरु जन्मजाकों आवर्त नाम घूमनो अर्थात् गर्भ वास हेनो जन्म हेनो मरण हेनो फेरि सोई संसृतिचक्र नाम संसार रूप चरखा है नाम जो चरखापर चढ़ैहै सो बारबार नीचे ऊपरजाय है आवैहै तैसे जेहनाम जेहकर्तव्यतातें जन्ममरण होतहै सोईसोई फेर करनलाग्यो तौनकर्तव्यता देखावत हैं क्षमिनाम शरीर सड़िगयो तौ कीड़ा ह्वैगये भक्ष नाम पुत्रादि सानुकूल रहे बड़ी क्रिया

किये जनायदिये तो राख ह्वैगई विट नाम ष्टगाल कुत्ता गिद्धखाय लिये तो विष्टाभयो परिनाम अल्प सो यहीतीनों गतिहैं जेह शरीर को तेहके अर्थ समस्त जगतको वैरी भयौ वैरी होवे सो हेतु कहत हैं पर स्त्री पर द्रव्य अरु पर जीवहतें द्रोह सोई संसार रूप नित्य नयौ बढ़त भयौ यह प्रकारतें युवा अवस्था अरु युवाके ऊपरको जो वयक्रम यावत् पौरुष रह्यौ सो समाप्त भयौ अब वृद्ध अवस्था को देखावतहैं जरजरनाम जीर्ण प्रतिहतनाम नष्ट गृहपाल नामकूकर ऐसऊ दसा विषय वैराग्यनहीं तृष्णा रूप तरंग बढ़ावै है अर्थात् नाना मनोरथ गृह सम्बन्धी करेहै यह जो महा संसार है तैर सो को कहिसकैहै काहे कि एक जन्मके क्लेशको पूर्वगिनाये सोऊकछुका ताहूमें मनुष्य योनिको व्यवस्था कहे ऐसेही चारि खानि नाम अण्डज पक्षी योनि स्वेदज दृष्टजाति स्वेदज अरऊषज ढीलकीटादि चतुर्थ जरायुज जो गर्भ करि उत्पन्न होतहैं मनुष्य अरु पशु यामों सप्तत नाम निरन्तर अवगाही नाम जन्म ग्रहण करि तैं ने तैंने योनिके पीड़ाको भोग किये अजहूं अपने मनमें विचार न करे है विचार करि कहा करनो सो शिक्षा करत हैं विकार तजि नाम विषय वासना त्यागकरि रामजूको भजुकैसेहैं धीरधुवर संसाररूपी समुद्रदुस्तर जो दुर्लभ ताके पार करबे को जलरथ नाम जहाजरूप चक्रधर नाम दुष्टहके निमित्त चक्र सुदर्शन को धारणकिये बिनुहेतु नाम जीवतें कछु सेवा पूजा करायबेको प्रयोजन नहीं केवलसन्मुख भयेतें कृपाके करनेवाले गत कारणनाम जाको दूसरो कारण नहीं सबके कारण आपई अन्यत् शब्दस्पष्ट है पूर्व रामजूको भजन करनो कह्योसो भजनकहतहैं भगवत् भक्तिश्रवण कीर्तनादि सोई भजनसुलभ नाम जैसे तपस्या योगादिमें कलेश होत है सो भक्ति में नहीं सो भक्ति सत्संग व्यतिरेकनहीं होति अरु तौन साधुजेहके संगकरि भक्ति होति है सोई नाम परमेश्वर जब कृपा करें तब मिलै अर्थात् परमेश्वर कृपाकरैं तौ साधु मिलैं तब बड़े भाग्यकरि सत्संग होवे तेह सत्संग करि भक्ति महारानीकी प्रीतितेह भक्ति तें परमेश्वर मिलत हैं यह क्रमहै जेह साधुके मिलें भक्ति होतिहै ताको प्रभाव कहतहैं जिनके मिलेतें दुखसुखसोसम बुद्धिहोतिहै काहूतें अपनो नामनहीं

चाहत यह सब महान गुण होतहै तथा मदादि जो बड़े दोष सो सुबोध नाम सुन्दर ज्ञानके प्राप्त भये सहजहि गये नाम नाश होत हैं इत नाम गंभीरादि जो मत्य बुद्धिसो साधुके सेवन करि दूर होत है तब श्रीरघुवर चरण मोले नाम प्रीतिलगेहै तब देहतें उत्पन्न जो बिकार नाम नानाकलेशसो त्यागहोत हैं तब भूलोंजो अपनेस्वरूप जेहके भूलेतें संसार प्रवाहमो बह्योतेहको पहिचानकरि वामोअनुराग होत है जब अपने स्वरूप सो अनुराग भया सो तब जगत तें विलक्षण देखि पड़त है अर्थात् वाको आचरण असुझ सुख विषई जीवतेविलक्षण भासतहै तेहि विलक्षणताको देखावत हैं संतोषसमता शीतलता दमनाम इन्द्री निग्रहादि महान गुण सदा वा पुरुष सो टिकेहैं देहवस्त न लेखिये नाम देहको धर्म आत्मासो नहीं देखतयह रीतिकरि जीवन मुक्त होतहै तेहजीवन मुक्तको स्वरूप अगिलेतुकते जनावतहैं वेदश्रुत साधुके उपदेश तुमारचनेते कृतार्थहोतहै अन्यथा नहीं यह जनाये जब संसारकी आसात्यागकरि थिरहोयतब भगवत् कृपाते सर्वकाल सुखरूपहोत है स्वप्नको दुखरूप सो इतना ताको दरसननहीं होत अबकोटिह बातको कहे सर्वसाधन फलसर्व सुखको अवधियतनेहीहै सो पूर्वोक्त संसारको पार तथा जीवनमुक्त की निष्ठा ब्राह्मणहोता गुरु परमेश्वर साधु के भजन व्यतिरेक यह जीव तीनिकाल नहीं पावतहै यह जनि करि तुलसीदास सबहाम के नाशकर्ताको भगवान ताको निरंतर गावतहैं यह अर्थहै ॥ १३६ ॥

मू० । जोपै कृपा रघुपतिकृपालुकी बैरअबरकेकहासरै । होयनबांको बारभक्तकोजो कोउकोटि उपायकरै । तकैलीचजोमीचुसाधुकी सोपांवरतेहिमीचमरै । बेदबिदितप्रहलादकथासुनि नृसिंहभक्ति पथपांउधरै । गजउधारिहरिबध्योबिभीषणप्रभुअविचल कबहुं नटरै । अंबरीषपरीक्षितपुरतिकरिअजहुंसहासुनिग्लानिगेरै । सोधोंकहाजुनकियोसुयोधनअबुधआपनेमानजरै । प्रभुप्रसाद सौभाग्यविजययश पांडवनेब रह्योधरै । जोजो कृपणनेगोपर कहमोशठफिरितेहिकूपपरै । अपनेहुंसुखनसंतदोषकहंसुरतरुसोबिषफरिफरै । हैकाकोहैगोईश्वरको ओहठिजनकीसीमचरै । तुलसिदासरघुबीरबाहुबलमदाअभयकाहुनडरै ॥ १३७ ॥

टी० । रामजूके भक्तन्हको प्रभाव जनावत ७ कहासुर नाम क्या सिद्धहोय अर्थात् कछू होत नहीं यांको नाम टेढ़ो बार नाम रोम मीचुनाम मृत्यु गरेनाम गलत भये सोधों कहानाम सो कौन ऐसी करनी युधिष्ठिरादिके नाश निमित्त जो नहीं करतभयो किन्तु सब उपाय कियो सुयोधन नाम दुर्योधन अबुध जो अबूझ अपने अभिमानतें जलत रह्यो अर्थात् अपने क्रूर स्वभाव करि दुर्योधन युधिष्ठिरादिकों विषदियो आगमें जलाये नाना निषेधरूप उपाय जन्म पर्य्यन्त करत रह्यौ पर प्रभुके प्रसन्नतातें पाण्डवन्हको सौभाग्य अरु विजय तथा लोक विषें सुयश बरिआई बरे नाम हठात्कार करि स्वीकार करत भये अर्थात् भगवत् अनुग्रह करि युधिष्ठिरादि को सौभाग्यादि आये सेवन करत भये पर कहूं नाम सामान्य तें जीव माचके हानिको उपायकिये अरु संत द्रोही कौतो कल्पकोटिलऊ विष रूप फल फलेहै त्रैलोक्य नाम देा नाथ जाकौं होय सो ईश्वर के जन को सीम नाम मर्यादा चरै नाम जलावै अर्थात् भगवत् भक्तन्ह के मर्यादा कों नाश किये अपनेा नाश होत है त्रैलोक्य कहबे को यह अभिप्रायहै कि जाकों दोनाथ होय सो भगवत् भक्ततें अपराध करै काहे कि तेह अपराधकरि एकनाथ तो चक्रसुदर्शन अवश्य काटेगो दूसरो जो होयगो तौ कछु दिन जीयनेकी आस होयगी यह भाव है पूर्वोक्त रीति करि भक्तन्ह के ऊपर भगवान की ममता विचारि तुलसिदास श्रीरामजू के भुजा बलतें सर्वदा अभय रहत हैं काहूतें डरै नहीं ॥ १३७ ॥

मू० । कबहुंसोकरमरोजरघुनायकधरि हैोनाथशीशमेरे । जेहिकरअभयकियेजनअरुतबारकविपसनामटेरे । जेहिकरकमलकठोरशंभुधनुभञ्जिजनकसंशयमेट्यौ । जेहिकरकमलउठाइबंधुज्यौं परमप्रीतिकेवटभेट्यौ । जेहिकरकमलकृपालगीधकहंपितृगतिदेइ निजलोकदियौ । जेहिकरबालिविदारिदासहितकपिकुलपति सुग्रीवकियौ । आयेशरणसभीतविभीषणजेहिकरकमलतिलक कीन्हौ।जेहिकरगहिशरचापअसुरहतिअभयदानदेवन्हिदीन्हौ। शीतलसुखदछांहजेहिकरकीमेटतितापपापमायानिशिवासर तेहिकरसरोरुहकीचाहततुलसिदासछाया ॥ १३८ ॥

टी०। ऊपर भुजाके बलतें अपनी निर्भयता कहे तेह हस्तकमल को स्पर्श अपने मस्तकके ऊपर याचतहैं बारक नाम एकबार विवस नाम रोगादि ग्रस्तऊ होयकरि जो जीव नाम कों टेरै अर्थात् कहै तेह आरत जनन्हकों जैसे हस्त कमलते अभय करत भये सेा हस्त कमल कब मेरे माथ पर धरेागे हेरघुवर यह प्रार्थनाहै हस्तकमल कों यह सब विशेषण है शब्दार्थ स्पष्ट है जेह हस्त कमल की छाया शीतलकरेहै सुखद नाम अविनाशी सुखदेतिहै तापनाम अध्यात्मादि पाप नाम कायिक वाचिक मानसिक मायानाम अविद्या तेहिसब को मेटति नाम दूर करतिहै अहर्निश तेहि हस्त कमलकी छाया तुलसीदास चाहतहै आप कृपा करो हे स्वामिन् ॥ १३८ ॥

मू०। दीनदयालदुरितदारिद्दुखदुनीदुनहतिज्वंतापतईहै। देवदु-आरपुकारतआरतसबकोसबसुखहानिभईहै। प्रभुकेबचनबेद बुधसम्मतममसूरतिमहिदेवमईहै। तिन्हकीमतिरिसरागमोह मदलोभलालचीलीलिलईहै। राजतमाजकुसाजकोटिकटुकल्पत कलुषकुचालनईहै। नीतिप्रतीतिप्रीतिपरमितिपतिहेतुबाद हठिहेरिहईहै। आश्रमवर्णनधर्मबिरहितजगलोकबेदमर्य्याद गईहै। प्रजापतितपाखण्डपापरतअपनेअपनेरंगरईहै। भ्रान्ति सत्यशुभरीतिगईघटिबढ़ीकुरीतिकपटकलईहै। श्रीदतसाधु साधुताशोचतिखलबिलसतकुलसतिखलईहै। परमारथस्वारथ साधनभयेअफलसकलनहिंसिद्धिलईहै। कामधेनुधरनीकलिगो-मरबिबसबिकलजामतिनवईहै। कलिकरनीबरनियेकहांलौं करतफिरतबिनटहलटईहै। तापरदांतपीसिकरमींजतकोा नेजाचितकाहठईहै। त्योंत्योंनीचचढ़तसिरऊपर ज्योंज्योंश्रीफल बसढीलदईहै। सकलबरजितरजियेतरजनीकुम्हिलेहैंकोहड़े कीजईहै। दीजैदादिदेखिनातोबलिमहीमोदमंगलरितईहै। भरेभागअनुरागलोगकहैंरामअवधिचितवनिचितईहै। बिनती सुनसानंदहेरिहंसिकरुणाबारिभूमिभिजईहै। रामराजभयो काजसगुणशुभराजारामजगत्बिजईहै। समरथबड़ोसुजान सुसाहिबसुकृतसैनहारतजितईहै। सुजनसुभावसराहतसादर अनायासभवसरितबितईहै। उथपेथपनहजारि बसावनगई

बहोरिबिरदसदईहै । तुलसीप्रभुआरतिआरतिहरअभयबांह केहिकेहिनदईहै ॥ १३९ ॥

टी० । कलिकाल की प्रबलता देखि भगवानतें प्रार्थना करत हैं हेदीनदयाल दुरित जोपाप दरिद्र ताकों जो दुख तथा नहीं सहबे योग्य अधिदेवादि जो तैताप तेहिकरि दुनीनाम संसार तईहै नाम तप्त ह्वैरह्यो है हेदेव आपके दरवाजे पर आरत होकरि पुकारै हैं काहेकि और सबके सब सुखकी हानि भईहै अर्थात् अब सब दुखी हैं तौमैं अपनो दुख आपकों छोड़ि दूसरो केहतें कहूं अबसबके सुख की हानिकों पृथक् पृथक् देखावत हैं आपकों बेदरूप बचन अरु पण्डितन्ह को मन्मतहै कि महिदेव जो ब्राह्मण सोममभई नाम मेरी मूरतिहैं अर्थात् भगवत् स्वरूप हैं तिनकी लालची जो मति ताकों रिसि जो क्रोध रोग जो विषैमें अनुराग तथा मोह मद लोभ जो निषेधरूप सो लीलिलई नाम आवरन करतभये यहां लालची लोभ को बिशेषण है अर्थात् लालची जो लोभ ब्राह्मण को ऐश्वर्य हानि करिकरि अब त्रुचो को कहत हैं राजन्ह की जो समाज तेहि बिषे कुसाज कोटिन्ह कटु नाम कडुआ फल जाको अर्थात् बेद बाह्य कर्तव्यता कल्पना करतहैं तथा कलुष जो पापतद्रूप कुचाल रोज २ नई होतहै नीति जो राजनीति प्रतीति जो बेदशास्त्रके बचनबिषैं प्रीति जो साधु ब्राह्मण परमेश्वर गुरुबिषैं परमिति नाम अपने २ वर्णाश्रम को मर्य्यादा तेहि सबको पति नाम प्रतिष्ठा हेतु बाद जो नास्तिक बाद तानें हठातकार करि हेरि नाम ढूंढ़ि २ हई है नाम नाश करत भयो ब्राह्मण त्रुचो दोवर्णको भ्रष्टता कहिकरि आगे समुदाय ते जगत्को दुख देखावतहैं तहां वैश्य शूद्रादि तथा पृथक् २ आश्रम के रीतिको नहीं कहे सो यह हेतुतें कि जैसे कोई राजा दूसरेदेश के अमल करबेको जाय तौ प्रथम जो किलाको मारले तौ और देश सब आपै आधीन होतहै तैसे कलिकाल रूप राजा जगत्रूप देशके अमल करबेको आयो ताने बिचारकरि धर्मके किलारूप जो ब्राह्मण त्रुचो ताको पहिले जीति लयो तो अन्य जो वर्णाश्रमादि सो आपै बश भये यह भावहै अपने २ रङ्गरईहै नाम बेदाज्ञा त्याग करि सब को मनसुखी आचरण होतभयो भ्रान्ति जोत्रुमादि सो घटगई कपट

रूप कलई चढ़ीहै जेह कुरीति मेा सेा बढ़ा अर्थात् जो कोऊ कर्तव्यता भली करेहै सेाभी कपटकरि तथा साधु सब सीदत नाम दुख पावतहैं साधुता जेाधर्म सेा शेाभित नाम रहने नहीं पावेहैं तेहिके विपर्य्यय खल सब बिलास करतहैं खलई जो खलन्हको धर्म सेा आनन्द करतहैं परमारथ के जितने साधन सेा स्वारथ के साधन भये अर्थात् ज्ञान भक्ति आदि जीविका के अर्थ अभ्यास करे है ताहू पर सकल निष्फल भये सिद्धि की सई नाम समयभी नहीं है अर्थात् जीविकाभी पूर्ण नहीं मिलेहै तथा कामधेनुरूप जो पृथ्वी सेा कलिकालरूप गेामर नाम कसाई के बिबस हेाकरि बई नाम बेायेतेभी नहीं जामति है अर्थात् कसाई वश पड़े गाय के प्राण ऊपर आनि परयो दूध कैसे दे तद्वत् पृथ्वी दुष्टजनके वश भई कलिकालकी करनी कहां तक वर्णन करें बिन टहल नाम बिन प्रयोजनको टईनाम टेक अर्थात् हठ करत फिरत हैं इतनीकरि चुक्यो ताहू पर दांत पीसि हाथ मलत हैं को जाने कि याके चित्त मेा कहा ठई है नाम क्या ठहरीहै अर्थात् अबहीं पूर्णबल अपनेा नहीं कियेाहै यहां दांतको पीसनेा यहतें बूझि परयेा कि प्रताप रेाज २ बढ़त जात है कलिकालकी प्रभुता कहि स्वामीतें प्रार्थना करत हैं कि आप शील वश याके। ज्यौं २ ढीलि दई है अर्थात् याके करनीको नहीं देखते त्यौं २ अधनीचमाथेके ऊपरचढ़तहै अर्थात् जगत्रूप जेाआपको देखतामेा आपके दासन्हको उजाड़तहै औ जेा अपरोष युक्त हेाय बरजिकरि तरजिये नाम डाटिये तेा जैसे तर्ज्जनी जो अंगुली ताके देखाये ते कोहड़ेकी जई नाम बतिया मुरझातिहै तैसे यह कलिकाल कुम्मिलेहै नाम वृद्धि न हेायगेा अर्थात् अपना पौरुष नहीं करि सकैगेा तिन्हके दुर्दशा कौ देखकरि दादि नाम इनसाफ दीजे नाम देव अर्थात् करेा बलिहारी जावें हे रघुबर नातेा नाम जो शीघ्र फिरि आदि कौन सुनेागे तौभही जेा पृथ्वी सेा आनन्द मंगलतें रितईनाम खाली ह्वैगई तेहि हेतुकरि प्रजा तुम्हारे सबनष्ट हेायंगे यहविचार करि फिरि आदि को दादि देव जे रहते लेाग सब ऐसेा कहैं कि श्रीरामजू भाग्य अरु अनुरागने पूर्ण अवधि रूप जो चितवनि तेहते चितईहै तथा ऐसा लेाग कहैं यह प्रार्थना समाप्त पर्य्यन्त है विनय

को सुनि आनन्द पूर्वक देखि हंसि करि करुणारूप जलतें पृथ्वीको भिजाई है अब राम राज भयो सब के कार्य सगुण शुभ नाम मंगल रूप होतहैं रामाराम जगत्के विजयी कहे जीतिबे वाले बड़े समर्थ अरु सुजान सुन्दर खारविन्द पुण्यकी फौज हारतरही ताको जिताय दई सज्जन लोग यह सुभावकी प्रशंसा करत हैं आदर पूर्वक परिश्रम रहित कलिकाल तमासति जो क्लेश ताको बितई है नाम समाप्तकरि दईहै उखरे को स्थापित करने वाले उजरे को बसावने वाले गयो ऐश्वर्य फेरिले आवने वाले ऐसे बानाहैं सदई नाम सदा नेहको भरेभाग यहपदते लैकरि सदई पर्यन्त जितनी उक्तिकहैं सेा लेाग नाम जगत् कहेा ऐसौआपकरेाहै भगवत्तथा तुलसीभीकहत हैं कि प्रभु आरत जनके आरति जेा क्लेशसेा अवश्य हरत हैं अपनी कृपालुताकरि अभयरूप बांह केह केह को न दईहै अर्थात् दीन ह्वै करि शरण भयेकेह को संसारतें निर्भय न किये यहअर्थहै ॥१३९॥

मू०। तेनरनर्कारूपजीवतजगभवभंजनपदबिसुखअभागी। निशिवासर रुचिपापअशुचिमनखलमतिमलिननिगमपथत्यागी। नहिंसत संगभजननहिंहरिकोयवणनरामकथाअनुरागी। सुतवितदार भवनममतानिशिसेावतअतिनकबहुं मतिजागी। तुलसिदास हरिनामसुधातजिगठहठिपियतविषयविषमांगी। शूकरश्वान ख्गालसरिसजननजन्मतजगतजननिदुखलागी ॥ १४० ॥

टी०। भगवत् बिमुख जीव नरकरूप है तथा सर्व दोष तिनमेा निवास करतहै यहकहे पुत्रादिविषें जेा ममता सेाई रात्रिभईतेहि विषें अति सेावतनाम गाढ़ निद्राको प्राप्तहैं तेहि ममतारूप रात्रि तें कबहुं तिनकी मतिजगी नहीं अर्थात् कुम्भकरणभी सेावेतेाकाल पाय जगेयह बिमुखन्हकी निद्रा आयुर्बल पर्यन्तरहतिहै तुलसीदास कहतहैं कि भगवत्नामरूप अमृतत्यागकरि बिमुख जीवजेा हठसेा हठकरि विषयरूप विषमांगि २पीवतहै अर्थात् विषकरि मृत्यु होत है तथा विषय आशक्तिकरि जन्ममरण बन्यौरहतहै ऐसेजेा जीव सेा शूकरनाम विष्टा तुल्यपर स्त्री परद्रव्य भेागकरतहैं श्वाननामस्त्री रूप कुत्तीके पीछेलगे फिरतहैं सेा बारबारकाटति है तबहुं बिमुखनहीं होते तद्वत् कर्कसास्त्री अनेक दुखदेतिहै पर पीछेलगेहैं शृगालनाम

मृतक जीवन्हके मांसको भक्षणकरि जन्मव्यतीत करत हैं तेहि शूकरादि सदृशजन नाम जो विमुखजीव जगतविषें जन्मग्रहण करत हैं जो केवल माताके दुख देवेके निमित्त अर्थात् गर्भमें प्रवेशकरि माताको मरणान्त क्लेश देतहैं और कछु जन्मको फल नभयो अहभावहै १४०॥

मू०। रामचन्द्ररघुनायकतुमसों हौं बिनती केहि भांतिकरौं। अघअनेक अवलोकि आपनेअनघनाम अनुमानि डरौं। परदुखदुखीसुखी परसुखतें संतशीलनहिं हृदयधरौं। देखआनकी बिपतिपरमसुख सुनिसंपतिबिनआगिजरौं। भक्तिबिराग ज्ञानसाधनकहि बहुबिधिडहकतलोकफिरौं। शिवसर्वसुखधामनामतजुबेंचिनरकप्रदउदरभरौं। जानतहूंनिजपाप जलधिजियजलसीकरसम सुनतलरौं। रजसमपरअवगुण सुमेरुकरिगुणगिरिसमरजतें निदरौं। नानाबेषबनाइ दिवसनिशिपरबितजेहि तेहियुक्तिहरौं। एकौपलनकबहूं अलोलचितहितदैपदसरोजसुमिरौं। जो आचरणबिचारु मेरोकल्पकोटिलगिअवटिमरौं। तुलसिदास प्रभुकृपाबिलोकनिगे पदज्यौंभवसिन्धुतरौं १४१॥

टी०। हे स्वामी तुमते बिनय यह कैसेकरै काहेकि अपनो पाप देखतहैअरु आपको निष्पापनामहैयह अनुमानकरि डरतहौं अर्थात् बिनयकरबे योग्य जो होतहै तौ बिनय स्वामी सुनतहै और जो जीव योग्यनहीं सो जो बारबार कहतहै तौ गरदनमें हाथदेकरि निकालोजात है यह बिचारि डरतहौं योग्यता देखाये तेहितें अपनो विपरीति आचरण कहतहैं डहकत नाम ठगतनाम बेंचबे को यह अभिप्रायहै कि जो नाम मुक्तिफलदेतहै तेहनामकौं लेतहैंयह वासनाकरिकि जगत् रीझिकरि पूजादे अरुकरि पेटपालनहोय उदरकौं नरकप्रदकहेमें यह हेतुकि पेटपालन के निमित्त नाना निषेध कर्म यह जनकरतहै अपने पापकौं समुद्र समान जानतहूं और को पाप जलके सीकर नाम कणासमान सुनिकरि लरौं नामतें अधम पापरूपहै यह कहतहौं अन्यकोंधूली तुल्यऔगुण सुमेरुसमानकहतहौं अरु गुणपर्व्वत समानताकौं धूलीसम निरादरकरतहौं अलोल नाम स्थिर चित्तदैकरि हितजो चरण कमलताकौं न स्मरणकियेयहां पर्य्यंत संतन्हतें विपर्यय अपने आचरणकौं जनाये अवयह कहत हैं

कि हमतें तुमतें विनयकरबे योग्यभीनहीं परिजै। मेरे आचरणकौं बिचारोतो कोटिन्हकल्प पर्य्यन्त अवटिमरौंनाम संसाररूप कड़ाह बिषें औटाय बारबार मरूंगो औ जौ तुलसीदास को कृपादृष्टिकरि देखौ तौ गाय के खुर समान संसार समुद्र कौं पार होऊंगो यह प्रतीतिहै ॥ १४१ ॥

मू०। सकुचतहौंअतिरामकृपानिधि क्योंकरिबिनयसुनावौं। सकल धर्मबिपरीतकरतकेहिभांति नाथमनभावौं। जानतहूं हरि रूपचराचर मैं हठि नैन न लावौं। अंजनकेस सिखायुवतीतहं लोचनसलभपठावौं। श्रवणनिकोफलकथा तुम्हारीयहसमुझौं समुझावौं। तिन्हश्रवणन्हिपर दोषनिरंतर सुनिसुनिभरिभरि तावौं। जेहिरसनागुण गाइ तिहारे बिनु प्रयास सुखपावौं। तेहि सुखपर अपवादभेक ज्यों रटि रटि जन्मनसावौं। कर हृदयअतिबिमल बसहिंहरिकहि २ सबहिसिखावौं। हौंनिज उरअभिमान मोह मद खलमंडलीबसावौं। जोतनुधरिहरि पदसाधहिं जन सोबिनुकाजगवावौं। हाटकघटभरिधर्यौ। सुधागृहतजिनभकूपखनावौं। मनक्रमबचनछाड़ कीन्हेअघते करियलदुरावौं। परप्रेरितदूरषा बसकबजंक कियौकछुशुभ सोजनावौं। बिप्रद्रोहजनु बाटपर्यौ हठिसबसौं बैरबढ़ावौं। ताहूपरनिजमतिबिलाससब संतनमांझगनावौं। निगमशेष शारदनिहोरिजौंअपनेदोषकहावौं। तौनसिरा हिंकल्पशतलगि प्रभुकहाएकसुखगावौं। जौकरनीआपनीबिचारौंतौकिशरण हौंआवौं। मृदुलसुभावशीलरघुपतिको सोबलमनहिंदिखावौं। तुलसिदासप्रभु सोगुननहिंजेहिसपनेहू तुमहिंरिझावौं। नाथ कृपाभवसिंधुधेनुपदसमजोजानिसिरावौं ॥ १४२ ॥

टी०। पूर्वपदविषें जेहकर्तव्यतातें भगवत् प्रसन्नता तेहू तें अपनी करनी बिपरीत जनायेताहीको पुष्टकरत हैं समुदायतें कहि करि अब विशेष तें जनावत हैं चराचर जो जीव सोहरि रूप हैं एक जानत हूं हठ करि नेत्र कौं नहीं लावौं नाम भगवत् दृष्टि करि देखत हौं अंजन केशनाम अग्नि ताको सिखा जो लहरि तद्रूप जो स्त्री तेहि विषे नेत्र रूप सलभ कौं पढ़ावत हौं अर्थात् भगवत् रूप

देखेत नेचको फल होत है तेहितें विपर्यय खीरूप अग्निविषैसे। नेत्र नष्टहोतहैं अर्थात् निष्फल होतहैंतावैंनाम जलावतहौंयहतावनो बन्दकरबेकों कहतहैं यह लोकोक्ति है अर्थात् परायेके दोषरूप वस्तु तें एह करनको भरिभरि मूंदतहौं तेहहेतुतें भगवत् यशको प्रवेश नहींहोत भेक ज्यौं नाम मेजुकाकी नाईं अर्थात् और पक्षीआदिके बोलविषैं माधुर्य तथा कछु शब्द बूझिपरतहै मेजुकाको शब्द कठोर अरु अत्यन्त व्यर्थ तद्वत् सेानाके घड़ामेा अमृत भरि घरविषैं धस्योहै ताको त्यागकरि आकाश मेा कूंआ खेादावत हौं अर्थात् दुर्लभ जो मनुष्य शरीर सेाई सुवर्णको घटतुल्य तेहि विषैं सत्चित आनन्दरूप जो परमेश्वर अमृतरूप तेहिकौत्यागिकरि आकाशविषैं कूपके खेादावने तुल्य विषय संपादन के निमित्त अनेक जल तहां आकाश तुल्य विषय कूप सदृश जल तेहि विषयतें जो सुखकी प्रतीति सेाई जल अर्थात् सब मिथ्या ऐसी मेरी मंदता जो मिथ्या को सत्यमानि अरु सत्य को त्यागकरि जन्मनाश करत हौं कायमन बचन करि प्रीति तें जो जो नाना पाप किये ताको छपावनो परा और के प्रेरणा करि अथवा ईर्षावशनाम और करेहै वैसेा मैं हूं करूं हमतें दूसरे अधिक न कहलावैं एह रीतिकरि कबहुंक कियो जो कछु शुभ कर्म सेा कहि कहि जनावतहौं अर्थात् अपने सुख-पाप पुण्य कहेतें नाश होतहै सेा किंचित् जो पुण्य ताको कहि नाश किये पाप को गोप्य करि संचितकरै ऐसी उलटी कर्तव्यता मेरे बांट पस्यो नाम मेरेही बखरे मेा पस्यो ऐसऊ करनी करतहौं अरु सज्जननिमें अपने बुद्धिके बिलासकरि गिनावतहौं एक अधमता की मिठाई है पूर्वोक्त विपरीत कर्त्तव्यता कहिकरि अब अनन्तताजनावतहैं जो। अपनी करनी को विचारैं तेा आपके शरण होबेकी उतकंठा काहेको करै तेहि हेतुतें अपनी कर्तव्यता को भूलि करि हे रघुपति तुम्हारो कोमल सुभाव अरुशीलको जोबलमेा अपनेमनको देखावतहौं अपनेगुणकरि आपकेरिझाइबेकी प्रतीति नहीं केवल स्वामीकी क्रियाकरि संसार समुद्र गायकेखुर समहोतहै यहजानिकरि बिनय करतहौं कि सेा कृपाकरो जेहिते यह संसार समुद्र को सिरावैं नाम समाप्त करौं अर्थात् पारहोऊं ॥ १४२ ॥

मु०। सुनऊराम रघुबीरगुसाईं मनअनीतिरतमेरो। चरणसरोज बिसारितिहारे निशिदिन फिरतअनेरो। मानतनाहिंनिगम अनुशासन चासनकाछकेरो। भूल्योशूल कर्मकोल्हू लतिलज्यौं बऊबारनिपेरो। जहंसतसंग कथामाधवकी सपनेऊंकरतन फेरो। लोभमोहमदकामक्रोध रतितिन्हमों प्रेमघनेरो। परगुण सुनतदाहपरदूषणसुनतहर्षबऊतेरो। आपपापकोनगरबसावतसहिनसकतपरखेरो। साधन फल श्रुति सारनामतव भवसरिता कहंबेरो। मोपर करकाकिनी लागि गठ बेचि होत हठिचेरो। कबहुंकहौंसङ्गतिसुभावतेजाउं सुमारग नेरो। तब करिक्रोध भङ्ग कुमनोरथ देत कठिनभट भेरो। एकहौं दीन मलीनहीनमति बिपति जालअतिघेरो। तापर सहि नजाइ करुणानिधिमनकोदुसह दरेरो। हारिपस्योंकरियत बऊत बिधितातेकहतमबेरो। तुलसिदासयहचासमिटैजबहृदयकरऊतुमडेरो॥ १४३॥

टी०। पूर्व कही जोअपनी अधमता ताहीको फेरकहतहैं अनेरो नाम व्यर्थ सो शूलनाम पीड़ा मूल्यौ जो कर्म रूप कोल्हू तामेंतिल कीनाईं बऊत बारभांती प्रकारपेरेगये अर्थात् निषेधकर्म को जोफल नरकादिदुःख सोभोग किये खेरोनाम दोचार घरकी बस्ती अर्थात् आपतौ पापरूप औरको किंचित् पापसुनिकरि दूषणदेनो समस्त साधनको फलबेदको सारांश नदीके बेरोसदृश ऐसो तुम्हारो नामसो परायेके हाथ काकिनी नाम कौड़ी के अर्थमें जोगठ सो बेंचिकरि उलटोहठतें ताको दासहोतहौं अर्थात् तुम्हारोनाम लैकरि विषयी जीवन्हको देखाय द्रव्यलेत हौं सोई बेंचनेभयो ऐसी अमोलवस्तु कौडिन्ह पर दैकरि उलटो तेहि देने वालेके आधीन होतहौं यहमन्दताकी अवधिहै कबहुंमैं काहूके सङ्गकरि अथवा सुभावते सुमार्गजो शुभआचरण ताके नेरोनाम निकट भाग्यवश जातहौंतब क्रोध करि भङ्गनाम विषयाशक्तिरूप जो कुत्सित मनोरथ सो कठिन भटभेरोनाम धक्कादेत है अर्थात् सुमार्गते जुदा करत है दरेरो नाम अति संघर्ष अर्थात् प्रबल होयतो धक्का सहै मैं सब प्रकार बलहीन ताके नहीं सहबेयोग्य अपनी चञ्चलता को बेगरूप जो दरेरो सो यह मनदेतहै

मेरे यत्नते कछु सिद्धि नलगी तेहितें सबेरो कहतहौं कि तुलसीदास को यहनाम तबमिटै जबआपहृदयमो डेरोकरो इहां सबेरो कहबे को यह अभिप्रायहै कि अबहीं शरीर विद्यमान है अब ढील किये नाशहोयगो हे स्वामिन्॥ १४३॥

मू०। सोधौंकोजोनामलज्जाते नहिंराख्योरघुबीर। कारुणीकबिरुदकारणहैं हरिहरो बिषमभवभीर। वेदबिदितजगबिदितअजामिलबिप्रबन्धुअघधाम। घोरयमालयजातनिवास्योसुतहितसुमिरतनाम। पशुपांवरअभिमानसिंधुगजग्रस्योआइजबग्राह। सुमिरतसुकृतसपदिआयेप्रभुहस्योदुसहउरदाह। व्याधनिषादगृद्धगणिकादिकअगणितअवगुणमूल। नामओटते रामसबनको दूरिकस्योभवशूल। केहिआचरणघाटिहौंतिनतें रघुकुलभूषणभूप। सीदततुलसिदासनिशिवासरपस्योभीमतमकूप॥ १४४॥

टी०। पूर्व अपनी बिमुखता कही अब यहकहतहैं कि बिमुख के ऊपरभी आप कृपाकरतहो सोधौं को जाको अपने नाम को लज्जा करि शरणबिषें नहींराख्यो हेरघुबीर अर्थात्कैसहू अधमजीवनामावलम्ब किये ताको आप कृतार्थ करतहो काहे कि आप कारुणीक नाम समूह करुणा के मूर्ति हो बिरुदकरुणा नाम जीवते कछु टहल करायबेको प्रयोजननहीं राखत केवलनाम लियेमाचते हेहरि बिषम नाम कठिन संसारको मीरनामबोझ अनेकन्हके शरणकिये अपनी उक्तिमेा अजामिलको प्रसङ्ग प्रमाण दिये सुकृत नाम एकबेर सपदि नामशीघ्र यह दूसरो प्रमाण गजेन्द्र को दैकरि अपनी उक्ति को दृढ़ किये अब समुदाय करि व्याधादि का प्रसङ्ग स्मरण करावतहैं इतने अधमन्हको आपग्रहण कियेमैं इनभवनते कौनेआचरण बिषें घाटि हौं अर्थात् मेरी कर्तव्यताको देखोतौ तेहसबते बढ़तीठहरेगी हेरघुबीरतबजो तुलसिदास राचि दिवस भयानक अरुअंधेरे संसार रूप कूपमेा पड़करि सीदतनाम दुखपावतहै सोकेहहेतुतें अर्थात् जेहि२ अधमन्हको आप ग्रहणकिये तेह सबतें जोहम छोटे होते तौ आप ढीलकरते तौ उचित रह्यो सेा मैंतौ तेहि सबन्हके सुकृट तुल्यहौं तबढील न चहिये॥ १४४॥

मू०। कृपासिंधुजनदीन दुआरेदादिनपावतकाहे। जबजहंतुमहिं

पुकारतआरततवतिन्हकेदुखदाहेागप्रह्लादपांडुसुतकपिसबकेरिपुसङ्कटमेंट्यौ। प्रणतबंधुभयबिकलविभीषणउठिसेाभरतज्यौं भेंट्यौ। मैंतुम्हरेालैनामग्रामएकछरआपनेबसावौं। भजनविवेकविरागलेागभलेकर्मकर्मकरिल्यावौं। सुनिरिसभरेकुटिलकामादिकअरहिंजोरिआई। तिन्हहिंउजारिनारिअरिधनपुरराखहिंरामगुसांई। समरीछनदानदंडौरविउपायपचिहास्यौ। विनकारणकेकलहबड़ोदुखप्रभुसेाप्रगटिपुकास्यौं। सुरखारथीअनीशअन्तापकनिठुरदयाचितनाहीं। जाकंकहांकोबिपतिनिवारकभवतारकजगमाहीं। तुलसीयदपिपेाचतेा तुमरेा ओर नबाहुकेरेा। दीजैभक्तिबांहबैरकज्यौंडुबसबसैअबखेरेा॥ १४५॥

टी०। पूर्व कह्यौ जेा अनेक उक्ति वाही को फेर दृढ़करत हैं हे शप्रासिन्धु यहजन दीनहेाकरि आपके दरवाजे पर पड़ि पुकारत है इनसाफ ध्यानहीपावत चेतकहेा कि राजन्हकी डेाढ़ीपर अनेक जीव पड़ेरहतहैं जाको भाग्यउदय भयो ताकोकार्य सफल होत है सबको नहीं तेा हे स्वामी यह रीति प्राकृत राजन्हकी है आपकी नहीं जबनाम जैाने कानमेां जहंनाम जेह स्थानमेां आरत होकरि जीवतुमको पुकास्यौ तबनाम तबहीं तेहिके दुखको आपनाश कियेचेतपूछेाकि हमकेहके दुखको छुड़ाये तेा तिन सबको नामसुनेा सेा नामकहि जनावतहैं स्वामी को प्रसन्नता बूझि अब अपनेा मतलब कहतहैं किमैं तुम्हारेा लैनाम अर्थात् तुम्हरेनामतें ग्रामनाम छेाटी सीचट्टी अपने हृदय रूपी पृथ्वीमेां बसावतहौं तेा जब कोऊ नवीन ग्रामबसावेहै सेाप्रजाभी नवीन लैआवे है मैंभजन अरु विवेक विरागादि जेा भले २ लेागहेा ग्राम२ करि नाम एक २ कोलै आवतहौं बसवेके निमित्त यह नवीन जेारामपुर ताको बसते सुनिकरक्रोधतें भरेजये कुटिल जेाकाम क्रोधादिसेा अपनी बरिआईतें जेारकरतहैं तिन्ह सब भले लेागन्हको उजाड़ि करि खी बासना प्रचुर बुद्धि धन कामना इत्यादि जेा निषेधरूप प्रजाताको तेहिराजपुरमेां राखत हैं हे रामगुसाईं चेतकहेा कि उपायकछु नहीं करतेसेा मैं अपनी यथाशक्ति यत्न बहुतकरतहौं समनाम समता अर्थात् तेहिकामादि शत्रुतेंप्रीतिकरिसिखापकियेअबप्रीतिकियेतें नमानेतबसेवाकी नाम

आधीनभये ताहूतें नमाने तब छलनाम उनकी ओरुचिभई मोदेवे कोकहे परदिये नहीं तब छलकियेतें अधिक क्रोध उनको देखे तब दानदियो नाम तेह २ शत्रु को रुचि अनुसार विषय दिये याहूतें भ्रान्त नभये तबदण्डदिये अर्थात् योगादि साधनतें तेहिमषको अपल करि भय करबेको चाहे हेस्वामी हम इतनाउपाय रचिकरि पचि मरे तब तेहि कामादितें हानिमाने बिनुकारण नाम बेप्रयोजन यह रातिदिनको कलह तेहिकरि बड़ोदुख भयो तब प्रभुते प्रकट करि पुकारतहौं चेतकहो कि और देवतन्हतें फिर आदिकरो तौवैसो सब खारथी अर्थात् सेवापूजा चाहत हैं मोमैं सम्पत्तिहीन कौन पूजा देउं तथा पौरुष हीन कैसे सेवाकरूं ताहूपर अनीशनाम अन्य सबदेवता असमर्थहैं अर्थात् कामक्रोधादि के नाश करबे को समर्थ नहीं केवल अन्तर्यामी जो आप ताहीकी शक्तिहै तथा अन्यदेवता सब छलायक हैं नाम हम ऐसेदीन जीवन्हके योग्य नहीं अरुनिठुर नामकठोरहैं अरुदया चित्तबिषें नहीतौ आपको छोड़िकरि कहां जाऊं तुलसीयद्यपि क्षुद्रहै पर तुम्हारोहै और कोनहीं यह विचारि करि भक्तिरूप बांह सोई बैरकनाम निशानतुल्य अर्थात् जयेग्राममें निशान खड़ोहोतहै सो भक्ति रूप निशान कृपाकरिदेव जो आपके नामके निशान खड़े भयेतें सुबस नाम सुख पूर्वक खेरो नाम यह चट्टी अब बसे अर्थात् तुम्हारो नाम सुनिकरि कोऊ कामादि दुष्ट यहखेरे को उजाड़ि न सकैंगे यह प्रार्थना है॥ १४५॥

मू०। हौंसबविधि रामरावरो चाहतभयो चेरो। ठौरठौर साहबी होतहैख्यालकालकलिकेरो। कालकर्मदुन्द्री विषय गाहकगन घेरो। हौंनकबूलतबांधि कैमोलकरतकरेरो। बन्दिछोर तेरो नामहैबिरुदैतबड़ेरो। मैंकह्यौं तबछल प्रीतिकैमांगेउरडेरो। नामओटअबलगिरह्योमलयुगजगजेरो। अबगरीबनजमोगिये पाइबोनहेरो। जेहिकौतुक बकध्यानको प्रभु न्यावनिबेरो। तेहिहेतुककहियेकृपालतुलसीहैमेरो॥ १४६॥

टी०। फेर अपनीगति कहतहैं कि हेरघुबर मैं सब प्रकारकरि तुम्हारो चेरीभयो चाहतहौं तहां कलिकाल को यह ख्यालहै कि ठौरठौर मो साहिबी होति है अर्थात् मैंतो आपके हाथ बिकौ

चाहतहैं। तहां अनेक खरीदार अपनी साहिबी कों देखाय मोकौं दामकियो चाहतहैं अब साहेबन्हको नाम कहतहैं काल जो बस-तादि यहा सत्ययुगादि अर्थात् जैसे। काल आवत है तैसेई स्वभाव जीवको करिदेतहै अरुकर्म जोशुभअशुभसोअवश्य अपनेा फलदेत है तथाइन्द्रीगण अपने आधीनकरत हैं अरुइन्द्रिन्हको जो विषय सोऊ परबश करत है येई सब गाहक गण नाम खरीदार के समूह सेा मोकेा घेरत हैं कहत हैं कि हमारे हाथ तू बिक सेा हम नहीं कबूल करतहैं तब बांधिकैनाम अपने बसकरिमोल करतहैं करेरो नाम कड़ा इहां काल कर्मादि को जो फल सोई मोल है सोऊ सर्वदा नहीं समय समय के ऊपर मिलैगेा करेरो कहबे को यह अभिप्राय है खरीदारन्ह को हठ देखि बन्दीछोर नाम क्लेश को छुड़ावने वालोनाम तथा विरुदैतनाम बानाबहों तुम्हारेा हे स्वामी तिन्ह सबन्हतें मैं कह्यौ अर्थात् श्रीरघुवरके हाथ हम बिकवेकोंजात हैं तुमसब हमैं मतिदुखदेव ऐसेा बचन सुनायौं तब छलप्रीतिकरि नाम ऊपरतें प्रीति अंतष्करण तें छलकरि हृदयमेा डेरा मांगत हैं अर्थात् न बिकेागे तेा अपने हृदयमेा हम सबकौ रहनेदेा यह अभि-प्रायते कि हृदयमेा जेा रहैंगे तेा काल पाय याको नाशकरेंगे ऐसे बटपारन्हते केवल आपके नामके ओटकरि अबतक बचिआये कल-युग जेा कलियुग सेा जगत्विषैं जेरेा नाम अति जेरकियो अब यह गरीब कों नशमेागिये नाम यह सबतें जमेाग न करायेे काहेको पाइबेा न हेरेानाम अबजमेाग करायेतें फेरढ़ढ़े हमकौ न पाबेागे अर्थात् यहसब हमतें विरोधमाने हैं नाशकरि डारेंगे चेतकहेा कि तू कौन बड़ो अधिकारी है कि तेाकौं मैं ग्रहणकरूं तेा सुनेा जेह लीलाकरि बकअरु ध्वानकौ हे प्रभु आपन्याय नाम इन्साफ निबेरेा नाम निर्णयकिये अर्थात् बगला अरुउलूकको विवाद भयौ तेहिकौ इन्साफ करि उलूकको झूठीमानि बगुलाकौ जयपत्रदिये अरुवाको घर अमल कराये तथा ध्वानकौ कोऊ संन्यासी ने बेकसूर लाठी मार्यो। तेहकौ हाथीपर चढ़ाय अयोध्यातें बाहरकियो यह इति-हास बिस्तारकरि बालमीक रामायणं के उत्तरकाण्ड में है कृपालु तेहि कौतुकनाम तैसेई लीलापूर्वककहिये कि तुलसी मेरेा है अर्थात्

कालकर्मादि जो मोकौ घेरिकरि दासकियो चाहत हैं तेहिसबतें आज्ञाकरि देव कि यह मेरो गुलाम है तुमसब वाके निकट मति जावो यह विनय है ॥ १४६ ॥

मु०। कृपासिंधुतातेरहौंनिशिदिनमनमारे। महाराजलाजआपुहि निजजांघउघारे। मिल्योरहैंमास्यौचहैंकामादिसंघाती। मेा बिनरहैंनमेरियैजारेंछलछाती। बसतहियेहितजानिमैंसब कीरुचिपाली। कियोकथिककोदण्डहैंजड़कर्मकुचाली। देखी सुनीनआजुलौंअपनायतिऐसी। करहिसबैसिरमेरहो फिरि परैअनैसी। बड़ेअलेखीलखिपरैपरिहरैनजाहीं। असमंजसमैंमगनहौंलीजैगहिबाहीं। बारकजखिअवलोकियेकौतुकजनजी को। अनायासमिटिजायगोसंकटतुलसीको ॥ १४७ ॥

टी०। हे कृपासिंधु तेहिहेतुतें मनमारें रहतहौं कि अपनीजांघ उघारेतें अपने को लाज है हे महाराज अर्थात् और कोकियो दुख कह्यौं जातहै अरु अपनी करतव्यतातें अपने। क्लेश ताको कहाक हैं पूर्व तुकमेा अपनीगति अनिर्वचनीय कहे सेा देखावतहैं काम क्रोधादि जो संगी सेा हमतेंमिले रहतहैं अरु मस्यौ चाहतहैंचेतकहेा किऐसे को छोड़ि क्यों नहीं देते सेा हम व्यतिरेक कामादि एकछ-मलरहते नहीं जहां जांय तहां विद्यमान हैं संगी तेा ऐसेपर छल करि मेरीछोछाती जारतहैं सर्वदा हृदयमेा बसतहैं यह हेतुहित जानकरि मैंनेसबकी रुचि पालनकरि अर्थात् तेहि तेहिकौ विषय दिये परि यहजड़ कुचाली जेा कर्म सेा मोकों कथिककोदण्ड कियो नाम नाचने वाले जेा कथिक सेा अपने लड़के कों लाठीमेा घुंघरू बांधिनाच सिखावत हैं सेालाठी अतिचंचल होतिहै अरु पथिकको दण्ड जेा पाठ होय तेा रास्तागीर की लाठी सेाऊ चञ्चल होतिहै अभिप्राय देाऊ अर्थको चञ्चलतामेाहै सर्थात् कर्मादि मेाकोनाना विषयमेा चंचल किये हैं हेस्वामी ऐसी अपनायति आजुदेखी सुनी नहीं कि अनैसीनाम निषेध व्यापारकरें तेा सब परताको फलभोग फिरनाम घूमि घुमाय मेरे सिर परैहै अर्थात् कर्तव्यता शरीर इन्द्री आदि सबकोभोग जीवकरे है प्रथम तेायह कामक्रोधादि बड़े अलेखी नाम लखे नहीं जाते चेतलखिपरे नाम चीन्हेगये तौछोड़े नहींजाते

यह असमञ्जसमेा मैं डूब्यौहूं आप कृपाकरि बांहपकड़िलेवतेा बचतहैं। चेत कहेा कि तू कौनबड़ो आदमी है जेा मैं बांह पकड़ूं तेा यहबात सत्यहै बलिहारी जावैं एकबार यहजनके जीकेा कौतुकजेा पूर्वकहिआये सेा आंखन्हके ओटतें देखेा देखने माचकरि आनयास तुलसीके। सबसंकट मिटिजायगेा अर्थात् देखवेमेा कछु परिश्रम है नहीं अबकृपाकरेा हे श्रीरघुबर ॥ १४७ ॥

मू०। कहौंकौनमुहलाइकै रघुबीरगुसाईं। सकुचतसमुझत आपनी सबसाईंदुहाईं। सेवतबसतसुमिरतसखाशरणागतसेाहौं। गुण गनसीतानाथकेचितकरतनहौंहौं। कृपासिंधुबंधुदीनकेआरत हितकारी। प्रणतपालबिरुदावलीसुनिजानिबिसारी। सेइन धेइनसुमिरकेपदप्रीतिसुधारी। पाइसुसाहिबरामसेाभरिपेट बिगारी। नाथगरीबनिवाजहैं मैंगरिबगरीबी। तुलसीप्रभु निजओरतेबनिपरैसेाकीबी ॥ १४७ ॥

टी०। हे रघुबीरगुसाईं कौनमुंहलायकरि आपतें कछुं अपनी सब स्वामी द्रोहता समुझत सकुचत हौं अर्थात् आपकेा अनन्त उपकार और अपनी विमुखता रूप द्रोह स्मरण करि मुंह सम्मुख नहीं कियेा जाय है अपनेा दोष कहिकरि स्वामीके गुण कहत हैं सेवन कियेतें वश होत हेा स्मरण कियेमित्र अर्थात् सर्वकाल प्रत्यक्ष हेा पर शरण प्राप्त भये सन्मुख होतहेा ऐसे जो आप सेा जानकी पति ताके गुण समूहको चित्त विषें न करतहौं कृपालुतादि बिरदावली आपकी सुनि जानि करि भी विसारत भये सेवन करिध्यान करि स्मरणकरि आपके चरण कमल विषे प्रीति न सुधारीनामभली प्रकार धारण न करी श्री रामजू ऐसेा सुन्दरखाविन्द पायकरि भी भरिपेट बिगारी नाम विमुखन्हके आचरणको करते जन्मखेायौं आप गरीबनेवाज हौ यामेा संदेह नहींपर और कर्तव्यता कहांकरूंगेा गरीबीभी न ग्रहणकिये ऐसेा अधमतुलसीहै हेप्रभुहेनाथ अबअपनी ओरते जेा कुछ बनिआवै सेा करौं ॥ १४८ ॥

मू०। कहांजाउंकासेांकहौंओरठौरनमेरे। जन्मगवांयौंतेरेही द्वार किंकरतेरे। मैंतेाबिगारीनाथसौं आरतिकेलीन्हे। तेाहिकृपा निधिक्योंबनेमेरीसीकीन्हे। दिनदुरदिनदिन दुरदगादिन दुख

दिनदूषण। जबलौंतूनबिलोकिहैरघुवंशबिभूषण।दईपीठिबिन ढीठमैं तुमविश्वबिलोचन। तोसो तुहीनदूसरो नतमोचबिमो चन। पराधीनदेवदीनहौंस्वाधीनगोसाईं। बोलनिहारेसोकरे बलिबिनयबिभाईं। आपुहिंसमोहिंदेखिये जनमानियसांचो बड़ोबोटरामनामकीजेहिलयोमोबांचो।रहनिरीतिरामरावरी नितहियकुलसी है ज्यौंभावैत्यौंकरकृपातेरोतुलसी है॥ १४९॥

टी०। अब यह कहत हैं की जो आप कृपा करो तो आप की बड़ाई है चेत मेरे बिनय कौन सुनों तब हूं मैं कहां जाऊं अपनी बिपत्ति केहते कहें और ठौर तो मोकौ है नहीं तथा यह जन्म तु-म्हारे दरवाजे पर ब्यतीत कियौ आपके दासहोकरि अर्थात् यहजन्म तो आपके दरवाजेपरगयो अबतो फेर जबदूसरो जन्म होय तबकोऊ दूसरेकी सेवाकरैं यह भाव है चेत आपकहो कि तूअपनी बिसुखता आपै कहे है तो मैं क्याकरूं मेरे स्वामी मैंनेजो आपसौं बिगारी सेो आरतिके लीन्हें नामक्लेश ग्रस्तको विचार नहींरहत और आप जो स्वतंत्र सर्व्वेश्वर ताको मेरीसी कीन्हे क्योंबने हेकृपानिधि अर्थात् हमारी करनी अनुहारि आपकौं करनौं न चाहिये दिननाम प्रति दिन दुर्दिन नाम दुखके दिन होंहगे अरु दिन नाम रोजरोज दुर्दशा होयगी तथा प्रति दिन दुख भोग करेंगे अरु दिन दिन जगत् विषें दूषण होयगो जौलौं तुमनहीं कृपाकटाच्छते देखोगे हेरघुवंश बिभू-षण चेतकरो कि तैं देखतनहीं हमहीं कौं देखावै है सेा मैंने पीठि दई तो मोकौ उचितहै काहेकि बिनडीठनाम अन्धे हैं और आपतो बिश्वबिलोचन नाम समस्त ब्रह्मांड के नेत्र आपैकी आंखहैतो आपको न देखनो कैसे उचित होय तुम ऐसे तुमहीं हो दूसरो नहीं नतजो प्रणाम करत जीव ताके शोच छोड़ावने वालेमैतो पराधीन अरु दीन नाम पौरुषहीन और स्वामीस्वाधीननामस्वतंत्र गोसाईंनामइन्द्रिन्ह के स्वामी अर्थात् प्रेरकसेा इहां ठकुराई छोड़ि इनसाफ करो कि बोलनिहारेमेानाम चैतन्यतें भांई जोपरछांहीं सेाबिनय करिसकै है बलिजांव हेरघुबर यह गूढ़ अभिप्रायहै चित्तदै करि सुनो अर्थात् मनुष्यकी परछाहीं जड़सेा क्या करिसकेहै तैसें यहजीव भगवानको प्रतिबिंब है तो प्रतिबिंब को धर्म है कि बिंब जो आधार सेा जैसेा

आचरण करत है तैसेा प्रतिबिंब विषैं प्रतीति होतहै अर्थात् स्वरूप खड़ो होतहै तेा परछांही भी खड़ीहोत है बैठेते बैठि जाति है जो जो चेष्टा स्वरूप करे सेासेा याहूमेा भाषत है तैसें आपजो जो भाव करतहौ सेा याकी कर्तव्यता होतिहै तबयहतें सेवाचाहो अरु याके करनीको देखेातौ आप ईश्वरहौ तुमको काको यह भाव है पूर्वके रहस्यको बिचारि अपनीओर देखितब मेरी ओर देखे। अर्थात् कठपुतरी समान नचावतहौ ऐसेा बूझिअपनो सांचेा जनयह को मानेा अब फेरफार किये नहींबनैहै तथा राम नामकी बड़ी ओट है जाने तेहि ओटको लियेा सो संसार रूपव्यघ्रतें बच्योऐसेा बेद शास्त्र भज्जन पुकारि रहे हैं तेा सबबचें एक मैं मास्यो जाऊं यहउचित नहींहै अपकी रीति रहनि हेरामजू नितनाम रोजरोज मेरे हृदयमेा झलसत है तेहितें तुलसी तुम्हारो गुलाम है जैसे भावे तैसें कृपा करेा स्वतंत्र हौ ॥ १४९ ॥

मू० । रामभद्रमेाहिआपनोसेाचहैअरुनाहीं । जीवसकलसंतापकेभाजनजगमाहीं। नातेाबड़ोसमर्थसेाएकवोरकिधेाहूं।तेाकौमेासें अतिघनेमेाकोएकतेाहूं । बड़िगलानिहानिहैहियें सरबज्ञ गुसांई । कूर कुसेवक कहत हैं। सेवक की नाईं । भलेाप्रेाच राम को कहै मोहिं सब नर नारी । बिगरे सेवक स्वान ज्यौं साहिब सिरगारी । असमंजसमनको मिटैसेाउपाउनसूझै । दीनबंधुकीजैसेाईबनिपरै जोबूझै । बिरदावलीबिलेाकियेतिन्ह मेकेाहूहौंहौं । तुलसीप्रभुकेापरिहस्यौंशरणागतसौंहौं १५० ॥

टी० । हे रामभद्र नाम कल्याणमूर्ति अपनेा प्रेाच मेाको है अरु नहीं भी है काहेकि जीवसकल संताप को पाच है जगत्मेा अर्थात् जबहीं जीव नाम कहायो तबहीं कलेसको पाचभयो तौ जब अवश्य भेागकरनेा तब कौन प्रेाचकरैं तथा संसार प्रवाहके बेगतें जबअति व्याकुलताहेातहै तब प्रेाचऊआवेहै यहभावहै बड़े समर्थसेा नातेा एकओर किधेाहूं नाम एकमेरीये ओरतें है काहे कि तुमको हम ऐसेघनेरेहैं अरु मेाको तुमएकहेा अर्थात् तुममेबक न भी मानेातौ हूं मैं कैसे स्वामीनमानू बड़ो ग्लानि हानि हृदयमेाहै यह हेतुकि स्वामी मेरो सर्वज्ञमैं कूरकुसेवकनाम निमकहराम ऐसेाहौंपर बात

बनाइ कहतहौं भलेसेवकके तुल्य अर्थात् हृदयमेरो कुटिलबचन सुधै तौ अन्तर्यामी के निकट परदा पड़े है सर्वज्ञतें कैसें छिपैगो यह समुझतहौं तब गलानिहोतिहै भलोहै अथवा क्षुद्रहै परमेको सब स्त्री पुरुष जगत्त्रिपें रामको कहतहैं तो यह बात लोकमेा प्रसिद्ध है कि सेवकके बिगरेखाविन्द के माथेपर गालीहोति है खान ज्यौं नाम कूकरढुंढ़ाई करतहै गाली वाको स्वामीपावत है ऐसेा बूझि अपनी सेवकाई योग्यमेाको करेा यहभाव है मैं अपनी कला बहुत प्रकारकी करतहौं परमनको असमंजस नहीं मिटैहैं अरुताके मिटा यबेको आपकी कृपाको छोड़ि दूसरेा उपायनहीं सुझैहै अब हेदीन बन्धु मेरी बिनयको बूझिकर जेा बनिपड़ेसेा करेा चेतकहेाकि कौने सम्बन्धते तेाको ग्रहणकरें तेा अपनी जितनी बिरदावलीपतितपाव नादि ताको अवलेाकन करेा तिन्हमें नाम अधमादि मेा कोई एक हमहूं हेांगे अर्थात् अधमाई पतिताईआदि लेकरि सबहममेाहैपर आपके देखेते एकतेाकाऊ ठहरेगेा चेतएकऊ न हेाय प्रभु जेा आप सेा त्यागकरेातौ तुलसी आपके शरणप्राप्तहेाकरि सेाहौंनाम सन्मुख रहेगेा आपको छेाड़ि अन्यच जानेवालेा नहीं हैं १५० ॥

मू० । ज्यौंपैचेराईरामकीकरतेनजातेा । तौतूदामकुदामज्यौंकरकर नबिकातेा । जपतजेाहरघुनाथकेानामनहिं अलसातेा । बागी गरकेसूमज्यौंखलखेहनखातेा । जौतूमनमेरेकहै रामकामक मातेा । सीतापतिसन्मुखसुखी सबठांवसमातेा । रामसुहाते तेाहिजैातूसबहि सुहातेा । कालकर्म कुलिकारनीकेाऊनकु हातेा । रामनामअनुरागहीनियजेारतिआतेा खारयघरमा रथपथीतेाहिसबपतिआतेा । सेइसाधुसुनि समुझिके परमीत पिरातेा । जन्मकेाटिकेाकंदैलेा हृदहृदयथिरातेा । भवमगअगम अनन्तहैबिनुश्रमहिंसिरातेा । महिमाउलटेनामकेा सुनिकिये किरातेा । अमरअगमतनपाइसेाजड़जायनजातेा । हेातेामंगल मूलतूअनकूलबिधातेा । जौमनप्रीतिप्रतीतिसेां रामनामहिं रातेा । तुलसीरामप्रसादसेातिहुंतापनतातेा ॥ १५१ ॥

टी० । जौंपै रैगेव रामजूकी गुलामी करते लज्जा न करतेा तौ तृदास नाम शुद्ध सुवर्ण हेाकरि कुदास ज्यौं नाम रांगा पीया की

तरह हाथतें हाथ न बिकतो अर्थात् जहांतहां निरादर न होतो रामजी के नामको जपते जिह्वातें जो तू आलस न करतो तो बाजीगर नाम नट ताके सूत्रज्यौं नाम कपड़ाको स्वरूप बनाय वाको सूम कहत हैं तेहिके सदृश रेखल तू खेहनाम धूरि नखातो अर्थात् तमासा के अन्तमें नट वाके मुखमें धूरि देत हैं तैसे तू जहांतहां धूरि फांकत न फिरतो जो रे मन तू मेरे कहेतें रामका नाम कमातो नाम श्रीरघुबर परिचर्या करतो तो श्रीसीतापतिके सन्मुख भयेतें सुखीहोकरि सबठांवनाम लोकपरलोक दोऊ मोसमातो नाम प्रवेशहोतो रामजू तोको प्रियलगते तो तू सबको प्रियहोतो काल कर्म कुलिनाम सब कारनी जो कारण करने वाले सो कोऊ नकोहातो नाम क्रोध न करतो रामनाम के अनुरागकरि जो तेरे जिय मेा प्रीति आवती तो स्वारथ के पथो जो यह लोक सम्बन्धी तथा परमारथ पथो नाम परलोक के सङ्गी तोको सब पतियातो नाम प्रतीतिकरतो अर्थात् स्वारथपरमारथ दोऊको सुख तथा अभिलाष मिलत साधुको सेवनकरि सुनि समुझिके परायेके पीरतें आप पीर मानतो तो कोटिन्ह जन्मको कंदैलोनाम मलीनता हृदयरूप कृदमो थिरातोनाम थिरहोतो अर्थात् हृदयशुद्ध होत संसारमार्ग कठिन अनन्त है पर व्यतिरेक परिश्रम सिरातो नाम समाप्त होतो काहें कि उलटे नामको यह महिमा है कि किरातरूप जीवहिंसक जो बालमीक सोमुनिभये देवन्हको दुर्लभजो शरीर सो पायकरि रेजड़ जायनाम व्यर्थजो न जातो तो समस्त मंगलकोमूल तूहोतो तो तथा ब्रह्मासानुकूल होते जोरेमन प्रीति प्रतीति सो रामनाम बिषैरति करतो तो तुलसी कहत है कि रामप्रसाद सों चैताप करि तातो नाम तप्त नहीं होतो ॥ १५१ ॥

मू० । रामभलाईआपने भलकियोंनकाको । युगयुगजानकीनाथको जगजागतसाको । ब्रह्मादिकबिनतीकरीकहिदुखबसुधाको । रविकुलकैरवचंदभो आनंदसुधाको । कौशिकगरततुसारज्यौंत कितेजतियाको । प्रभुअनहितहितकोदियोफलकोपकृपाको । हरयोपापप्रापजाइकै संतापभिलाको । शोचमगनकाख्योसही साहिबसिधिलाको । दोषराशिभृगुपतिघनी अहमितिममता-

को। चितवतभाजनकरिलियौउपसमसमताको। मुदितमानि आयसुचलेबनमातुपिताको। धर्मधुरंधरधीरसोगुणशीलजिता को। गुहगरीबगतज्ञातिहूंजीवजेहिनभखाको। पायौपावन प्रेमतेंसनमानसखाको। सदगतिसबरीगिद्धकीसादरकरताको। शोचसीवसुग्रीवकेसंकटहरताको। राखिबिभीषणकौंमकै तेहि कालकहांको। आजविराजराजहेदशकंधजहांको। बालिस बासीअवधकेबूझियेनखाको। तेपांवरपङ्कजेतहांजहंमुनिमनधा को। गतिनलहैरामनामसोविधिसोसिरजाको। सुमिरतकहत प्रचारिकैवल्लभगिरिजाको। अकनिअजामिलकीकथा सानन्द नभाको। नामलेतकलिकालहूं हरिपुरहिनगाको। रामनाम महिमाकरै कामभूरुहआको। साक्षीबेदपुराण है तुलसीतन ताको॥ १५२॥

टी०। श्रीरामजू अपनी ओरदेखि सबको भलो करतहैं यहबात जनावत हैं सूर्यकुल कुई रूपताको चन्द्रमा सदृश आनन्द रूप अवतार ग्रहणकरि ब्रह्मादिको दुखछोड़ायौ विश्वामित्र तुमारनाम पालाकी नाईं गलतरहे ताड़काके तेजकौं देखि करिप्रभुजी श्रीरघुवरसो तिनकौं सुखीकिये तथा अनहित जोताड़का ताकौं हितकीनाईं कोपकरि कृपाको फलदिये अहल्याकोजनकजूको दुख निवृत्ति किये क्रोधके रासि अहंकार ममताके धनी जो परशुरामजू ताको कृपा दृष्टितें देखि करि उपसम नाम वैराग्य अरु ममताको पाच करि दियौ पिता माताके आज्ञा करि आनन्दचित्त तें अयोध्या ऐसी राजधानी त्यागकरि बनकौ चले यह हेतुतें धर्मके बोझाकौं धारण करता अरुधीर गुणशीलके जीतने वाले रघुवर कौ त्यागकरि दूसरो को अर्थात् कोऊ नहीं गुह जो निषाद गरीब गत ज्ञातिहूं नाम नीच जाति तथा कौनऐसो जीवहै जेहिको नभखा नाम न खायौ अर्थात् हिंसा रूप जीविका जाकी सो मिचको सत कारपायौ केवल पविच प्रमतें गृद्धसबरीकौं पिता माता मानिसद्गतिदिये शोचको सीवाजो सुग्रीवताको संकटदूरि किये ऐसोदूसरो को बिभीषणकौं देखावतहैं कहां नाम केस्थान मोदूसरो को। तैहिकालविषय जो राखिसके बालिस नाममूर्ख अवधकोवासी जो रजक

श्रीजनक नन्दिनी की निन्दा कियो बूझियेनाम बूझेतें न खाकोनाम वामोखा कभी नहीं अर्थात् अति मतिमन्द ताकौं दुर्लभ गति दिये रामनामतेजेहिजीवकौं गतिनहीं सोजीवब्रह्मा चत्मन्न न कियौयह विचारि आपकौ।शरण करतहैंतथा प्रचारिकै कहतहैं शिवजूअकाम नामजानिकरि नभाकोनाम आनन्दयुक्तको न भयोनगाको नामको नगयेा राममामकी ऐसीमहिमाहै की आकोनाम एकवनकौं कल्प टनकरे अर्थात् अतिनीचको अतिउत्तम करेहैयाको साक्षी बेदपुराण है तथा प्रत्यक्षयह कालमेा तुलसीके शरीरकौ देखो ॥ १५२ ॥

मू०। मेरेरावरियेगतिहैरघुपतिबलिजाउं। निलजनीचनिर्द्धनिगुनकहंजगदूसरोनठाउंरठाउं। हैंघरघरभवभरेसुसाहिबसूझतसबनिआपनोदाउं। बानरबन्धुबिभीषणहितबिनकौंगल पालन हूनसमाउं। प्रणतारतिभञ्जनजनरञ्जनशरणागतपविपञ्जरनाउं। कीजैदासदासतुलसीअबकृपासिन्धु बिनमोलबिकाउं १५३॥

टी०। स्वामीतें कहतहैं कि सर्व दोषयुक्त जोमैं ताको आपछोड़ि दूसरी गति नहीं और जो ऐश्वर्यवान् साहि सेा घरघर भरेहैं पर सबकौ अपनेादाव सूझतहै जोसेवा पूजा करबेकौं समर्थ ताही पर अनुग्रह करतहैं बानरको बंधु तथाबिभीषणजो निश्चर ताको हित नामसिचकरनेकोगलपालनेा आपतेहिबिनयह कर्तव्यताकीसमाउ अन्यत्र नहीं शरणागत जीवन्हके रक्षा करबेको पवि पंजर नामवज्र के पिंजरा तुल्य नामजाको ऐसेा जो आप हे रघुवीरसेा अब तुलसी दासकौं अपनेा दासकरो चेतकहेा कि निकम्मेकौं हममेाल लैकरि कहा करें सेा हे कृपासिंधु यह बिना मेाल बिकेहै अर्थात् आपकौ कछू देनेा नहीं हेायगेा सेंतिको गुलाम हेातहै ॥ १५३ ॥

मू०। देवदूसरोकौनदीनकोदयाल। शील निधान सुजान शिरोमणि शरणागतप्रियप्रणतपाल। कोसमर्थसरवज्ञसकलप्रभुशिवसनेह मानसमराल। कोसाहिबकियेमीतप्रीतिबयखगनिश्चरकपि भीलभाल। नाथहाथमायाप्रपंचसबजीवदोषगुनकर्मकाल। तुलसिदासभलेापेाचरावरेानेकुनिरखिकीजैनिहाल ॥ १५३ ॥

टी०। स्वामी को गुण कहत हैं यह तुममें ऐश्वर्य कहिकरि मेाकौं कृतार्थ करो यह विनय करतहै शिवजू को सेइ सेाई मान

सरोवर तेहिबिषें बिहार करबेकों हंसरूप अन्यत् स्पष्टहै ॥ १५४ ॥

मू० । बिस्वासएकरामनामको । मानतनहीं प्रतीति अनतऐसोई स्वभावमन बामको । पढ़िबोपस्यो नछठीछमत चहुँ श्रुतिचारि यजुर अथर्वनसामको । ब्रततीरथ तप सुनिसहमत पचमरैकरैतन छामको । कर्मजाल कलिकाल कठिन आधीनसुसाधितदामको । ज्ञानबिराग योगजपतप भयलोभमोहकोह कामको । सबदिनसबलायक एकगायकरघुनायक गुणग्रामको । बैठेनाम कामतरुतरडर कौनघोरघनघामको । कोजानैकोजैहैबमपुरको सुरपुरपरधामको । तुलसिहिबझतभलो लागतजगजीवनराम गुलामको ॥ १५५ ॥

टी० । राम नाम को त्यागकरि अन्यत्र प्रतीति नहीं मानत ऐसोई स्वभाव यह मेरे टेढ़े मनको है यहां अनेक साधन शास्त्र प्रतिपादन करैहै तेहिके नहीं मानबेके हेतुते टेढ़ो कहे छमत जो छवों शास्त्र को मत तथा चारों वेद ताको पढ़िबो मेरे छठीमो न पस्यौ अर्थात् हमारे भाग्यमो ब्रह्मा लिखे नहीं अरु ब्रत तीरथ के क्लेशको सुनिकरि मन सहमतहै कि शरीरको छाम नाम दुर्बलकरिको पचि मरे यज्ञादि जो कर्मको समूह सो कलिकालमो कठिनहै काहे कि सुसाधितदाम नामबड़े परिश्रमतेंसंपादन कियौजोबड़ो ऐश्वर्य ताके आधीनहै अरु ज्ञानादि जो साधनताको लोभादि को भय लग्यौ है सब दिनमों सबके लायक तो केवल श्रीरघुबरको गुनसमूहहै जाको भव गायक नाम शिवजू गावतहैं तथा रामनाम जो कल्पवृक्ष ताके नीचे बैठेतें घोर जो कठिन घन नाम निबिड़ जो घाम ताको कौन डर अर्थात् सम्पन्न वृक्षके नीचे घामको भय नहीं होत तौ कल्पवृक्ष की छायामो घामको कौनडर तैसे नामावलंबीको संसार छतदुख कहांहै पूर्वोक्त हेतुन्हकरि अन्य सब साधनको आस त्यागकरि ऐसो विचार करनो चाहिये यम पुरको न जायगो तथा देवलोक केहकों मिलेगो अरु परधाम नाम मोक्ष को पावैगो यहको जानेहै अर्थात् कोई फिरि आइकरि कह्यौ नहीं जेहिते प्रतीति होय कि यहकर्म तें यह गति की प्राप्ति भई ऐसो बूझि तुलसी कों यह बझत भलो लागतहै कि राम गुलाम होकरि जगत् विषै जीवन व्यतीतकरनो

अर्थात् नरक को भय स्वर्ग मोक्ष की कामना त्यागकरि रामगुलाम ह्वै रहनो यह मनुष्य जन्मग्रहणको फलहै ॥ १५५ ॥

मू० । कलिनामकामतरुरामको । दलनिहारदारिद्दुकालदुखदोष धारयनघामको । नामलेतदाहिनोहोतमनवामबिधाताबाम को । काहतसुनीशमहेशमहातमउलटेसूधेनामको । भलोलोक परलोकतासुजाकेबलललितललामको । तुलसीजगजानियत नामतेशोचनकूचसुकामको ॥ १५६ ॥

टी० । नामको प्रभाव कहतहैं नामरूप कल्पतरु दारिद्र दुकाल नाम आपतकाल अरु दुख दोष सोई कठिन घनघाम भयो ताको नाशक नाम के लेते वाको नाम भाग्य हीन को बिधाता जो ब्रह्मा ताको टेढ़ो जोमन सेा दाहिनो नाम सन्मुख होतहै अर्थात् जाको भाग्य को लेसऊ नहीं ताहू को नामावलम्ब करि ब्रह्मा प्रसन्न होय फिर भाग्यवान करतहैं सेा यह नामको महिमा मैं नहीं करतहौं सेा नहीं किन्तु उलटे नामको मुनीश जोबालमीक तथा सूधेनामको शिवजू कहतहैं ताको लोक परलोक दोऊमों भलोहै ललितललाम नाम सुन्दरौंतें सुन्दर अर्थात् ज्ञानादि जेा उत्तम साधन ताहू को भूषणरूप जेा राम नाम ताकों है बल याको तामो अपनेा प्रमाण देतहैं कि नाम के शरणतें याको कूच मोकाम को शोच नहीं यह लोकोक्ति है अर्थात् अत्यन्त बेखबर मन्द बुद्धि इहां तक कि कूच मोकाम नाम जन्ममरण ताको खबर नहीं ऐसेा जेा तुलसी ताहू को जगत् जानत भयौ ॥ १५६ ॥

मू० । सेइयेसुसाहबरामसेा । सुखदसुशीलसुजानसूरसुचिसुन्दरकोटिकामसेा । शारदशेषसाधुमहिमाकहैंगुणगणगायकसामसेा । सुमिरिसप्रेमनामयासेांरति चाहत चन्द्रललामसेा । गमनविदेशनलेशकलेशुकोमकुचतसुकृतप्रणामसेा । साक्षीताको विदितबिभीषणवैद्योहैअविचलधामसेा । टहलसहजजनमहल२ णागतचारेायुगयामसेा । देखतदोषनखीझतरीझतसुनि सेवक गुणग्रामसेा । जाकोभयेतिलोकतिलकभयेचिजगयोनितनतामसेा । तुलसीऐसेप्रभुहिभजैजोनताहिबिधाताबामसेा ॥ १५७ ॥

टी० । रामजूको सेवन करनेा यह सर्वसम्मत है जेहि रघुवर को

महिमाको शारदादि सबकहैहैं तथासामवेदजाके गुणको गायकहै अरु प्रीतिपूर्वक नाम स्मरणकरि जासोंनाम जेहिरामजूते प्रीतिचाहतहैं चन्द्रलालमेानाम शिवजू ऐसेाईश्वर तेहिस्वामी के सेवाको सुलभता देखावतहैं कि विदेशको गमन शरीरादि कलेशको खेदज नहीं सुकृतनाम एकबेर जेा प्रणामकरे तेहते सकृचतनाम याको मैं कहादेउं अर्थात् एकप्रणामको फल बैकुण्ठादिदेनेा सेाऊ घेारेामानतहैं ताको साक्षीविभीषण है जनको टहलतेासहलनाम एकबार प्रणाममात्र तेहिकर्त्तव्यतातें महल २ नाम समय २ के ऊपर चारों जेा युग सेाई याम चारिपहरको राचीसमान तामे जेा स्वामीजागतहै कबहुं गाफिलनहींहेाते विशेषतें समय२के ऊपर जैसे द्रौपदी गजेन्द्रादि के। समयजानि रक्षा कियेतथा दासके दोषको देखिकरि भी खीझतनहीं गुणसमूह सुनिकरि रीझतहैं ऐसेा स्वभावजाको जेहि के शरणभयेतें चिणगनाम पशुपक्षी योनिशरीर तामसी जाकोसेाऊ भालूबानरादि त्रिलेाकके तिलकनाम भूषणभये तुलसी कहतहैं कि ऐसेप्रभुको जेानभज्यौ ताको ब्रह्मादेढ़ौभये यहबूझनेाचाहियें॥१५७॥

मू०। कैसेदेउं नाथहिखेारि । कामलेालुपभ्रमतमनहरिभक्तिपरिहरि तेारि । बञ्चतप्रीतिपुजाइबेपरपूजिबेपरथेारि । देतसिखसिख यौनमानतमूढ़ताअभिमेारि । किएसहितसनेहजे अघ हृदय राखैचेारि । संगबसकियेशुभसुनायेसकलेाकनिहेारि । करौं जेाकछुधरौंसचिपचिसुकृतशिलाबटेारि । पैठिउरबरबश दया निधिदम्भलेतअंजेारि । लेाभमनहिंनचावकपि ज्यौंगरेंआसा डेारि । बातकहेांबनायबुधज्योंबर बिरागनिचेारि । इतेहूंपर तुम्हरेाकहावतलाजअंचईघेारि । निलजतामरीझिरघुवरदेइ तुलसिहिछेारि ॥ १५८ ॥

टी०। अपने संसार कलेस हेाबेमों मनकी निन्दगी हेतुहै प्रभुको दोषनहीं यह कहतहैं आप औरन्हकौं सिखावतहैं औरन्हकौं सिखायौ आपनहींमानत जैन पाप कायमन बचनतें किये सेा हृदय मे चेाराइरखनेा काहूके संगबस जेा किञ्चित शुभकार्य किये तौ लेागन्हको निहेारिकरि सुनावनेा ऐसी टेढ़ो बुद्धिमेरी जेाकिञ्चित् शुभक्रिया करतहौं ताको सचिपचि नाम बड़ेयत्न करि हृदय विषे

धरतहौं सुकृत जो पुण्य सेा शीलानाम खेतको पड्यो जेा दानातांकौं बीनिकरि एकठौर करनेा तेहतुल्य जेा पुण्य बटोस्यो अर्थात् थोड़ा ताहूकौं दंभ जेा पाखण्डसेा हृदयमो पैठिबरबस नाम हठकरि अंजेारिनाम खेाजिलेतहै अर्थात् जोऊ किञ्चित् पुण्यकिये सेा दंभ ते नाशहेातहै बन्दरसमान आसारूप डेारीते बांधिकरि लेाभनचावत है पर बातबनायकरि पण्डितकीनाईं श्रेष्ठजेा वैराग्य ताकौंनिचेारि नाम सारांशरूप कहतहौं इतनेदेाषन्हके पाचहेाकरि तबहूं तुम्हारेा कहावतहूं तेा हे प्रभु लाजकौं घेारिपिये सेा अबनिर्लज्जताकेऊपर रीझिकरि हे रघुवर मेाकौं संसार बन्धनतें छेाड़ायदेव अर्थात् प्राकृत राजा सब भांड़ अरुबज्रुरूपीके ऊपर प्रसन्नहेाकरि अयाची करिदेत हैं तैसे हम जो निर्लज्जभये तेा त्रैलेाक्यनाथ तुलसीकेा संसार छेाड़ायदेत निर्लज्जहेाकरि नाचबेकेायही इनामहै अरुऐसेा जीव निर्लज्ज नकलकरि रिझावनेवाले भी महाराजन्ह की सभामें रहतहैं अन्यच इनकीसमाईनहीं ऐसेा बूझिकरि रीझेा तथा शरण देव यह विनय है ॥ १५८ ॥

मू० । हैप्रभुमेरेाईसबदेाषु । शीलसिन्धुजनपालनाथअनाथआरतपेाषु।
बेषबचनविरागमन अघअवगुणनिकेाकेासु । रामप्रीति प्रतीति पेालेाकपटकरतबढ़ोसु । रागरङ्गकुसङ्गहीसौं साधुसङ्गनिरेासु ।
चहतकेहरिजसहिसेदृढ़गालब्यौंखरगेासु । शंभु सिखवनरसनिहूनितरामनामहिंघेासु । दंभडंकलिनामकुञ्जजशेाचसागरसेासु । मेादमङ्गल मूलअतिअनकूलनिजनिरयेासु । रामनामप्रभावसुनितुलसिकुंसरमसन्तेासु ॥ १५९ ॥

टी० । यद्यपि मेरेा सब दोष है तथापि अपनी ओर देखि पेासु नाम पालन करेा हे प्रभु अपनेा दोष देखावत हैं बेष बचन मेा तेा वैराग्य है अरु मन पाप तथा नाना औगुण केा केासु नाम भण्डार है तथा रामजू विषें प्रीति प्रतीति तेा पेालेानाम अबल अरु कपट को करतब ठोसुनाम जबरकुसङ्ग विषेंप्रीति करि रंगैहैं। साधुसङ्गति मेा रोसुनाम क्रोध हेातहै सेा कैसी मेरी अज्ञताहै कि जैसे सिंहके यशकेा खरगेाशनाम लमहाचाहै शृगालकेा सेवनकरि अर्थात्लमहा सदृश जों मैं शृगाल तुल्यकुसङ्ग जेा संसारी जीवन्हकेा सङ्ग तेहिकरि

सिंहरूप जोभगवत् भक्तताकेयशको चाहतहैं तौ मृगालते लमहा कब बचैगो अर्थात् यश प्राप्ति की कामना तोरही अपनेा बचनेा ही दुर्घटहै शिवजूकी शिक्षा है जीव प्रतिकि जिह्वातें नितिप्रतिरामको घोसुनामघोखु अर्थात् कहतरहुका है कि दम्भछकरि कलिकालविषे नामरूप अगस्त्यको च रूप समुद्रको सोसुनाम सोखतहैं सोरामनाम मोदमङ्गल कोमूलहै अरु निजनाम अपनेा जोभक्त तेहिपर सानुकूल निरजोसुनामणाको महिमा बेजोख अर्थात् बेप्रमाण है यह प्रभाव रामनामको सिद्धान्ततें सुनिकरि तुलसीकोभी परमसन्तोष होतहै अर्थात् हेभगवन् आपके नामको अवलम्ब है ॥ १५९ ॥

मू०। मैंहरिपतितपावनसुने। मैंपततुमपतितपावनदोऊबानिक बने। व्याधगणिकागजअजामिलसाखिनिगमनिभने। औरअधमअनेकतारेजातकापैगने। जानिनामअजानिलीन्हेंनरकयमपुर मने। दासतुलसीशरणआयोराखियेआपने ॥ १६० ॥

टी०। स्वामीते अपनेा सम्बन्ध देखावतहैं बानकनाम बाना यह संबंध करि और उनको कल्याण भयोहै सेा कहिकरि जनावत हैं काहू प्रकार जानिकरि महिमा अथवा अजान ग्रहणकरे तेा यम लोकके जो नरकादि सेामने होत हैं यह बिचारि तुलसी आपके सम्मुख आयो है अपने शरणमेा राखेा हे रघुवर ॥ १६० ॥

मू०। तोमेाप्रभुजौपैकहूंकोचहेातेा। तौसहिनिरादरनिशिदिनरटै लटिऐसेाघटिकेातेा। कृपासुधाजलदानमानिबेाकहेसेासांच निबेातेा। स्वातिसनेहसलिलसुखचाहतचितचातकसेापोतेा। कालकर्मबशमनकुमनेारथकबहुंकबहुंकछुभेातेा। ज्यौंसुदमय बसिमीनबारितजिऊछरिभरिजेतगेातेा। जितेादुराबदास तुलसी उरक्योंकहि आवतओतेा। तेरेा जरायदशरथकेलयेम-येबिनुजेातेा ॥ १६१ ॥

टी०। चेतकहेा कि आरके शरणमे।तेा हेप्रभुजो आपऐसेा स्वामी कोऊदूसरेा कहूं नाम काहूस्थानमेा होतेातौनिपट निरादरतासहि करि राचि दिवस रटिरटि लटतहेां सेा ऐसेा कौन घटतीरही अर्थात् जबदूसरेा कोऊनहीं तब दरवाजेपर पड़िकरि यह तिरस्कार सहतहौं कृपारूप अमृत तुल्य जेा जलताके दानकेदाता आपहैा मैं

जोकहतहौं सोतो सांचनि मानिबो नाथसत्यकरि जानोस्नेह तुम्हारे चरणको सोई स्वातीनक्षत्र स्नेहकरि जोसुख सोजलतुल्य ताकोंमेरो चितरूप जो चातकको पोतनामबालक सो चाहतहै अर्थात् प्रपीहा कीनिष्ठामेरे चित्तनेग्रहण कियोहै आपकेचरणके अनुराग बिनादूसरो जीवन नहीहै बालकके ताकोयह तात्पर्य्यहै कि प्रबल जो पपीहा सोस्वातीके जलनहीं मिलेतें कोईदिन जीवैभी परबालकको शरीर नाशहोते देरनहींऐसो बिचारि अब ढीलमतिकरो कालकर्मके बश मनकोकुत्सित मनोरथकछूंकछु भोतोनाम होतहै अर्थात् पूर्वपपीहाकोनिष्ठा कहेतेहितें विपर्य्यबुद्धि कालादिके प्रबलताकरि कबछूंहोतिहै ताकोंदृष्टान्त देकरिदेखावतहैं कि जैतेंआनन्द अरुभयतें केवलमछली जलत्यागिकरिउछलेहै फेरिभयभरिनाम डरिकरिगोतो लेतिहै अर्थात् जलकेभीतर आनन्दकरेहै कबहूंअति आनन्दतेंउछलि करिबाहरपड़ीतो फेरिभयतें डूबिजातिहै तैसेंहमपपीहाकी निष्ठा ग्रहणकरि सुखीरहतहैं कबहूंकुत्सित मनोरथकों उदयहै आवतहै सोईमछलीको उछलिकरि बाहरआवनोभयो फेरज्योंमछली डरि करि डूबिजातिहैतथामैंहूं कुत्सितमनोरथको त्यागकरि फेर अपने निष्ठाको ग्रहणकरतहौं यहसमताहै जितनोदुराउनाम कपट तुलसी दासके हृदयबोहै उतनो क्योंकरि कह्योजाय अर्थात् अधमता मेरी अनन्तहै तथापि यहविश्वासहै कि तुम्हारे राज्यबिषे हेमहाराज दशरथके पुत्रबिना जातेबो ये प्रजा सबखेत काटिलेतहैं अर्थात् आप के प्रभावतें साधन रहित जो जीवसोऊ फलकेभोक्ता होतहैं मोको येही आशहै ॥ १९१ ॥

मू०। ऐसेको उदारजगमाहीं। बिनसेवाजोद्रवैदीनपररामसरिस कोउनाहीं। जोगतियोग बिरागयतन करिनहिं पावतमुनि ज्ञानी। सोगतिदेत गीधश्वरी कहंप्रभुनछत जियजानी। जोसंपतिदश शीशसाधिकरिरावणशिवपहंलीन्हीं। सोसम्पदा बिभीषणकहं अतिसकुचसहित हरिदीन्हीं। तुलसिदाससब भांतिसकलसुखजोंचाहसिमनमेरो। तौभजुरामकामसब पूरणकरैकृपानिधितेरो ॥ १९२ ॥

टी०। श्रीरामजू सदृशउदार दाता कोउनहीं यहमनको उपदेश

करतहैं पूर्व कह्यौ जो उदारता ताको विचारि करि सब प्रकारते सकल सुखको जो चाहतहै रेमेरेमनतो रामजूकोभजु सब कामना तेरी पूर्ण करेंगे काहे कि कृपाके समुद्र हैं विमुख तोको न करेंगे ऐसो प्रतीतिकरु ॥ १६२ ॥

मू०। एकदानिशिरोमणिसांचो। जहंयांच्योसोदृयाचकताबसिफिरिबहुनाचननाच्यो। सबखारथीअसुरसुरनरमुनि कोउनदेत बिनपाये। कोशलपाल कृपालकल्पतरुबंछित सबयहिरनाये। हरिहूंऔरअवतारआपनेराखीवेदबड़ाई। लैचिंतरानिधि दई सुदामहियदपिबालमिताई। कपिशबरीसुग्रीवविभीषण कोको नकियोअयाची। अबतुलसिहिदुखदेतदयानिधिदारुणआसपिशाची ॥ १६३ ॥

टी०। दानिन्हको शिरोमुषण एक सांचो धीरघुबर हैं तेहिको जेहि जीवने याच्यो सो याचकता के बसफेरि बहुत नाच न नाच्यो नाम अनेकन्हतें याचना नकियो अर्थात् रघुबरके यातेंते आपदानी होतहै तब औरनतें काहेको याचै और जो देवादि तेहितें रघुबर के दानको परत्व कहतहैं पहिले तुमसो और देवतन्हतें परत्वकह्यो अब अन्य भगवत अवतारन्हतें भी श्रेष्ठ कहतहैं कि हरि जो विष्णु सो औरे अपने अवतार विषे वेदकी बड़ाई राखीनाम किये व्यतिरेक जीवन पावे है जो देत है सोई लेत है यहवेद मर्य्याद है ताको देखावत हैं कि यद्यपि बाल्य की मित्रता तथापि कृष्णचन्द्र स्वामी सुदामाको निधि नाम सर्व ऐश्वर्यदईपर वेदमर्य्याद रखबेके निमित्त चरालैकरि अब धीरघुबरको उदारता कहतहैं कपिजो सामान्यतें सबबानरको कोकोनाम कौन २ को अयाचो न कियो अर्थात् कोल भील अरु अयोध्याके सबप्रजा तथा सब अवतारन तें अधिक उदारताको मुख्यहेतु अहल्याहै कि जड़ता बस जाने एकबार प्रणामऊं न करी ऐसी उदारता कहि करि अब अपनी विनय करत हैं कि तुलसीकी कठिनजो आशारूप पिशाची सोदुखदेतिहै हे दयानिधि यह चुड़ैलको छोड़ावो ॥ १६३ ॥

मू०। जानतप्रीतिरीतिरघुराई। नातेसबहातेकरिराखतरामसनेह सगाई। नेहनिबाहि देहतजि दशरथ कीरति अचलचलाई।

ऐसेहुंपितुतेंअधिक गिद्धपरममता गुणगरुआई। तियबिरही सुग्रीवसखालखिप्राणप्रिया बिसराई। रणपरस्योबंधुबिभीषण घरीकोशोचहृदयअधिकाई। घरगुरुगृहप्रियसदनसासुरेभरुजन जहंपङ्गनाई। तबतहंकहेशबरीफलनकीरुचिमाधुरीनपाई। सहजस्वरूपकथासुनिवर्णतरहत सकुचिगिरनाई। केवटमीत कहतसुखमानतबानरबंधुबड़ाई। प्रेमकनौड़ोरामसोप्रभुचिभु-अनतिहुंकालनभाई। तेरोरिनीहोंकह्योकपीशसौं ऐसीमानि हैकोसेवकाई। तुलसीरामसनेहशील लखिजैं नभक्तउरआई। तौतोहिजन्मिजायजननीजड़तनतरुणतागंवाई॥ १९४॥

टी०। प्रीतिकी रीतितो केवल श्रीरामजू जानत हैं सबनातेंको हातेनाम त्यागकरि केवल स्नेहकी सगाई नाम नाता राखत हैं पूर्वकह्योजोस्वामीकोस्वभाव सोप्रमाणदैकरि दृढ़करतहैं सुग्रीवकोजो बिरहीजानिकरि प्राणप्रिया जो श्रीजनकनन्दिनी महारानी ताकौं बिसरण कियेअर्थात् चारि महीना प्रस्रवण पर्वत के ऊपर केवल सुग्रीव के सुख देवेके निमित्त रहे तथा लक्ष्मणजू को शक्तिलगी तब बिभीषण को शोचकरत भये अपनो घर जेहघरके ऐश्वर्य्यकौं देखि इन्द्रादि सिहातहैं गुरुजो वशिष्ठजू साक्षात् ब्रह्माके पुत्र अरुन्धरमे-श्वरके गुरू ताके गृहमो जहां अष्टसिद्ध नवनिधि दासी ह्वै करि रहतिहैं तथा प्रियमन्दिर सासुरेनाम ससुरादिको जहां महाराज जनकजू विद्यमान जाके हाथमोभोग दोऊलोक तहांतहां जब पङ्ग-नाईभई अर्थात् सामान्य मनुष्यन्हके पङ्गनामो विशेषभोजन होतहै तहां त्रैलोक्यनाथ के पङ्गनाई को भोजनकौं को कहिसके पर तहां तहां तौने भोजनके समय यही कहतभये कि जो रुचिअरु जोमाधुरी शबरी के बैरनमो मिली सो नहीं प्रेम परवसताको यह अवधि है जाको सहज स्वरूपनाम सतचित् आनन्दस्वरूप की कथा बामै बार्ता सुनि सबबखानकरत सकुचकरि भाषनवाय बहतहैं अर्थात् मनबुद्धि बानीते अगोचर जानतहैं सोई रघुवर केवटकेमित्र कहेते सुखमा-नतहैं बानर जो सुग्रीवतकेभाई कहेते अपनी बड़ाई बूझतहैंमहा-वीरके रिनीभये इन हेतुन्हकरि केवल प्रेमते कनौड़ौं नाम परवस होनो यह स्वभाव अद्वितीय सो रामजू ऐसे रामजूहैं दूसरो नहीं

तुलसी कहत हैं कि रामजूको शील सनेह लखि नाम जानिऊकरि जो भक्ति हृदय मेा न आई तौ रेजड़ जीवतेा केा जनमि नाम उत्पन्न करि जायनाम व्यर्थ माताने अपने शरीरकी जवानी खेाईहै अर्थात् व्यर्थ जन्म भयो ॥ १६४ ॥

मू० । रघुवररावरियहैबड़ाई । निदरि गनीआदरगरीबपरकरतकृपा अधिकाई । यकेहैबसाधनअनेककरिसपनेहुंनहिंदईदिखाई । केवटकुटिलभालुकपिकौनपकियोसकुलतंगभाई । मिलिसुनि हृन्दफिरतदण्डकबनशेाचरचौनचलाई । बारहिबारगीधघवरी कीबरनतप्रीतिसुहाई । स्वानकहेतेकियेंपुरबाहरतजोगयन्द चढ़ाई । सियनिन्दकमतिमन्दप्रजारजनिजनयनगरबसाई । यहदरबारदीनकेाआदरीतिसदाचलिआई । दीनदयालदीन तुलसीकीकाहुनसुरतकराई ॥ १६५ ॥

टी० । हेरघुवर तुम्हारी इहै बड़ाईहै कि गनी जोतालेवर ताको निरादर गरीब को आदर करि अधिक कृपा करनेा पूर्व कह्यौ जो गरीबनेवाजी करतहैं ताको प्रणाम दैकरि दृढ़ करतहैं कौनप नाम निशचर गरीबनेवाजी विषें गिद्ध घवरी को प्रसङ्ग अवधि है स्वानजती अरु प्रजारज नाम धेाबी जो प्रजा ताको प्रसङ्ग पीछे लिखि आये हैं ऐसऊको निज नाम अपनेा नय नाम नवीनता नगर तामेा बसायो सर्वथा इसदरबार विषें दीन जीवन्ह को आदर करनेा यह रीति चलिआईहै तहां मेा निरादर होतहै हेदीनदयाल सेा ऐसेा बूझि पड़ै है कि दीन जो तुलसी ताको सुधित नाम यादि आपकौ काहू ने न कराई है ॥ १६५ ॥

मू० । ऐसेरामदीनहितकारी । अतिकेामलकरुणानिधानबिनुकारण परउपकारी । साधनहीनदीननिजअघबसशिलाभईमुनिनारी । गृहतेगवनिपरमिपदपावनघोरआपतेतारी । हिंसारतनिषाद तामसबपुपशुसमानबनचारी । भेण्यौहृदयलगायप्रेमबसनहिं कुलजातिबिचारी । यद्यपिद्रोहकियोसुरपतिसुतकहिनजाय अतिभारी । सकललोकअवलेाकिशेाकहतशरणगयेभयटारी । विहङ्गयोनिआमिखअहारपरगीधकवनव्रतधारी । जनकसमान क्रियाताकीनिजकरसबविधिसंवारी । अधमजातिशबरीयोषि-

तथाठलोकवेदतेन्यारी। जानिप्रीतिदैदरशकृपानिधिसेाउरघु-
नाथधारी। कपिसुग्रीव बन्धुभयव्याकुलआयोशरणपुकारी।
सङ्गिनसकेदारुणदुखजनकेहत्योबालिसहिगारी। रिपुकोबन्धु
विभीषणनिशिचरकोनभजनअधिकारी।शरणगयेआगेहैलीन्हौं
भेग्यौभुजापसारी। अशुभहोइजिन्हकेसुमिरनतेवानररीछबि-
कारी। वेदविदितपावनकियतेसबमहिमानाथतुम्हारी। कहं
लगिकहौंदीनअगणितजिन्हकीतुमविपतिनिवारी। कलिमल
ग्रसितदासतुलसीपरकाहेकृपाबिसारी॥ १६६॥

टी०। पूर्व कह्योजो स्वामीको स्वभाव वाहीको अनेक हेतुते पुष्ट करतहैं बिनु कारण नाम जीव की कर्तव्यता विना उपकार करनेा प्रथिजे तुकमेा बिनु कारण कृतार्थ करनेा कहे तामेा अहल्या मुख्य प्रमाणहै कि जाने एकबार प्रमाणऊ न करी काहे कि पषान कौन कर्तव्यता करे तेहि को आपै जायकरि कृतार्थ किये यह तुक मेा प्रीतिकी पर बसता देखाये जयन्त सकल लोकमेा भागिकरि गयो तब पिता जेा इन्द्र ताके निकट आयो रामजूको द्रोही बूझि इन्द्रऊ नहीं राखिसके तब चाहि २ करि नारदजीके उपदेशतें शरणभयो शेाकतें हत नाम नष्ट रह्यो ताको भय दूरि किये यह प्रसङ्ग करि शरणागत रक्षकत्व देखाय तहां चेत ऐसेा संदेह होय कि शरण भये पर आंखि फोडनेा यह उत्तम धर्म नहींहै ताको यह हेतुहै कि प्रथम बाणछूटिचुक्यौ पश्चात् शरणभयौ तौ ऐसेा शास्त्रको सम्मत है कि भगवान को अस्त्रशस्त्र निःफल नहींहोत यह हेतुते एकनेच भङ्ग करि अपने शस्त्रके महिमाकों रखिकरिरक्षाकिये तथा शास्त्रकेसम्मत करि ऐसेा निश्चयहोतहै कि भगवान प्रतिअपराध जेा जीवकरे सेा विनादण्ड क्षमाकरतहैं पर भक्तन्हके अपराधकौं जोकरे तौदण्डबिना माफ नहींकरते सेा जानकीमहाराणी साक्षात् लक्ष्मीपादसेवनभक्ति की मुख्य अधिकारी ताकेचरणमों चोंचमारि रक्तबहायो तेहिदुष्टको इतनेादण्ड परमअनुग्रहहै मांसभक्षणकरि हिंसाहोतहैसेाहिंसासर्व पापको मूलहै यह गृद्धके प्रसंगकरि अधमोद्धारण बाना जनाये पर नाम तत्पर एकतेा जाति अधम दूसरे शबरी स्त्रीमाच जेा अशुचिरूप काहे कि स्त्री शूद्रकनहीं नहींहोति तीसरे अठनाम स्त्रीमाचको स-

सुझनहीं विशेषतें नीचजाति को स्त्रीकौं ग्रहता स्वाभाविक है औरे लोकवेदतें न्यारोनाम बाहर अर्थात् लोकमें जो स्पर्श करे तोस्नानादि क्रियाकरि शुद्ध होय तथा वेदऊ निन्दा करे हैं तेह शबरीको कृतार्थ किये दर्शनदैकेवल प्रीति अपने विषय जानिकर यह प्रसंगतें पतित पावन जो बाना ताको निश्चय किये सुग्रीव के अर्थ बालीको मार्यो गालीसहिकरि अर्थात् बाणलगे पीछे उक्त दुर्वचन बाली कह्यो हैतथा ओटमें ह्वैकरि मारे यह क्षत्रीको धर्म नहीं लोकवेद देऊ मोनिन्दा हैतहां यह संदेह होतहै कि ईश्वर सर्व सामर्थ्य युक्तसे ऐसो अधर्म काहे किये तामें यह हेतुहै कि बालीको मुनिको वरदान रह्यो कि जो कोऊ अचुसम्मुख आवे ताको बल बालीमें प्राप्त होय तेहि हेतु अपने निन्दाको स्वीकारकिये पर मुनिजो अपने भक्तताके वरदानको मिथ्या न किये तथा स्वामी यह विचारे कि मेरे दर्शन भये जीवको अज्ञान नहीं रहत तो सन्मुखभये बालीजौं शरणहोतो पूर्वसुग्रीवतें बालीके वधको प्रतिज्ञाकिये सो मिथ्याहोय मेरीप्रतिज्ञाके मिथ्या भय जगतको नाश होय तथा क्षत्रीको शिकार खेलनोधर्महै तेहि शिकार मोसबंदा आड़ लैकरि पशुमार्यो जातहै तेहिते मोको अधर्म नहीं इन हेतुन्हतें ओट ह्वै करि बाली को मारे तथा यह संदेह होय है कि अपनो कार्य रावणादि को वधमें परिश्रम रहित बाली करत तब बालीकौं छोड़ सुग्रीवको क्यों ग्रहण किये तामें यहहेतु है कि बालीके ग्रहण किये दीन बंधुता अपनी नहीं रहत तथा सुग्रीव तें स्वामीको संबन्ध है काहे कि सूर्यके पुत्र हैं अरु स्वामी को अवतार सूर्यवंश विषे भयो तो अपनो गोत्र त्यागकरि औरको ग्रहण करनो केवल अपने मतलबके वास्ते यह धर्मशास्त्र विरुद्धहै यह हेतुन्ह करि सुग्रीवको शरण दिये यह प्रसंग करि अशरण बाना विदित किये अब विभीषणके प्रसंग करि अरु समुदाय तें वानर भालु मांच तो विकार रूप तेहि सबके कृतार्थ कियेतें दीनबंधुता निश्चयकिये एतने कौं गनायकरि कहत हैं कि असंख्य दीन जीवन्ह को आप विपत्ति दूरिकिये सो कितनेा बड़ें मतरूप जो कलिकाल सो तुलसीदासको ग्रास करत है तेहि पर काहे आप कृपाको बिसारे यहनहीं बूझि पड़त सो ऐसो न चहिये यह पद अक्षरार्थ करि सुलभ है तेहि

तें छोड़ि करि तुक्कन्ह को अभिप्राय मात्र लिखे प्रथम ॥ १६६ ॥

मू०। रघुपतिभक्ति करतकठिनाई। कहतसुगमकरनीअपारजानेसोइ जेहिबनिआई। जो जेहिकलाकुशलताकहंसोइसुलभसदासुखकारी। सफरीसन्मुख जलप्रवाहसुरसरीहहै गजभारी। ज्यौं सर्करामिलैसिकतामहंबलतेंनकोउ बिलगावै। अति रसज्ञासूक्ष्मपिपीलिकाबिनुप्रयासहीपावै। सकलदृश्यनिजउदरमेलि सोवैनिद्रातजियोगी। सोइहरिपदअनुभवापरमसुखअतिशय द्वैतवियोगी। सोकमोहभयहर्षदिवसनिशिदेशकालतहंनाहीं तुलसिदासएहिदशाहीनसंशयनिरमूलनजाहीं ॥ १६७ ॥

टी०। रामजू की भक्ति करते बड़ी कठिनताई है तहां सन्देह होत है कि अनेक प्रसंगमें भक्तिको सुलभ कहे यहां कठिनकहत हैं सो कैसे बनै ताको समाधान अगिले तुकतें कहत हैं कि कथन मात्र में सुगमहै पै भक्तिकी कर्तव्यता अत्यन्त अपार है सोई जाने जेहि तें बनिआई अर्थात् कल्याण जीवको भक्तितें सुलभ करिहोत है काहे कि नामोच्चारणादिभक्तिको अंगहै तेहितें जीवको कल्याण वेदशास्त्र गावैहै यहितें सुलभकहत हैं अरु भक्तिके जिज्ञासुको कर्तव्यता समुझ अत्यन्तदुष्करहै तेहितें कठिन है अब दूसरो समाधान करतहैं जो जैनेकालमें प्रवीण ह्वैगयो ताकोसो सुलभहै अरु सर्वदा सुखकारी है तामें दृष्टान्त देतहैं कि सफरी जो छोटी मछलीधारा के सन्मुख चलति है बड़ो उन्मत्त हाथी अति प्रबल सो गंगाजू में बहिजात हैं अब तेहि समाधानमें दूसरो दृष्टान्त देतहैं जैसेशर्करा नाम चीनी सिकता जो बालू तामें मिलिजायतो बलतेंनाम कैसऊ बलवान होय परबिलगन करिसकै और अतिरसकी जानने वाली सूक्ष्म जो पिपीलिका नाम चिउंटी सो बेपरिश्रम पावेहै तैसेजाको श्रीभक्ति महारानी प्राप्तह्वैचुकी ताको सुलभहै और जेहिको प्राप्त नहीं तेहिकों कठिन जानि पड़तहै अर्थात् अधिकारी भेदतें कठिन सुलभ दोऊ कहतहैं अब समाप्त पर्यन्त सिद्धाभक्तिको स्वरूप कहतहैं सकल दृश्य जो जगत सो अपने उदरमें मेलिनाम प्रवेश करिसोवै पर निद्रात्याग करि ऐसो जो योगी अरु अतिशय करि द्वैत बुद्धितें वियोग याकों सोई भगवत् पद परम सुखरूप ताको अनुभव करेहै

अन्यनहीं अर्थात् उदर तुल्य विचार तामें परमेश्वर तें भिन्न दूसरो पदार्थ कछु नहीं यह निश्चय सोई मेल न करनेभयो निद्रात्याग करि सेावनेा कह्यौ ताको यह अभिप्राय है कि निर्विकल्पक जेा समाधि यामो द्वैतबुद्धिको नाशहैसोई सेावनेा तुल्य तेहि अवस्थामें प्राकृत निद्राको अभावहै यहहेतुतें निद्रा तजि कहे सेायौकह्यौसेा सुखुप्ति अरु समाधि दोऊमो द्वैतबुद्धिको लयहै तेहितेंसेायबेको समताभयो तहां सुखुप्तिविषैं यद्यपि द्वैतबुद्धि नहींरहति तद्यपि तमोगुण को आधिक्यहै अरु समाधिविषैं अद्वैत निष्ठाप्रधान है अर्थात् समाधि सुखुप्तिसदृश जाग्रतविषैं जब अचल निष्ठाहेाय कि परमेश्वर तें भिन्न दूसरीवस्तु कछु तीनोंकालमो नहींहै तब भगवत्पद पर म सुखरूप प्राप्त होतहै ताकों सिद्धाभक्ति कहिये यह अर्थहै कह्यौ जेा सिद्धाभक्ति ताको स्वरूप देखावतहैं कि तेहि निष्ठामो शेाकादि को बिभाग नहींरहत अर्थात् जब दूसरी वस्तु नहीं तेा बिभाग केहको हेायतुलसीदास कहत हैं कि पूर्वकह्यौ जेादशा तेहिबिना निर्मूल संसाररूप संशय नहींजात यह सिद्धान्त है ॥ १६७ ॥

मू० । जौ पैं रामचरणरतिहोती। तौ कतचिबिधिशूलनिशिवासरसहतेविपतिनिसेाती। जेा सन्तोषसुधानिशिवासर सपनेहुं कबहुंकपावै। तौ कतविषयबिलेाकिझूठजल मनकुरङ्ग ज्यौंधावै। जौ श्रीपतिमहिमाविचारिचरभजतेभावबढ़ाये। तौ कत द्वारद्वार कूकरज्यौंफिरतेपेटखलाये। जेलेाभुपभयेदासआशकेतेसबहीके चेरे। प्रभु विश्वासआशगीतोजिन्हतेसेवकहरिकेरे। नहिं एकौ आचरणभजनको विनयकरतहौं ताते। कीजैकृपा दासतुलसी परनाथनामकेनाते ॥ १६८ ॥

टी० । अब भक्ति प्राप्तिको लक्षण कहतहैं कि जेा ये श्रीरामजू के चरण विषैं प्रीतिहोती तेा काहेको दिनराति विपत्ति की निसेाती नाम प्रवाह तेहिकरि त्रिबिधि शूल सहते जेा सन्तोष रूपी अमृत रातिदिनमों कबहुं स्वप्नमोभी पावै तेा काहेको विषय जेा झूठजल नाम मृगतुल्य ताकों देखि यहमन हरिणकी नाईं दौड़े इहांउहांर२ सदृश लेाकिक पारलेाकिक नानासाधन यावत् जगत् सम्बन्धी विषयादि सुखकी आशा लगीहै तावत् भगवत् दासहेानेकी प्रतीतिनहीं

काहे कि समस्त जगत् कोदास बन्योहै जब तेहिआशाकौं जीते तब भगवत् दास होय सोलुपनाम चञ्चल केवल नामके नाताकरि कृपा करो यह बिनयहै ॥ १६८ ॥

मू० । जेमेाहिंराम लागते मीठे । तौंनवरसषटरसरस अमरस ह्वै जातेसबसीठे । बञ्चक विषय बिबिधितनधरि अनुभयेसुनेअरु डीठे । यहजानतहैं हृदयआपनेसपने नअघाइ उबीठे । तुलसिदासप्रभुसौं एकहिबल बचनकहतअति ढीठे । नाम किलाज रामकरुणाकरिकेहिनदियेकरिचीठे ॥ १६९ ॥

टी० । फेरि पूर्वपद के सिद्धान्तकों दृढ़ करतहैं जेा मेाकों रामजू मीठे लगते तौ नवरस जेा शृंगार करुणा शान्त विभत्स भयानक रौद्रवीर हास्य अद्भुत सेा प्राकृत मनुष्य सम्बन्धी अरु षट्रस जेा कटु अम्ललवण तिक्त कषाय मधुर यह जो छवेारस भगवत् निवेदत तें भिन्न तामें रसमानि रह्योहै सेा रस रहित ह्वैकरि सीठेनाम सीठीह्वै जाते अर्थात् मन एक जो विषयमें अनुराग भयौतौ परमेश्वर विषय प्रीतिको करै यह संसार सम्बन्धी जितने विषयहैं सेा बंचक नाम ठगहैं अर्थात् जीवके ज्ञानादि ऐश्वर्यकों हरणकरतहैं यह बिबिधि तन धरिनाम जैसे२ कर्मकिये तैसे२ शरीर धरिकरि अनुभव आपऊ किये अरु सज्जनन्हके मुखकरि सुने तथा दीठे नाम प्रत्यक्ष देखे की विषय सम्बन्ध करि केवल दुखय भेाग होत है यह जानिउ करि अपने हृदयते स्वप्नजेां तेह विषतें तृप्ति होकरि मन उबर्यौ नहीं अपनेमें कोऊ लक्षण आपके शरणमेा रहवेयेाग्य नहीं है पर तुलसीदास प्रभुसौं एकै बलकरि ढीठ ह्वै बचन कहत है कि अपने नामकी लाजकरि हे नाथकरुणा करि केहकों संसार रूप बंधनतें आपछूटबे की चिट्ठी न करिदिये अर्थात् यह लेाकमें प्रसिद्ध है कि जहां २ हाकिम की चौकी रहति है तहांतें चिट्ठी भये व्यतिरेक आगें नहीं जाने पावत जब हाकिमके ओरतें छुट्टी की चिट्ठी होति है तब कोऊ नहीं रोकत तद्वत् ॥ १६९ ॥

मू० । यौंमनकबहुंतुमहिं न लाग्यौ । ज्यौंछलछाड़ि सुभावनिरन्तर रहितविषयअनुराग्यौ । जौंचितईपरनारिसुनेपातकप्रपञ्चघर घरके । त्यौंनसाधुसुरसरितरङ्ग निर्मलगुण गुणरघुवरके । जौं

नासासुगन्धरसबसरसनाषट्रसरतिमानी । रामप्रसाद म.ल
जूठनलगि त्यौंन लालकिललचानी । चन्दनचन्दवदनि भूषणपट
ज्यौंचरणांबरपरख्यौ । त्यौंरघुपतिपदपद्मपरसकौं तन पातकी
नतरख्यै । ज्यौंसबभांतिकुदेवकुठाकुरसेवैपुबचनहियेहूं । त्यौं
नरामसकृतत्रासेसकुचतसकृतप्रणामकियेहूं । चञ्चलचरणलाभ
लगिलोलुपद्वारद्वारजगबागे । रामसीयआश्रम न चलतसपने
नसमेयमितअभागे । सकलअङ्गपदविमुखनाथसुखनामकीओट
लईहै । हैतुलसिहिपरतीतिएकप्रभुमूरतिकृपामयहै ॥ १७० ॥

